RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 11 अंक 266
नई दिल्ली, बुधवार, 2 अगस्त, 2023
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

पायनियर

www.dailypioneer.com

भारत की जी-20 अध्यक्षता बड़ा बदलाव लेकर आई

राष्ट्रीय-11

नूंह से भड़की हिंसा गुरुग्राम तक पहुंची

मस्जिद पर हमले में इमाम की मौत, भीड़ ने भोजनालय में आग लगाई गई, हरियाणा में हिंसा में मरने वालों की संख्या पांच हुई

- नूंह जिले में कर्फ्यू लागू, प्रदेश के गृह मंत्री का आरोप, हिंसा साजिश के तहत की गई
- हिंसा में घायल हुए 23 लोगों में 10 पुलिसकर्मी शामिल, जिले में 11 प्राथमिकी दर्ज, 27 को हिरासत में लिया
- शांति समिति की बैठकें हुईं और लोगों ने प्रशासन को शांति बनाए रखने का आश्वासन दिया

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम/चंडीगढ़

गुरुग्राम में मंगलवार को उपद्रवियों द्वारा जलाई गई दुकान और अस्थायी ढांचे।

नूंह से भड़की हिंसा गुरुग्राम तक फैल गई। यहां पर भीड़ द्वारा एक मस्जिद पर किए गए हमले में इसके नायब इमाम की मौत हो गई और इसी के साथ हरियाणा के नूंह जिले में विश्व हिंदू परिषद (विहिप) की यात्रा को रोकने की कोशिश करने पर भड़की हिंसा में मृतक संख्या बढ़कर पांच हो गई है। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। नूंह जिले में अधिकारियों ने मंगलवार को कर्फ्यू लगा दिया। नूंह में चार लोगों की हिंसा में मौत हो गई है तथा कई अन्य लोग घायल हुए हैं। हरियाणा के गृह मंत्री ने अनिल विज ने आरोप लगाया कि यह हिंसा साजिश के तहत की गई।

पुलिस ने बताया कि नूंह से भड़की हिंसा गुरुग्राम में भी फैल गई और शहर के सेक्टर-57 में भीड़ के हमले में 26 वर्षीय इमाम की मौत हो गई तथा एक मस्जिद में आग लगा दी गई। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि भीड़ ने गोलियां चलाईं, जिसके कारण दो लोग घायल हो गए और इनमें से एक ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। अधिकारी ने बताया कि मृतक इमाम की पहचान बिहार निवासी साद के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि भीड़ आधी रात के बाद सेक्टर-57 स्थित अंजुमन मस्जिद पहुंची और कुछ लोगों ने मस्जिद में मौजूद लोगों पर गोलीबारी की तथा परिसर में आग लगा दी। एक अन्य घटना में गुरुग्राम के बादशाहपुर में दोपहर भीड़ ने एक भोजनालय में आग लगा दी और उससे सटी दुकानों में तोड़फोड़ की।

पुलिस ने बताया कि दमकल की एक टीम मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया। अधिकारियों ने कहा कि ताजा हिंसा की जानकारी मिलने के बाद पुलिस घटनास्थल पर पहुंची, लेकिन तब तक दंगाई अपनी बाइक और अन्य वाहनों पर सवार होकर फरार हो चुके थे। कुछ संदिग्धों को हिरासत में लिया गया है। नूंह में हिंसा के दौरान सोमवार को घायल हुए दो और लोगों ने दम तोड़ दिया। मृतकों की पहचान होमगार्ड नीरज और गुरसेवक तथा भादस गांव निवासी शक्ति के रूप में हुई है। हिंसा में मारे गए चौथे व्यक्ति की अभी पहचान नहीं हो (शेष पेज 9)

बड़ा षड्यंत्र, उपद्रवियों को नहीं बख्शेंगे: खट्टर

नई दिल्ली/चंडीगढ़। हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने नूंह हिंसा में किसी बड़े षड्यंत्र का अंदेशा जताते हुए मंगलवार को कहा कि इस दुर्भाग्यपूर्ण घटना में शामिल किसी भी उपद्रवी को बख्शा नहीं जाएगा। मुख्यमंत्री ने राज्य के गृह मंत्री अनिल विज के साथ नूंह की वर्तमान स्थिति का जायजा लेने के लिए शीर्ष अधिकारियों के साथ चंडीगढ़ में एक बैठक करने के बाद कहा, पूरी घटना किसी बड़े षड्यंत्र का हिस्सा लगती है। यहां जारी एक आधिकारिक विज्ञप्ति के मुताबिक, खट्टर ने कहा, घटना में नूंह क्षेत्र से बाहर के शामिल लोगों की पहचान की जा रही है। अब तक 44 प्राथमिकी दर्ज की गई है तथा 70 लोगों को (शेष पेज 9)

मणिपुर में कानून व्यवस्था ध्वस्त: कोर्ट

- शीर्ष अदालत ने डीजीपी को पेश होने के दिए निर्देश, कहा- हिंसा के मामलों की जांच बहुत सुस्त और लचर तरीके से कर रही राज्य पुलिस

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

मणिपुर की स्थिति से नाराज उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को सख्त टिप्पणी करते हुए कहा कि पूर्वोत्तर के इस राज्य में कानून-व्यवस्था एवं संवैधानिक मशीनरी पूरी तरह से ध्वस्त हो गई है। राज्य पुलिस द्वारा हिंसा के मामलों की जांच बहुत सुस्त और बहुत ही लचर तरीके से की जा रही है। शीर्ष अदालत ने राज्य के पुलिस महानिदेशक को निर्देश दिया कि सोमवार को जब वह राज्य मणिपुर से जुड़ी याचिकाओं पर सुनवाई करे तब वह व्यक्तिगत रूप से उपस्थित हों।

मणिपुर में बेलगाम जातीय हिंसा से निपटने में कानून प्रवर्तन एजेंसियों के तौर तरीके की आलोचना करते हुए न्यायालय ने कहा कि पुलिस ने कानून व्यवस्था पर से नियंत्रण खो दिया। प्रधान न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने चार मई को दो महिलाओं को निर्वस्त्र कर घुमाने वाले वीडियो को बहुत परेशान करने वाला करार दिया। इसके साथ ही पीठ ने सरकार से घटना, मामले में जीरो एफआईआर और नियमित प्राथमिकी दर्ज करने की तारीख बताने को कहा। चार मई का यह वीडियो पिछले महीने सामने आया था। शीर्ष अदालत ने जानना चाहा कि अब तक दर्ज करीब 6000 प्राथमिकियों में कितने लोगों को नामजद किया गया है और उनकी गिरफ्तारी के लिए क्या कदम उठाए गए।

प्रधान न्यायाधीश चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने मौखिक टिप्पणी करते हुए कहा कि जांच बहुत ही सुस्त है, प्राथमिकियां बहुत देरी से दर्ज की गईं और गिरफ्तारियां नहीं की गईं, बयान दर्ज नहीं किए गए। राज्य में कानून व्यवस्था और संवैधानिक मशीनरी पूरी तरह से ध्वस्त हो गई है। जातीय हिंसा से जूझ रहे मणिपुर में उस समय तनाव और बढ़ गया था जब चार मई का वह वीडियो सामने आया जिसमें एक समुदाय के कुछ लोगों की भीड़ दूसरे समुदाय की दो महिलाओं को निर्वस्त्र कर घुमाती नजर आई थी। प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ के नेतृत्व वाली पीठ ने मौखिक टिप्पणी की कि एक चीज बहुत स्पष्ट है कि वीडियो मामले में प्राथमिकी दर्ज करने में काफी देरी हुई। सुनवाई शुरू होने पर मणिपुर सरकार ने पीठ को बताया कि उसने मई में जातीय हिंसा भड़कने के बाद 6,523 प्राथमिकियां दर्ज कीं। केंद्र तथा मणिपुर सरकार की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने पीठ को बताया कि दो महिलाओं के यौन उत्पीड़न के मामले में राज्य पुलिस ने जीरो प्राथमिकी दर्ज की थी। जीरो एफआईआर न्यायाधिकार क्षेत्र से परे कहीं पर भी दर्ज कराई जा सकती है और उसे बाद में उस पुलिस थाने में जांच के लिए स्थानांतरित कर दिया जाता है जहां पर अपराध घटित हुआ था।

मेहता ने शीर्ष न्यायालय को बताया कि मणिपुर पुलिस ने वीडियो मामले में एक नाबालिग समेत सात लोगों को गिरफ्तार किया है। मेहता ने पीठ को बताया कि प्रतीत होता है कि राज्य पुलिस ने वीडियो सामने आने के बाद महिलाओं के बयान दर्ज किए। इससे पहले, मंगलवार को ही उच्चतम न्यायालय ने केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) को मणिपुर में पीड़ित महिलाओं के बयान दर्ज न करने का निर्देश देते हुए कहा कि वह इस मामले से जुड़ी कई याचिकाओं पर अपराह्न दो बजे सुनवाई करेगा। प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जे बी परदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने महिलाओं की ओर से पेश वकील निजाम पाशा (शेष पेज 9)

भीड़ ने विक्षिप्त महिला को बुरी तरह पीटा, सड़क पर घसीटा

पायनियर समाचार सेवा। जयपुर

- दीवार पर भाजपा और कमल के फूल को लेकर लिखी गई आपत्तिजनक बातों पर उत्तेजित हुए लोग

गुलाबी शहर जयपुर के कल्याण नगर में बीते 20 जुलाई को मानसिक रूप से विक्षिप्त एक महिला को सड़कों पर घुमाया गया। यही नहीं, हिंसक भीड़ ने उस पर निर्दयता से हमला किया और उसे बुरी तरह मारा-पीटा। वायरल वीडियो फुटेज में भीड़ को महिला को उसके घर से जबरन खींचते हुए और स्थानीय बाजार में उस पर भयानक हमला करते हुए देखा जा सकता है। यहां तक? कि लोग उस पर गंदा पानी डाल रहे हैं।

चौंकाने वाली बात यह है कि इस क्रूर भीड़ में पुरुष ही नहीं, महिलाएं भी बड़ी संख्या में शामिल थीं। हमलावरों ने पीड़ित असहाय महिला को लात और घूंसों से पीटा। पुलिस ने हस्तक्षेप कर किसी तरह महिला को भीड़ के चंगुल से छुड़ाया। यह घटना एक घर की दीवार पर अपमानजनक शब्द, कमल के फूल और भाजपा संदर्भ वाले बोर्ड से शुरू हुई। इस बोर्ड को देख स्थानीय लोगों का गुस्सा भड़क गया। भीड़ जबरदस्ती संबंधित घर में घुस गई और महिला को बाल पकड़कर बाहर घसीट लायी। महिला को भरे बाजार में घसीटा गया और उसके बाल खींचकर बुरी तरह मारा-पीटा गया। हालांकि फौरन ही घटना स्थल पर मालपुरा पुलिस पहुंच गई थी, लेकिन हमलावर पुलिस के सामने भी उसे पीटते-घसीटते रहे।

हिम्मत दिखाते हुए कांस्टेबल ढोली बाई और उनके सहयोगियों ने पीड़िता को भीड़ के चगुल से छुड़ाया और उसे थाने ले आई। जांच से पता चला कि पीड़ित महिला मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं से जूझ रही थी। एक सप्ताह की गहन जांच के बाद पुलिस ने इस भयावह घटना के संबंध में सात लोगों को पकड़ा है।

दिल्ली सेवा विधेयक लोकसभा में पेश

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

- राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली क्षेत्र सरकार संशोधन विधेयक 2023 समूह-ए के अधिकारियों की तैनाती से संबंधित अध्यादेश का स्थान लेगा
- विधेयक पेश किए जाने के खिलाफ सारी आपत्तियां राजनीतिक हैं, इनका कोई संवैधानिक आधार नहीं: अमित शाह

लोकसभा में मंगलवार को विवादास्पद राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली क्षेत्र सरकार संशोधन विधेयक 2023 पेश किया गया। यह विधेयक दिल्ली में समूह-ए के अधिकारियों के स्थानांतरण एवं पदस्थापना के लिए एक प्राधिकार के गठन के लिहाज से लागू अध्यादेश का स्थान लेगा।

इस विधेयक का विपक्षी सांसदों ने कड़ा विरोध किया। निचले सदन में गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने गृह मंत्री अमित शाह की ओर से विधेयक पेश किया। विधेयक पेश किए जाने का कांग्रेस के अधीर रंजन चौधरी, शशि थरूर एवं गौरव गोगोई, आरएसपी के एनके प्रेमचंद्रन, तृणमूल कांग्रेस के सौगत राय और एआईएमआईएम के असदुद्दीन औवैसी आदि ने विरोध किया। विधेयक पर लोकसभा में गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि संविधान ने सदन को संपूर्ण अधिकार दिया है कि वह दिल्ली राज्य के लिए कोई भी कानून ला सकता है। उन्होंने कहा कि उच्चतम न्यायालय के आदेश के हवाले से इसे पेश किए जाने का विरोध किया जा रहा है, लेकिन उसी आदेश के पैरा 6, पैरा 95 में शीर्ष अदालत ने स्पष्ट किया है कि संसद, दिल्ली संघ राज्य क्षेत्र के लिए कोई कानून बना सकती है।

शाह ने कहा कि विधेयक पेश किए जाने के खिलाफ सारी आपत्तियां राजनीतिक हैं और इनका कोई संवैधानिक आधार नहीं है, संसद के नियमों के तहत भी इनका कोई आधार नहीं है। इसके बाद सदन ने ध्वनिमत से विधेयक पेश किए जाने की मंजूरी दे दी। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने हाल ही में राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली क्षेत्र सरकार (संशोधन) विधेयक को स्वीकृति दी थी। यह 19 मई को केंद्र द्वारा लाए गए अध्यादेश (शेष पेज 9)

विपक्ष ने बताया संघवाद के सिद्धांतों के खिलाफ

दिल्ली सेवाओं पर विधेयक पेश किए जाने का विरोध करते हुए लोकसभा में कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी ने कहा कि वह सदन के नियमों एवं प्रक्रियाओं के नियम 72 के तहत इसका विरोध कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि संविधान की सातवीं अनुसूची के तहत सेवा संबंधी विषय राज्य के अधीन होना चाहिए, ऐसे में यह विधेयक अमल में आने पर केंद्र दिल्ली राज्य की शक्ति को ले लेगा। चौधरी ने कहा कि यह सहकारी संघवाद की कब्रगाह बनने वाला है। आरएसपी के एनके प्रेमचंद्रन ने कहा कि इस सदन को इस प्रकार का कानून बनाने की विधाई शक्ति नहीं है। यह संघवाद के सिद्धांतों के खिलाफ है और दिल्ली (शेष पेज 9)

बोलने पर धमका रही सरकार हम डरेंगे नहीं, लड़ेंगे: खड़गे

- विपक्षी गठबंधन की ओर से कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे ने सरकार पर लगाया तानाशाहीपूर्ण रवैया अपनाने का आरोप

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

ऐसा प्रतीत होता है कि सत्तारूढ़ भाजपा और विपक्षी गठबंधन इंडिया के बीच संवाद के सभी रास्ते बंद हो गए हैं। इस कारण दोनों ओर से वार-पलटवार का सिलसिला जारी है। विपक्षी गठबंधन ने मंगलवार को केंद्र के आचरण को तानाशाहीपूर्ण बताया और आरोप लगाया कि भाजपा, उसके समर्थकों और मीडिया का एक वर्ग देश में शांति, सद्भाव एवं लोकतंत्र को अस्थिर करने का प्रयास कर रहे हैं।

कांग्रेस अध्यक्ष और राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने पीठासीन अधिकारियों के माध्यम से संसद पर सरकार के नियंत्रण को हिटलरशाही करार दिया। पूर्व कांग्रेस प्रमुख राहुल गांधी ने भी देश में अस्थिरता को बढ़ावा देने के लिए भाजपा, उसके समर्थकों और मीडिया की आलोचना की।

खड़गे ने बीआरएस, डीएमके, जेएमएम और आप सहित कई विपक्षी दलों के साथ प्रेस वार्ता में कहा कि मानसून सत्र की शुरुआत से ही राज्यसभा में उन्हें बोलने का अवसर नहीं दिया जा रहा है। हिंसाग्रस्त मणिपुर का दौरा कर लौटा विपक्षी गठबंधन इंडिया के 21 सांसदों का प्रतिनिधिमंडल शीघ्र राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मिलकर उन्हें ज्ञापन सौंपेगा। विपक्षी दलों की ओर से खड़गे (शेष पेज 9)

महाराष्ट्र में एक्सप्रेस वे पर गर्डर लॉन्चर गिरने से 20 की मौत

भाषा। मुंबई

महाराष्ट्र के ठाणे जिले में समृद्धि एक्सप्रेस-वे निर्माण के तीसरे चरण के दौरान मंगलवार को एक गर्डर लॉन्चर गिर जाने से 10 श्रमिकों सहित कम से कम 20 लोगों की मौत हो गई और तीन अन्य लोग घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। महाराष्ट्र राज्य सड़क विकास निगम (एमएसआरडीसी) ने एक विज्ञप्ति में कहा कि 700 टन वजनी, सेगमेंट लॉन्चर (क्रेन) और गर्डर लॉन्चर 35 मीटर की ऊंचाई से नीचे गिर पड़े। नागपुर को मुंबई से जोड़ने वाली एक्सप्रेसवे परियोजना की निष्पादन एजेंसी एमएसआरडीसी ने कहा कि मृतकों में दो इंजीनियर भी शामिल हैं।

ठाणे जिले की पुलिस ने लापरवाही से हुई मौत के आरोप में दो ठेकेदारों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। अधिकारी ने बताया कि यह दुर्घटना मंगलवार तड़के मुंबई से करीब 80 किलोमीटर दूर शाहपुर तहसील के सरलांबे गांव के पास हुई। हादसे में घायल हुए तीन लोगों को ठाणे के कलवा स्थित छत्रपति शिवाजी महाराज अस्पताल में भर्ती कराया गया है। महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने एक ट्वीट में कहा कि उन्होंने इस घटना की विशेषज्ञों से जांच कराने के आदेश दिए हैं। फडणवीस ने हादसे में लोगों के मारे जाने पर शोक भी जताया। यह एक विशेष प्रयोजन वाली मोबाइल गैन्ट्री क्रेन थी, जिसका उपयोग पुल निर्माण और राजमार्ग निर्माण परियोजनाओं में पूर्वनिर्मित डिब्बानुमा पुल की डाट (गर्डर) लगाने के लिए किया जाता था। एमएसआरडीसी ने कहा कि पुल के कुल 114 खंडों में से 98 का निर्माण एक ही लॉंचर का उपयोग करके सफलतापूर्वक किया गया था। संबंधित 2.28 किमी लंबे पुल का निर्माण नवयुग इंजीनियरिंग और वीएसएल इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, सिंगापुर द्वारा किया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जानमाल के नुकसान पर शोक व्यक्त किया और प्रत्एक मृतक के परिजनों को दो-दो लाख रुपए की अनुग्रह राशि और घायल व्यक्तियों को पचास-पचास हजार रुपए की सहायता की घोषणा की। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी हादसे पर दुख जताया। उन्होंने कहा कि (शेष पेज 9)

क्विक न्यूज

पटना हाईकोर्ट ने जाति गणना को सही ठहराया

पटना। पटना उच्च न्यायालय ने बिहार मे जाति आधारित गणना के राज्य सरकार के फैसले को चुनौती देने वाली सभी याचिकाएं मंगलवार को खारिज करते हुए कहा कि यह पूरी तरह से वैध है और राज्य सरकार के पास इसे कराने का अधिकार है। मुख्य न्यायाधीश के. विनोद चंद्रन और न्यायमूर्ति पार्थ सारथी की खंडपीठ ने जातीय गणना को चुनौती देने वाली सभी याचिकाओं को खारिज कर दिया। जातीय सर्वेक्षण का आदेश पिछले साल दिया गया था और इसे इस साल के शुरू मे आरंभ किया गया था। पीठ ने इस बाबत सात जुलाई को अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। उसने अपने 101 पन्नो के फैसले मे कहा, हम पाते है कि राज्य का कदम पूरी तरह से वैध है और वह इसे कराने मे सक्षम है। इसका मकसद (लोगो को) न्याय के साथ विकास प्रदान करना है। फैसले की शुरुआत इस टिप्पणी से हुई कि जाति सर्वेक्षण कराने का राज्य का फैसला और विभिन्न आधारो पर इसे दी गई चुनौती से पता चलता है कि सामाजिक ताने-बाने से जाति को समाप्त करने के प्रयासो के बावजूद, यह एक वास्तविकता बनी हुई है।

जांच के लिए मुंबई पहुंचे समिति के सदस्य, सीसीटीवी फुटेज खंगालेंगे

- ट्रेन में गोलीबारी

भाषा। मुंबई

रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) के एक कांस्टेबल द्वारा ट्रेन में चार लोगों की कथित रूप से गोली मारकर हत्या किए जाने की घटना की जांच के लिए गठित एक उच्चस्तरीय समिति के सदस्य यहां पहुंच गए हैं और उनके संबंधित अधिकारियों से मुलाकात करने की संभावना है। राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि जीआरपी ट्रेन में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज की जांच करेगी। इस संबंध में एक अधिकारी ने बताया कि रेलवे बोर्ड ने जयपुर-मुंबई सेंट्रल एक्सप्रेस में सोमवार को हुई घटना की व्यापक स्तर पर जांच करने के लिए पांच सदस्ईय समिति का गठन किया है। अधिकारियों ने बताया कि कांस्टेबल चेतन सिंह (33) ने पालघर रेलवे स्टेशन के पास अपने स्वचालित हथियार से आरपीएफ के सहायक उपनिरीक्षक टीकाराम मीणा और तीन अन्य यात्रियों की गोली मारकर हत्या कर दी। जांच समिति में पश्चिम रेलवे और मध्य रेलवे के प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त, उत्तर पश्चिम रेलवे के प्रधान मुख्य वाणिज्यिक प्रबंधक, उत्तर मध्य रेलवे के प्रधान मुख्य चिकित्सा निदेशक और पश्चिम मध्य रेलवे के प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी शामिल हैं। अधिकारियों ने बताया कि समिति से इस मामले में रेलवे बोर्ड को अगले तीन महीने में रिपोर्ट सौंपने को कहा गया है।

उधर चार लोगों की हत्या के आरोप में गिरफ्तार रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) के कांस्टेबल चेतन सिंह को मंगलवार को सात अगस्त तक राजकीय रेलवे पुलिस की हिरासत में भेज दिया। पुलिस ने आरोपी कांस्टेबल की हिरासत मांगते हुए अदालत से (शेष पेज 9)

मोदी और शरद पवार ने साथ मंच किया साझा

- पुणे में तिलक राष्ट्रीय पुरस्कार समारोह में शामिल हुए दोनों दिग्गज, अजित पवार और अन्य नेता भी थे मौजूद

एजेंसी। पुणे

पुणे में लोकमान्य तिलक पुरस्कार समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राकांपा प्रमुख शरद पवार और अन्य

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को यहां लोकमान्य तिलक राष्ट्रीय पुरस्कार समारोह में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के प्रमुख शरद पवार के साथ मंच साझा किया। समारोह शुरू होने से पहले दोनों नेताओं को हंसते हुए एक दूसरे से बातचीत करते हुए देखा गया। शरद पवार ने मोदी की पीठ थपथपाई। उस समय वहां शरद पवार के भतीजे और महाराष्ट्र के उपमुख्यमत्री अजित पवार एवं अन्य नेता भी मौजूद थे।

मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने शरद पवार से हाथ मिलाया, जबकि अजित पवार वहां से थोड़ी दूर चले गए। शरद पवार की राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) में विभाजन के बाद मोदी और उनके (शरद पवार) के बीच यह पहली मुलाकात थी। पिछले महीने अजित पवार राकांपा में बगावत कर भाजपा और शिवसेना के गठबंधन वाली महाराष्ट्र सरकार में शामिल हो गए थे। प्रधानमंत्री मोदी को लोकमान्य तिलक पुरस्कार से सम्मानित करने के लिए आयोजित कार्यक्रम में पवार शामिल हुए।

प्रधानमंत्री को उनके सर्वोच्च नेतृत्व और नागरिकों में देशभक्ति की भावना जगाने के लिए इस पुरस्कार से सम्मानित किया गया। समारोह में अपने संबोधन में शरद पवार ने मोदी पर निशाना साधते हुए कहा, शिवाजी महाराज ने कभी किसी की जमीन नहीं छीनी। इस बयान को शिवसेना और राकांपा में कथित रूप से विभाजन कराने को लेकर भाजपा पर पवार द्वारा निशाना साधे जाने के रूप में देखा जा रहा है। इस समारोह से पहले पवार ने मोदी के साथ मंच साझा न करने के विपक्षी दलों के गठबंधन इंडिया के अनुरोध को स्वीकार नहीं किया था। विपक्षी दलों के गठबंधन (शेष पेज 9)

गौतमबुद्ध नगर में 144 भू-माफिया चिन्हित

डीएम ने स्टांप शुल्क, वाणिज्य कर, आबकारी, विद्युत एवं अन्य समस्त विभागों की समीक्षा की

● फ्लैट खरीददारों की अधिक से अधिक रजिस्ट्री कराते हुए राजस्व में वृद्धि की जाएः मनीष कुमार

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

कलेक्ट्रेट सभागार में हुई बैठक में नोएडा के जिलाधिकारी संबंधित विभाग के अधिकारियों के साथ।

जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में कर करेत्तर, एंटी भू-माफिया के संबंध में बैठक हुई।

बैठक में डीएम ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनपद में जो 144 भू माफि या चिन्हित है उसके विरुद्ध सर्वोच्च प्राथमिकता के आधार पर कार्रवाई की जाए। डीएम ने स्टांप शुल्क, वाणिज्य कर, आबकारी, विद्युत एवं अन्य समस्त विभागों की समीक्षा करते हुए कहा कि शासन के द्वारा जो लक्ष्य निर्धारित किया गया है उसी के सापेक्ष अपनी कार्य योजना तैयार करते हुये राजस्व वसूली की की जाये। उन्होंने कहा कि फ्लैट खरीददारों की अधिक से अधिक रजिस्ट्री कराते हुए राजस्व में वृद्धि की जाये। इसी प्रकार वाणिज्य कर विभाग द्वारा जीएसटी वसूली में वृद्धि किया जाये।

कर करेत्तर की बैठक के बाद डीएम मनीष कुमार वर्मा ने जनपद गौतमबुद्धनगर में भू माफि याओं के विरुद्ध उत्तर प्रदेश सरकार की मंशा के अनुरूप कार्यवाही सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से बैठक की।

उन्होंने संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनपद गौतमबुद्ध नगर में जो 144 भू माफि या चिन्हित है उसके विरुद्ध सर्वोच्च प्राथमिकता के आधार पर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। बैठक में डीसीपी यातायात सुनीति, अपर जिलाधिकारी प्रशासन डॉ नितिन मदान, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अतुल कुमार, उप जिलाधिकारी सदर अंकित कुमार, उप जिलाधिकारी दादरी आलोक गुप्ता सहित अन्य मौजूद रहें।

सीमा ने मेरा भारत महान का बैज लगाकर वीडियो किया वायरल

● प्रोड्यूसर ने दिया फिल्म में रोल का ऑफर

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

नेपाल के रास्ते भारत आई पाकिस्तानी महिला सीमा को अभी भारतीय नागरिकता मिलने पर फैसला होना बाकी है। इससे पहले सीमा ने अपने आप को भारतीय मानना शुरू कर दिया है। इसके लिए उसने मेरा भारत महान का बैज लगाकर खुद का वीडियो इंस्टग्राम पर वायरल किया है। जिसके बैकग्राउंड में देश भक्ति गीत बज रहा है। वहीं, पुलिस की निगरानी के चलते सचिन और उसके पिता नेत्रपाल काम पर नहीं जा पा रहे हैं जिसके चलते आर्थिक स्थिति खराब होती जा रही है।

परिवार का खर्चा चलाना मुश्किल हो रहा है। सीमा सचिन की आर्थिक परेशानियों को देखते हुए मेरठ के रहने वाले अमित जानी ने मदद के लिए हाथ आगे बढ़ाया है। उन्होंने सीमा हैदर को अपनी फिल्म में काम करने का निमंत्रण दिया है। अमित जानी का कहना है कि हमने सीमा के अवैध रूप से भारत आने का विरोध किया, लेकिन अब जानकारी मिल रही है कि सीमा हैदर और उसका परिवार आर्थिक तंगी से जूझ रहा है। ऐसे में भारतीय होने के नाते हमारी जिम्मेदारी है कि हम उसकी मदद करें।

अमित का कहना है कि जोधपुर में हुई दर्जी कन्हैया लाल साहू की हत्या पर एक टेलर मर्डर स्टोरी के नाम से फिल्म बना रहे हैं। अमित जानी ने कहा कि यदि सीमा हैदर चाहेगी तो हमारी फिल्म में काम कर सकती है। इसके एवज में उसको भुगतान भी किया जाएगा। कस्बे में परचून की जिस दुकान पर सचिन पूर्व में नौकरी करता था अब उस दुकानदार ने सचिन को नौकरी पर रखने से मना कर दिया है। दुकान मालिक को आशंका है कि कहीं वह भी पुलिस के पचड़े में न फंस जाए।

पुलिस को दिया प्रार्थना पत्र भारतीय किसान यूनियन लोक शक्ति के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्योराज सिंह ने बताया कि उन्होंने सचिन के पिता नेत्रपाल के साथ जाकर रबूपुरा कोतवाली में एक प्रार्थना दिया है।

जिसमें उन्होंने निवेदन किया है कि सचिन और उसके पिता नेत्रपाल को काम पर जाने से नहीं रोका जाए। पाकिस्तान के कराची की रहने वाली सीमा हैदर पब्जी गेम खेलने के दौरान कस्बा निवासी सचिन के संपर्क में आ गई थी। और दोनों में प्यार हो गया था।

अपने प्यार को पाने के लिए सीमा हैदर अवैध तरीके से नेपाल के रास्ते भारत की सीमा में प्रवेश करके रबूपुरा आकर रहने लगी थी। सूचना पर पुलिस ने डेढ़ महीने छह जुलाई को सीमा चारों बच्चे, सचिन और उसके पिता नेत्रपाल को गिरफ्तार किया था। अब न्यायालय से जमानत मिलने के बाद दोनों रबूपुरा में सचिन के घर पर रह रहे हैं। न्यायालय ने सशर्त जमानत देते हुए कहा था कि दोनों देश छोड़कर नहीं जा सकते।

सोशल मीडिया पर चर्चा है कि सीमा हैदर को वापस पाकिस्तान भेजा जा रहा है, जिससे उसके फॉलोअर दुखी हैं, क्योंकि सोशल मीडिया पर सूचना चल रही है कि सीमा हैदर को वापस पाकिस्तान भेजा जाएगा, जिससे सचिन दुखी है और सीमा हैदर के लाखों फॉलोअर परेशान हैं।

भारत में रहने वाले लाखों लोग नहीं चाहते कि सीमा हैदर वापस पाकिस्तान जाए। लोग चाहते हैं कि वह भी रबूपुरा मे ही रहे। स्थानीय लोगों का भी यही कहना है कि भारत से पाकिस्तान पहुंची अंजू का वहां के लोग स्वागत कर रहे हैं, वही भारत के कुछ लोग सीमा हैदर का विरोध कर रहे हैं। जो उचित नहीं है। संवैधानिक तरीके से रास्ता खोजा जाना चाहिए।

बदमाशों ने सब्जी विक्रेता को मारी गोली

● सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही पुलिस

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

ग्रेटर नोएडा के कासना थाना क्षेत्र में रविवार रात को एक सब्जी विक्रेता को मोटरसाइकिल सवार अज्ञात बदमाशों ने गोली मार दी।

गोली लगने के बाद सब्जी विक्रेता घायल हो गयाए जिसे आनन-फानन में अस्पताल में भर्ती करा दिया गया। सोमवार शाम को इलाज के दौरान सब्जी विक्रेता की मौत हो गई। पुलिस के द्वारा बदमाशों की तलाश के लिए कई टीमें बनाई गई हैं। दरअसल मूलरूप से बदायूं का रहने वाला कोमिल 50 ग्रेटर नोएडा में सब्जी बेचने का कार्य करता था। रविवार रात को वह सब्जी बेचकर सुपरटेक की तरफ जुगाड़ के मोटरसाइकिल रिक्शा से वापस जा रहा था, तभी एक मोटरसाइकिल पर सवार होकर कुछ अज्ञात बदमाश आए और उन्होंने कोमिल पर फायरिंग कर दी, इस फायरिंग के दौरान वह घायल हो गया।

जैसे ही पुलिस को इस घटना की सूचना मिली तत्काल आला अधिकारी मौके पर पहुंच गए और आनन-फानन में सब्जी विक्रेता को गम्भीर हालात में नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने तत्काल प्रभाव से इस मामले में मुकदमा दर्ज किया और हमलावरों की तलाश में जुट गई। सब्जी विक्रेता कोमिल को जिम्स अस्पताल में भर्ती कराया गया था। सोमवार शाम को सब्जी विक्रेता कोमिल की इलाज के दौरान मौत हो गई।

पुलिस इस दौरान आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज को भी खंगाल रही है। ग्रेटर नोएडा के डीसीपी साद मियां खान ने बताया कि सब्जी विक्रेता की हत्या करने वाले हमलावरों की तलाश की जा रही है।

आसपास के सभी सीसीटीवी फुटेज चेक किए जा रहे है। सभी बिंदुओं पर गहनता से जांच की जा रही है। इलेक्ट्रॉनिक सर्विलांस व मैनुअल इंटेलिजेंस की सहायता से घटना का जल्द खुलासा किया जायेगा।

चीन भेजा जा रहा था भारतीय नागरिको का डाटा, केस दर्ज

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

मोबाइल डाटा स्क्रैप को फर्जी तरीके से चीन को निर्यात कर राजस्व का चूना लगाने के आरोप में एसटीएफने दो चीनी नागरिकों व एक भारतीय कंपनी के खिलाफथाना सेक्टर-63 में मुकदमा दर्ज कराया है।

इस मामले में पूर्व में एसटीएफ ने थाना बीटा-2 में मुकदमा दर्ज कराया था। जांच पड़ताल में पता चला था कि आरोपियों के तार सेक्टर-63 की एक कंपनी से जुड़े हुए हैं। एसटीएस के इंस्पेक्टर राकेश कुमार ने थाना सेक्टर.63 में चीनी नागरिक ली, रूई, लीय युआन व रोशून इलेक्ट्रॉनिक कंपनी के खिलाफ धोखाधड़ी, विदेशी विषयक अधिनियम सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया है।

उन्होंने बताया कि पूर्व में एसटीएफने थाना बीटा-2 क्षेत्र में इस पूरे गोरखधंधे का पर्दाफाश करते हुए करीब डेढ़ दर्जन लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। मोबाइल डाटा स्क्रैप को फर्जी कंपनियों के जरिए चीन निर्यात कर सरकार को करोड़ों रुपये राजस्व का चूना लगाया जा रहा था। इस मामले की जांच पड़ताल के दौरान एसटीएफ को थाना सेक्टर-63 के डी ब्लॉक की एक कंपनी के बारे में भी जानकारी मिली।

संक्षिप्त समाचार

कसाना पुलिस ने मोबाइल फोन लूटने वाले चार आरोपियों को गिरफ्तार किया

इंजीनियर से मोबाइल फोन लूटा

नोएडा। थाना सेक्टर-113 क्षेत्र के सेक्टर-120 स्थित प्रतीक लोरियल सोसायटी में रहने वाले एक इंजीनियर का कीमती मोबाइल फोन बीती रात को अज्ञात बदमाशों ने छीन लिया। घटना की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है। थाना सेक्टर-113 के प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि सेक्टर-120 स्थित प्रतीक लॉरियल सोसायटी में रहने वाले मोहित पालीवाल ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वह अपनी सोसाइटी के पास से गुजर रहे थे, तभी बाइक पर सवार होकर आए दो बदमाशों ने उनका कीमती मोबाइल फोन छीन लिया है। उन्होंने बताया कि घटना की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी की सहायता से बदमाशों की तलाश कर रही है।

बदमाशों ने मारपीट कर फोन और नकदी लूटी

नोएडा। थाना कासना के प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार शुक्ला ने बताया कि प्रमोद पुत्र प्रेमचंद मूलनिवासी जनपद सोनीपत हरियाणा हाल निवासी अल्फा-2 थाना बीटा-2, कासना क्षेत्र में स्थित एक कंपनी में काम करते हैं। उनके अनुसार वह बीती रात को 8 बजे के करीब अपनी बाइक पर सवार होकर कंपनी से घर जा रहे थे, तभी कस्बा कासना के पास बाइक पर सवार होकर आए दो बदमाशों ने उनका रास्ता रोक लिया तथा उनके साथ मारपीट शुरू कर दी। इसी बीच स्कूटी पर सवार होकर पीछे से दो बदमाश आए। पीड़ित के अनुसार बदमाशों ने उनका मोबाइल फोन तथा उनके पास रखे पैसे आदि लूट लिया। इस घटना में उनके चेहरे पर गंभीर चोट आई। पीड़ित की शिकायत पर घटना की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस लूट या आपसी रंजिश दोनों एंगल से इस मामले की विवेचना कर रही है।

एमीकेयर हॉस्पिटल में लगी आग

गाजियाबाद। गाजियाबाद के इंदिरापुरम इलाके में सोमवार देर रात एक हॉस्पिटल के बाहरी हिस्से में आग लग गई। धुआं भरने की वजह से करीब 10 मरीजों को सुरक्षित रेस्क्यू किया गया। फायर फाइटर्स ने समय रहते आग पर काबू पा लिया। इसमें कोई जनहानि नहीं हुई है। मुख्य अग्निशमन अधिकारी राहुल पाल ने बताया, रात करीब 1 बजकर 51 मिनट पर सूचना मिली कि इंदिरापुरम थाना क्षेत्र में न्याय खंड स्थित एमीकेयर हॉस्पिटल में लाग लग गई है। तुरंत दो फायर टेंडर रवाना किए गए। घटनास्थल पर जाकर देखा तो हॉस्पिटल के बाहर बिजली के पैनल में आग लगी हुई थी। इससे पूरे हॉस्पिटल में धुआं भर गया था।

सड़क दुर्घटना के बाद एक्सप्रेसवे पर लगा लम्बा जाम

नोएडा। नोएडा एक्सप्रेसवे पर कार को टक्कर मारने के बाद मिक्सर वाहन पलट गया। इस हादसे के बाद एक्सप्रेसवे पर यातायात जाम हो गया और लोगों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ा। नयागांव थाना सिकंदराबाद जिला बुलंदशहर निवासी गीतिका राणा ने दर्ज रिपोर्ट में बताया कि वह बीती शाम नोएडा ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेस वे से अपनी कार से जा रही थी। इस दौरान जेनेसिस स्कूल के सामने दिल्ली की तरफ जाने वाली रोड पर तेज गति में आ रहे मिक्सर हाइड्रा में उनकी कार में टक्कर मार दी। टक्कर मारने के बाद भागने के प्रयास में मिक्सर हाइड्रा का चालक संतुलन खो बैठा और मिक्सर सड़क पर पलट गया। हादसे के बाद चालक मौके से फरार हो गया।

पुरानी रंजिश में दबंगों ने घर में घुसकर की तोड़फोड़

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

मोदीनगर के गांव भोजपुर में मंगलवार की सुबह घर से बुलाकर एक व्यक्ति को बंधक बनाकर बेहरमी से पीटने का मामला सामने आया है।

इसके बाद घर में घुसकर महिलाओं को दौड़ा दौड़ाकर पीटा गया। इतना ही नहीं घर में तोड़फोड़ भी की गई। इस संघर्ष में एक पक्ष की छह महिला सहित आठ लोग घायल हो गए। पीड़ित पक्ष ने इस संबंध में भोजपुर थाने में तहरीर दी है। गांव भोजपुर निवासी शाकिर परिवार सहित रहते हैं। शाकिर के पास एक फोन आया। फोन पर कहा गया कि तुम्हारा भाई जाहिद बुला रहा है। इसके बाद जब शाकिर बुलाए गए स्थान पर पहुंचा तो वहां पर दो दर्जन से अधिक लोग मौजूद थे। बताया जा रहा है कि वहां पर मौजूद लोगों ने शाकिर को बेरहमी से पीटना शुरू कर दिया। 20 मिनट तक शाकिर को दंबग पीटते रहे। वह किसी तरह से उनके चंगुल से मुक्त होकर अपने घर पहुंचे। इतना ही नहीं, दबंग भी पीछे पीछे उनके घर पहुंचे और घुसकर जमकर मारपीट की।

पुलिस अधीक्षक साइबर क्राइम, मुख्यालय लखनऊ द्वारा ऑनलाइन कार्यशाला के माध्यम से गाजियाबाद के थानों के 125 अधिकारियों और कर्मचारियों को डिजिटल साक्ष्य संकलन, लाइव ट्रैकिंग, मोनिटरिंग, एसओपी, सोशल इंजीनियरिंग आदि के सम्बन्ध में ट्रेनिंग दी गई।

अंतरराज्यीय चोर गैंग के दो सदस्य पकड़े

● 7 तोला सोना, स्कूटी, ताला तोड़ने के औजार और तमंचा बरामद

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

नोएडा के थाना 39 पुलिस ने अंतरराज्यीय चोरों के गैंग के दो सदस्यों को गिरफ्तार किया है। जो चोरी की वारदात करते समय अच्छे कपड़े पहनते थे और अपने साथ अपनी पत्नी को भी रखते थे। जिससे कि कोई उन पर शक ना करे। इन चोरों के कब्जे से पुलिस ने 7 तोला सोना, वारदात को अंजाम देते समय इस्तेमाल होने वाली स्कूटी, ताला तोड़ने के औजार और तमंचा कारतूस बरामद किया है। पुलिस ने जिन दोनों चोरों को पकड़ा है उनमें शातिर चोर शहजाद पटियाला पंजाब का रहने वाला है।

सिराजुद्दीन कोलकाता का निवासी है। इन दोनों को थाना 39 पुलिस ने सेक्टर 37 स्थित शौचालय के पास से गिरफ्तार किया है। एडिशनल डीसीपी नोएडा शक्ति मोहन अवस्थी ने बताया कि यह दोनों सूटेड बूटेड होकर चोरी की वारदात को अंजाम देने के लिए निकलते थे। इनके साथ इनकी पत्नी भी शामिल होती थीं। यह पहले स्कूटी में बैठकर मकानों की रेकी किया करते थे। रेकी के बाद चोरी की वारदात को अंजाम दिया करते थे।

इन लोगों ने 6 जुलाई को सेक्टर 37 में एक मकान का ताला तोड़कर जेवरात चुराए थे। इसके बाद से ही पुलिस सीसीटीवी फुटेज के माध्यम से इनकी पहचान कर गिरफ्तार करने का प्रयास कर रही थी। इसके लिए पुलिस ने 200 फुटेज का अध्ययन किया। इसके बाद गिरफ्तार किया जा सका। एडीसीपी ने बताया कि शहजाद पर 50 और सिराजुद्दीन पर 40 मुकदमे विभिन्न थानों में दर्ज हैं। दोनों बदमाश चोरी का सामान पटियाला में काले नामक व्यक्ति को बेचते थे।

संदिग्ध अवस्था में विवाहिता की मौत

नोएडा। दादरी थाना क्षेत्र के कटहेरा गांव में ब्याही एक महिला की सोमवार रात संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। महिला के मायके वालों ने ससुराल पक्ष के छह लोगों के खिलाफ दहेज हत्या का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज करवाया है।

पुलिस मामले की जांच में जुटी है। दादरी थाने के प्रभारी सुजीत उपाध्याय ने बताया कि कटेहरा गांव में रहने वाले सुमित की वर्ष 2020 में तनु से शादी हुई थी। सोमवार रात तनु के ससुराल वालों ने उसे गंभीर हालत में ग्रेटर नोएडा के कैलाश अस्पताल में भर्ती करवाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

रेलवे ट्रैक पार कर रही महिला की ट्रेन की चपेट में आने से मौत

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

थाना बादलपुर क्षेत्र के रोजा जलालपुर रेलवे फाटक के पास रेलवे ट्रैक पार कर रही एक महिला की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई।

पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मूल रूप से छाता मथुरा निवासी भगवान सिंह अपनी पत्नी के साथ छपरौला गांव में रह रहा है। मंगलवार की सुबह उसकी पत्नी पिंकी ड्यूटी पर जाने के लिए रेलवे फाटक के पास रेलवे ट्रैक को पार कर रही थी। इस दौरान तेज गति में आ रही ट्रेन की चपेट में आकर पिंकी गंभीर रूप से घायल हो गई और उसने मौके पर ही दम तोड़ दिया। हादसे की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर परिजनों को सूचना दी। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि पिंकी रेलवे ट्रैक पार कर रही थी इस दौरान अचानक दूसरी लाइन पर ट्रेन आ गई और उसकी चपेट में आकर उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

सपा नेत्री मधु चौधरी बनीं प्रदेश महासचिव

गाजियाबाद। मधु चौधरी को समाजवादी पार्टी महिला सभा में प्रदेश महासचिव नियुक्त किया गया है। उन्हें प्रदेश महासचिव बनाए जाने पर समाजवादी पार्टी की महिला टीम में जोश और खुशी का माहौल है।

मधु चौधरी खाटी समाजवादी नेत्री हैं। लंबे अरसे से वे पार्टी के साथ जुड़ी हुई हैं। सपा के हर कार्यक्रम में मधु चौधरी जरूर नजर आती हैं। पार्टी के प्रति उनका समर्पण और निष्ठा को देखते हुए उन्हें समाजवादी पार्टी महिला सभा में सम्मान दिया गया है। प्रदेश महासचिव नियुक्त किए जाने पर मधु चौधरी ने कहा है कि वे पूरी ईमानदारी के साथ पार्टी में मिली इस जिम्मेदारी को निभाएंगी और सपा की नीतियों को आगे बढ़ाने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ेंगी।

ग्रेनो सीईओ से मिला किसान सभा का प्रतिनिधिमंडल

● कई मुद्दों पर बनी बात, बोर्ड बैठक में बनेगी सहमति

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण पर किसान सभा के नेतृत्व में किसानों का धरना प्रदर्शन चल रहा है। अपनी मांगों को लेकर किसान 75 दिनों से धरना और प्रदर्शन कर रहे हैं। किसानों के प्रतिनिधिमंडल ने सीईओ से मुलाकात की। इस दौरान कई मुद्दों पर बात बनती हुई नजर आई। किसानों के कई अहम मुद्दों को सीईओ ने बोर्ड बैठक में बेगाने की सहमति दी है।

धरना दे रहे किसान सभा का प्रतिनिधिमंडल सीईओ रवि कुमार एनजी से मिला। किसानों ने बताया कि प्राधिकरण की तरफसे प्राधिकरण स्तर के मुद्दों को जिनमें 17.5 परसेंट प्लॉट कोटा, 120 वर्ग मीटर के न्यूनतम साइज को पुनः बहाल करने, किसान कोटा के प्लॉटों पर पैनाल्टी के प्रावधान को समाप्त करने एवं आबादी निस्तारण के मसलों को आगामी बोर्ड बैठक में ले जाने पर सहमति व्यक्त की। 533 और 208 एसआईटी प्रकरणों को शासन स्तर से जल्द ही अनुमोदित कराने का आश्वासन दिया। नए कानून के अनुसार प्रभावित परिवारों को कवर करने, रोजगार, भूमिहीनो के प्लाट, और सबसे प्रमुख मुद्दे 10 प्रतिशत प्लाट पर और समय देने को कहा है। किसानों और प्राधिकरण के सीईओ के बीच बातचीत सकारात्मक रही। किसान सभा के प्रवक्ता डॉ रुपेश वर्मा ने बातचीत के संबंध में धरना स्थल पर मौजूद किसानों को अवगत कराते हुए कहा कि प्राधिकरण स्तर के मुद्दों पर आगामी बोर्ड बैठक में कार्रवाई का आश्वासन मिला है।

बाकी चार बड़े मुद्दों पर प्राधिकरण ने और समय मांगा है, 10 प्रतिशत प्लाट के संबंध में कितनी जमीन की आवश्यकता होगी इस संबंध में ओएसडी स्तर पर वर्किंग चल रही है एआंकड़ा सामने आते ही बातचीत का क्रम प्रमुख चार मुद्दों पर आगे बढ़ जाएगा।

सुनील फौजी ने धरने को संबोधित करते हुए कहा सभी किसान संगठन 6 तारीख को इकट्ठा हो रहे हैं एवं विपक्षी पार्टियों का शीर्ष नेतृत्व भी आंदोलन में आने को तैयार है। प्राधिकरण के पास 6 अगस्त तक मौका है कि उक्त चारों मुद्दों पर सकारात्मक निर्णय ले अन्यथा बड़े आंदोलन की कॉल की जाएगी।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा 100के, मिलाप भवन, 8/ऐ, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाषः 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। कार्यकारी संपादकः नवीन उपाध्याय, स्थानीय सम्पादकः प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

आप आश्वस्त, राज्यसभा में गिर जाएगा बिल

दिल्ली अध्यादेश बिल

बिल सर्वोच्च न्यायालय के फैसले, संविधान और देश के संघीय ढांचे के खिलाफ : संजय

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

संसद के बाहर धरने पर बैठे आप राज्यसभा सांसद, साथ में अन्य नेतागण।

संसद में मणिपुर को लेकर हंगामा चल रहा है। इस बीच मंगलवार को लोकसभा में दिल्ली अध्यादेश बिल पेश किया गया।

इस अध्यादेश को लेकर दिल्ली में सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने स्पष्ट किया कि ये लोग लोकसभा में भले ही इस बिल को पास करा लें, लेकिन राज्यसभा में विपक्ष के पास इतना संख्या बल है कि वहां इसको गिरा देंगे। यह बिल सर्वोच्च न्यायालय के फैसले, संविधान और देश के संघीय ढांचे के खिलाफ है। क्योंकि इस बिल से निर्वाचित मुख्यमंत्री के अधिकार छीने जा रहे हैं।

आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने मंगलवार को मीडिया से बातचीत में कहा कि अभी अविश्वास प्रस्ताव संसद में लंबित है। इसके बावजूद इस तरह का अविश्वास प्रस्ताव दुर्भाग्यपूर्ण है। ऐसा पहले कभी नहीं हुआ। भले ही लोकसभा में विपक्ष के पास संख्या नहीं है, लेकिन राज्यसभा में संख्या है और हम इस बिल को गिरा देंगे।

संजय सिंह नें ट्वीट कर कहा है कि यह भाजपा की एक और केजरीवाल फोबिया बिल है। भाजपा पीठ में छुरा मारती है। भाजपा ने बिल लाने के पहले उन्हें राज्यसभा से निलंबित कर दिया। उन्होंने कहा कि बच्चे हारने से पहले स्टंप लेकर भाग जाते हैं। उन्होंने भाजपा को चुनौती दी कि हिम्मत है तो सामने से वार करे। सदन में बुलाए और तब बात करे। दिल्ली अध्यादेश बिल पर कहा कि जो काला अध्यादेश था, लगभग वही भाषा बिल में भी लिखी गयी है। इसका टीम इंडिया के सभी सांसद पूर्ण रूप से विरोध करेंगे।

वही मणिपुर हिंसा को लेकर सांसद संजय सिंह ने कहा कि 90 दिन से मणिपुर जल रहा है लेकिन पीएम मोदी का अहंकार देखिए कि 14 दिन में मन की बात करते हैं, लेकिन मणिपुर की बात नहीं करते हैं। क्योंकि मणिपुर हिंसा सरकार प्रायोजित हिंसा है और भाजपा प्रायोजित हिंसा है। देश के कई हिस्से जल रहे है। हत्या, लूट, बलात्कार की घटनाएं हो रही है, लेकिन चौकीदार चुप है। हरियाणा और मणिपुर में डबल इंजन की सरकार है लेकिन वहां की कानून व्यवस्था के हालात खराब हैं। हरियाणा के नूहू में हुई हिंसा पर आप सांसद संजय सिंह ने सभी से अपील करते हुए कहा कि देश में हर जगह अमन और शांति को बचा कर रखना है। नफरत के आधार पर समाज बांटा जा रहा है।

बृजभूषण मामला : नाबालिग खिलाड़ी ने नहीं किया क्लोजर रिपोर्ट का विरोध

नई दिल्ली। भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के निवर्तमान अध्यक्ष और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद बृजभूषण शरण सिंह पर यौन उत्पीड़न का आरोप लगाने वाली नाबालिग पहलवान ने मंगलवार को अदालत में दिल्ली पुलिस की क्लोजर रिपोर्ट का विरोध नहीं किया।

लोक अभियोजक ने यह जानकारी दी। कथित पीड़िता और उसके पिता ने अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश छवि कपूर के समक्ष अपना बयान दर्ज कराया। उन्होंने कहा कि वे पुलिस जांच से संतुष्ट हैं और मामले में दिल्ली पुलिस की रिपोर्ट का विरोध नहीं करते। लोक अभियोजक अतुल श्रीवास्तव ने बताया कि उनके बयान दर्ज करने के बाद छह सितंबर के लिए अपना आदेश सुरक्षित रख लिया। छह सितंबर को अदालत यह फैसला सुनाएगी कि मामले को रद्द करने की अपील वाली पुलिस की रिपोर्ट को स्वीकार किया जाए या नहीं।

संक्षिप्त समाचार

जैक्सन वेलफेयर ट्रस्ट व एम्स से जुड़े पदाधिकारी।

एम्स परिसर में लगा नौ किलोवाट का सौर संयंत्र

नई दिल्ली। नवीकरणीय ऊर्जा कंपनी जैक्सन समूह ने मंगलवार को यहां एम्स परिसर में नौ किलोवाट क्षमता का सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित किया। कंपनी ने एक बयान में कहा कि यह परियोजना उसकी सीएसआर (कॉरपोरेट सामाजिक जिम्मेदारी) इकाई जैक्सन वेलफेयर ट्रस्ट ने एक समझौते के तहत स्थापित की है। बयान के अनुसार, परिसर में एम्स निदेशक के बंगले की छत पर नौ किलोवाट क्षमता का सौर ऊर्जा संयंत्र लगाया गया है। इससे हर वर्ष 13,140 यूनिट बिजली पैदा होने की उम्मीद है। जैक्सन समूह के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक समीर गुप्ता ने कहा, हम नवीकरणीय ऊर्जा समाधानों के जरिए देश में शुद्ध रूप से शून्य उत्सर्जन का लक्ष्य हासिल करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। एम्स के साथ हमारी साझेदारी इस प्रतिबद्धता को दर्शाती है। सौर परियोजना के उद्घाटन के बाद एम्स के निदेशक एम. श्रीनिवास ने कहा कि वह उम्मीद करते हैं कि अन्य संस्थानों में भी इस तरह की पहल को बढ़ावा दिया जाएगा।

पूर्व सैनिकों ने पेश की यमुना प्रदूषण पर सर्वेक्षण रिपोर्ट

नई दिल्ली। अतुल्य गंगा ने प्रेस क्लब ऑफ इंडिया में अपनी यमुना प्रदूषण सर्वेक्षण रिपोर्ट के माध्यम से अप्रिय वास्तविकताओं का खुलासा किया। रिपोर्ट में यमुना नदी की गिरावट, विशेष रूप से दिल्ली एनसीआर में इसके 22 किलोमीटर के विस्तार पर प्रकाश डाला गया है और इसके धीमे जहर होने की समानता बताई गई है। इससे पहले सेना के इन दिग्गजों ने यमुनोत्री से आगरा तक यमुना के लिए यमुना साइक्लोथॉन नाम से एक जन जागरूकता और भागीदारी पहल शुरू की थी और नदी के प्रदूषण की वास्तविकता का आकलन करने के लिए इस साइक्लोथॉन के दौरान यमुना नदी के विभिन्न स्थानों से पानी के नमूने एकत्र किए थे। कर्नल मनोज केशवर ने बताया कि आईआईटी रोपड़ और उनके तकनीकी साझेदारों के साथ किए गए शोध में चौंकाने वाले नतीजे सामने आए; इसमें कहा गया है कि नदी में घुलित ऑक्सीजन का स्तर 1 पीपीएम (पार्ट्स पर मिलियन) से कम है – एक ऐसा स्तर जिसे मृत माना जाता है क्योंकि यह 4 पीपीएम से नीचे है।

दिल्ली विश्वविद्यालय ने जारी की पहली कट ऑफ

- सीएसएएस दौर में ही 85,853 सीटें भरी, 7042 छात्रों को मिला मनपसंद कॉलेज

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली विश्वविद्यालय ने स्नातक पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए पहले दौर के सीट आवंटन के नतीजे जारी कर दिए हैं। जिन छात्रों को सीटों का आवंटन कर दिया गया है। उन्हें निर्धारित अवधि के अंदर अपनी सीट लॉक करनी होगी। दाखिले के लिए पंजीकरण करने वाले छात्र डीयू की आधिकारिक वेबसाइट पर जारी पहली कट ऑफ लिस्ट चेक कर सकते हैं। जिन उम्मीदवारों को पहले राउंड में सीट मिल गई है।

उनहें शुक्रवार 4 अगस्त को शाम 4.59 बजे तक अपनी सीट लॉक करनी होगी। कॉलेज शनिवार 5 अगस्त को शाम 4.59 बजे तक आवेदनों पर सत्यापन पूरा करेंगे। जिन उम्मीदवारों के आवेदन कॉलेज द्वारा स्वीकार किए जाते हैं। उन्हें रविवार 6 अगस्त शाम 4.59 बजे तक फीस जमा करनी होगी।

दिल्ली विश्वविद्यालय की डीन एडमिशन प्रो. हनीत गांधी ने जानकारी देते हुए बताया कि पहले राउंड में 202416 योग्य उम्मीदवारों को उनकी प्राथमिकताओं के आधार पर प्रोग्राम और कॉलेज संयोजन के आवंटन पर विचार किया गया था।

पहले सीएसएएस दौर में ही कुल 85853 आवंटन घोषित किए गए हैं। इसमें यूआर, एससी, एसटी, ओबीसी (एनसीएल), ईडब्ल्यूएस और दो अतिरिक्त कोटा, पीडब्ल्यूबीडी और कश्मीरी प्रवासियों के सभी कॉलेजों में सभी कार्यक्रमों के लिए आवंटन शामिल है। प्रो. गांधी ने बताया कि 7042 उम्मीदवारों को प्रथम वरीयता मिली है। लगभग 22000 उम्मीदवारों को उनकी पहली पांच प्राथमिकताओं में से एक सीट आवंटित की गई है। जिन उम्मीदवारों को पहले दौर में सीट की पेशकश की गई है, उन्हें निर्धारित समय तक प्रवेश औपचारिकताएं पूरी करनी होंगी।

केवल वे उम्मीदवार जो फीस भुगतान सहि त अपनी प्रवेश प्रक्रिया पूरी कर लेंगे। दूसरे दौर में भाग लेने के लिए अपग्रेड का विकल्प चुन सकेंगे। उम्मीदवारों को सभी अपडेट और शेड्यूल के लिए अपने डैशबोर्ड और विवि की प्रवेश वेबसाइट की जांच करते रहना चाहिए। विवि दूसरे दौर की घोषणा गुरुवार 10 अगस्त को शाम 5 बजे करेगा।

दिल्ली भाजपा के पदाधिकारियों की नई टीम का ऐलान

- सुषमा की बेटी बांसुरी स्वराज समेत कई नए चेहरों को मिली जगह

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

प्रदेश भाजपा के पदाधिकारियों की नई टीम का ऐलान मंगलवार को कर दिया गया है। इसमें पार्टी की दिवंगत नेता सुषमा स्वराज की बेटी बांसुरी स्वराज सहित कई नए चेहरों को जगह दी गई है। हर्ष मल्होत्रा, योगेंद्र चंदोलिया और कमलजीत सहरावत को दिल्ली इकाई के नए महासचिव के रूप में नियुक्त किया गया है।

दिल्ली भाजपा के अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने नई टीम में कई महिला पदाधिकारी भी शामिल हैं। आठ सचिवों में बांसुरी स्वराज, दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री मदन लाल खुराना के बेटे हरीश खुराना और इम्प्रीत सिंह बक्शी शामिल हैं। नवनियुक्त आठ उपाध्यक्षों में विष्णु मित्तल, दिनेश प्रताप सिंह, पूर्व महापौर लता गुप्ता और पूर्व महिला मोर्चा अध्यक्ष योगिता सिंह शामिल हैं।

लक्ष्मी नगर विधानसभा क्षेत्र से विधायक अभय वर्मा को भाजपा की दिल्ली इकाई के मुख्य प्रवक्ता के पद पर बरकरार रखा गया है।

सीएम ने नूंह हिंसा मामले में की शांति की अपील

नई दिल्ली। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने पड़ोसी राज्य हरियाणा में हुई सांप्रदायिक हिंसा को बेहद चिंताजनक करार दिया और राज्य के लोगों से इस मुश्किल समय में शांति व भाईचारा बनाए रखने की अपील की।

उन्होंने कहा कि लोगों को एकजुट होकर शांति कायम करने और हिंसा की राजनीति करने वालों को हराने की जरूरत है। हरियाणा में हुई हिंसा में पांच लोगों की मौत हो चुकी है। नूंह में दो होम गार्डों सहित चार लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए।

गैंगस्टर सचिन बिश्नोई को अजरबैजान से दिल्ली लाया गया

- सिद्धू मूसेवाला हत्याकांड के आरोपी को 10 दिन की रिमांड

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

पंजाबी गायक सिद्धू मूसेवाला हत्याकांड के आरोपी सचिन बिश्नोई उर्फ सचिन थापन को दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने अजरबैजान की राजधानी बाकू से प्रत्यर्पित कर दिल्ली लाई है।

मंगलवार को पटियाला हाउस कोर्ट में उसे पेश किया गया जहां से 10 दिन की रिमांड पर भेजा दिया गया है। कोर्ट ने दिल्ली पुलिस को उसकी सुरक्षा सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। विशेष पुलिस आयुक्त एच.जी.एस. धालीवाल ने बताया कि सचिन बिश्नोई उर्फ सचिन थापन को बाकू से सफलतापूर्वक प्रत्यर्पित किया गया और मंगलवार सुबह दिल्ली लाया गया। वह हत्या के लिए साजिश रचने तथा उससे संबंधित साजोसामान जुटाने में शामिल रहता था। उन्होंने दावा किया कि वह मूसेवाला की हत्या के समय विदेश में था लेकिन उसने यह कहकर जांचकर्ताओं को गुमराह करने की कोशिश की उसी ने ही मूसेवाला को गोली मारी थी। सूत्र ने दावा किया, मूसेवाला की हत्या से पहले सचिन बिश्नोई भारत से चला गया था।

वह तिलक राज टुटेजा नाम के फर्जी पासपोर्ट पर पहले दुबई गया था। इस पासपोर्ट पर दक्षिण दिल्ली के संगम विहार का पता था। उसने दावा किया, उसने (सचिन ने) टोह लेने में मदद की तथा हमलावरों को एक गाड़ी भी उपलब्ध कराई। उसने हत्या के बाद यह दावा कर जांच को भटकाने की कोशिश की कि उसने ही गायक की जान ली। जब सचिन बिश्नोई दुबई में था तब उसे लगा कि संयुक्त अरब अमीरात के साथ भारत के अच्छे संबंध है और उसे वहां से प्रत्यर्पित किया जा सकता है, इसलिए वह बाकू चला गया था।

सिख दंगा: टाइटलर ने मांगी अग्रिम जमानत

नई दिल्ली। कांग्रेस नेता जगदीश टाइटलर ने 1984 सिख विरोधी दंगों के दौरान पुल बंगश इलाके में हुई हत्याओं से संबंधित मामले में अग्रिम जमानत के लिए दिल्ली की एक अदालत में याचिका दायर की।

याचिका विशेष न्यायाधीश विकास ढुल के समक्ष दायर की गई है, जिन्होंने सीबीआई को नोटिस जारी कर दो अगस्त यानी बुधवार तक जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया। अदालत बुधवार को इस याचिका पर सुनवाई कर सकती है। 26 जुलाई को अदालत ने मामले से संज्ञान लेते हुए पांच अगस्त को पेश होने को कहा था।

इंडियन रेलवे केटरिंग एण्ड टूरिज़्म कॉरपोरेशन लिमिटेड
(भारत सरकार का उद्यम – मिनी रत्न)
सीआईएन : L74899DL1999GOI101707

आईआरसीटीसी निम्नलिखित के लिए निविदाएं आमंत्रित करता है:–

1. निविदा संख्या जीईएम/2023/बी/3608960 – आईआरसीटीसी अनुप्रयोगों के सुरक्षा ऑडिट के लिए सूचना सुरक्षा ऑडिट संगठन के चयन के लिए। बोली–पूर्व बैठक (वीसी): 09.08.2023 को 12:00 बजे। जमा करने की अंतिम तिथि: 04.09.2023 को 15:00 बजे तक।
2. निविदा सं. जीईएम/2023/बी/3656597 – आईआरसीटीसी कस्टमर कॉन्टैक्ट सेंटर। प्री–बिड मीटिंग (वीसी): 08.08.2023 को 12:00 बजे। जमा करने की अंतिम तिथि: 25.08.2023 को 15:00 बजे तक।
3. खुली ई–निविदा–2023/आईआरसीटीसी/सीओ/आरआर–05 – विभिन्न रेलवे स्टेशनों पर रिटायरिंग रूम के नवीनीकरण, संचालन, रखरखाव और स्थानांतरण के लिए। जमा करने की अंतिम तिथि: 23.08.2023 को 15:00 बजे तक।
4. खुली ई–निविदा सं. आईआरसीटीसी/आरएन/अम्बरनाथ/लॉजिस्टिक्स/2023 – रेल नीर प्लांट, अम्बरनाथ (महाराष्ट्र) के लिए रेल नीर पैकेज्ड पेयजल का परिवहन एवं सीएफए सेवाएं। जमा करने की अंतिम तिथि: 22.08.2023 को 15:00 बजे तक।

दस्तावेज विस्तृत विवरण हेतु 1–4 के लिए www.irctc.com पर देखें।
विस्तृत विवरण, दस्तावेज डाउनलोडिंग एवं प्रतिभागिता के लिए देखें :–
1. क्र.सं. 3 और 4 के लिए www.tenderwizard.com/IRCTC
2. क्र.सं. 1 और 2 के लिए www.gem.gov.in

शुद्धिपत्र/परिशिष्ट, यदि कोई होगा, तो उसे 1–4 के लिए आईआरसीटीसी वेबसाइट www.irctc.com, क्र.सं. 1 एवं 2 के लिए www.GEM.gov.in पर एवं क्र.सं. 3 एवं 4 के लिए www.tenderwizard.com/IRCTC पर प्रकाशित किया जाएगा।

कार्यालय पता: आईआरसीटीसी, 11वां तल, स्टेट्समैन हाउस, बी–148, बाराखम्बा रोड, नई दिल्ली–110001; फोन: 011-23311263-64; फैक्स: 011-23311259

निगम के सभी कर्मचारियों को 1 अगस्त को मिला वेतन

- भाजपा जो काम 13 साल में नहीं कर पाई, उसे पांच महीने में कर दिखाया : सीएम

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने मंगलवार को कहा कि निगम आयुक्त से लेकर चपरासी तक नगर निगम के सभी कर्मचारियों को उनका वेतन महीने के पहले दिन ही मिल गया।

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर कटाक्ष करते हुए आम आदमी पार्टी (आप) प्रमुख ने ट्वीट कर कहा, जो काम भाजपा 13 साल में नहीं कर पाई, वो काम हमने सिर्फ पांच महीने में कर दिखाया। आप ने चार दिसंबर के नागरिक चुनावों में जीत के बाद दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) में भाजपा के 15 साल के कार्यकाल को समाप्त कर दिया।

मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने ट्वीट में कहा, 2010 के बाद आज पहली बार नगर निगम में आयुक्त से लेकर चपरासी तक, सफाई कर्मचारी से लेकर शिक्षक तक, माली से लेकर डीबीसी कर्मचारी तक, सभी को महीने की पहली तारीख को वेतन गया है। उन्होंने यह भी कहा, ये सब इसलिए हो पाया क्योंकि अब निगम में भी आप की ईमानदार सरकार है। निगम के सभी कर्मचारियों से आज मेरी एक अपील है- मेरी तरफ से बच्चों और मां-पिताजी के लिए घर मिठाई जरूर लेकर जाएं। महापौर शैली ओबेरॉय ने चार जुलाई को कहा था कि नगर निगम के सफाई कर्मचारियों को जून का वेतन एक जुलाई को दे दिया गया और दावा किया कि भाजपा के 15 साल के कार्यकाल में ऐसा कभी नहीं हुआ।

भाजपा ने 2007-2012 और 2012-2022 तक नगर निगम का संचालन किया। पूर्ववर्ती एकीकृत नगर निगम को 2012 में उत्तर, दक्षिण और पूर्वी दिल्ली नगर निगमों में विभाजित किया गया। इसके बाद मई 2022 में तीन निगमों को फिर से एक कर दिया गया।

चीनी मांझे के उपयोग पर होगी सख्त कार्रवाई

- मांझे पर रोक को लेकर सभी संबंधित विभागों को जारी किए गए निर्देश : राय

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

गोपाल राय

स्वतंत्रता दिवस के आसपास दिल्ली एनसीआर में पतंगबाजी करने का शौक बढ़ जाता है। लेकिन इस पतंगबाजी के शौक के बीच हर साल चाइनीज मांझे के कारण दूसरों की जान खतरे में डाल रहे हैं।

इस बीच चीनी मांझे बेचने वालों की धर-पकड़ के लिए सभी जिलों में विशेष टीम बनाई गई है। अपराध शाखा ऐसे लोगों को पकड़ रही है, जो दूसरों की जान खतरे में डाल रहे हैं। इस बीच पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने लोगों से अपील की है कि चाइनीज मांझे का इस्तेमाल ना करें और यदि कोई इसका इस्तेमाल या बिक्री करते हुए पाया जाता है, तो उसके खिलाफ सख्त धाराओं को जोड़ते हुए दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

चाइनीज मांझा के इस्तेमाल पर रोक को लेकर पर्यावरण विभाग की तरफ सभी सम्बंधित विभागों को परामर्श जारी की गई है। गोपाल राय ने बताया कि 15 अगस्त के आसपास पतंगबाजी बढ़ी जाती है। इसके कारण हादसों भी होते हैं। इसी कारण राजधानी दिल्ली में 10 जनवरी 2017 से ही चाइनीज मांझे के इस्तेमाल और बिक्री पर रोक लगी हुई है। बावजूद इसके हर साल पतंगबाजी का शौक रखने वाले कुछ लोग इसका इस्तेमाल करते हैं, जिसके चलते कई पशु-पक्षी आसमान में इसमें फंसकर अपनी जान गवा देते हैं वहीं सड़कों पर चलने वाले लोगों के लिए भी यह जानलेवा साबित होता है।

चाइनीज मांझा आपूर्ति करने वाला गिरफ्तार

नई दिल्ली। एटीएस टीम ने न्यू कर्दमपुरी इलाके से चीनी मांझा बेचने वाले दुकानदार को गिरफ्तार किया है। दुकानदार के पास से 111 चाइनीज मांझे का रोल बरामद किया। आरोपी की पहचान न्यू कर्दम पुरी निवासी सोराब उर्फ सोनू के रूप में हुई है।

30 जून 2023 को समाप्त तिमाही के लिए वित्तीय परिणामों का उद्धरण

(₹ करोड़ में)

क्र. सं.	विवरण	एकल			समेकित		
		समाप्त तिमाही		समाप्त वर्ष	समाप्त तिमाही		समाप्त वर्ष
		30.06.2023 (अलेखापरीक्षित)	30.06.2022 (अलेखापरीक्षित)	31.03.2023 (लेखापरीक्षित)	30.06.2023 (अलेखापरीक्षित)	30.06.2022 (अलेखापरीक्षित)	31.03.2023 (लेखापरीक्षित)
1	प्रचालन से कुल आय	11,082.20	11,016.88	45,968.07	11,257.60	11,168.54	46,605.64
2	कर पूर्व निवल लाभ (विनियामक स्थगन खाते मे शेष में संचलन सहित (निवल कर))	4,111.12	4,268.15	17,471.12	4,218.30	4,331.26	17,701.62
3	अवधि हेतु कर पश्चात् निवल लाभ	3,542.65	3,765.93	15,335.54	3,597.16	3,801.29	15,419.74
4	कर के बाद निवल लाभ और अन्य व्यापक आय को मिलाकर कुल व्यापक आय	3,475.31	3,701.21	15,228.84	3,529.50	3,736.64	15,315.24
5	प्रदत्त इक्विटी शेयर पूंजी (शेयर का अंकित मूल्य: ₹10/– प्रत्येक)	6,975.45	6,975.45	6,975.45	6,975.45	6,975.45	6,975.45
6	आरक्षित (पुनर्मूल्यांकन आरक्षित को छोड़कर) तुलनपत्र में दर्शाए गए रूप में	79,344.04	72,886.03	75,868.73	79,581.07	73,017.48	76,050.84
7	प्रतिभूति प्रीमियम खाता	7,834.43	7,834.43	7,834.43	7,834.43	7,834.43	7,834.43
8	निवल मूल्य	86,319.49	79,861.48	82,844.18	86,556.52	79,992.93	83,026.29
9	कुल ऋण	1,22,694.71	1,33,023.80	1,26,594.90	1,22,694.71	1,33,023.80	1,26,594.90
10	ऋण इक्विटी अनुपात	1.42	1.67	1.53	1.42	1.66	1.52
11	प्रति इक्विटी शेयर अर्जन विनियामक की स्थगन खाता शेष में संचलन सहित (प्रति शेयर मूल्य: ₹10/–): मूल और तनुकृत (₹)	5.08	5.40	21.99	5.16	5.45	22.11
12	प्रति इक्विटी शेयर अर्जन विनियामक की स्थगन खाता शेष में संचलन छोड़कर (प्रति शेयर मूल्य: ₹10/–): मूल और तनुकृत (₹)	5.57	5.28	21.62	5.65	5.34	21.75
13	बॉन्ड शोधन आरक्षित	3,834.73	5,185.30	4,168.17	3,834.73	5,185.30	4,168.17
14	ऋण सेवा व्याप्ति अनुपात	1.73	1.96	1.52	1.77	1.99	1.54
15	ब्याज सेवा व्याप्ति अनुपात	4.15	4.69	3.93	4.33	4.80	4.02

टिप्पणियां: 1. उपरोक्त विवरण सेबी (सूचीबद्धता(लिस्टिंग)बाध्यताएँ और प्रकटीकरण अपेक्षाएँ) विनियम, 2015 के विनियम 33 और 52 के तहत स्टॉक एक्सचेंज में जमा किए गए तिमाही समेकित एवं एकल वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का उद्धरण है। तिमाही समेकित एवं एकल वित्तीय परिणामों का पूर्ण प्रारूप हमारी वेबसाइट https://www.powergrid.in के निवेशक खण्ड में तथा बीएसई लिमिटेड एवं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड की वेबसाइट क्रमशः https://www.bseindia.com और https://www.nseindia.com के कॉर्पोरेट खण्ड में उपलब्ध है।

2. जहां आवश्यक है, वहां पूर्ववर्ती अवधि के आंकड़ों को पुर्नवर्गीकृत /पूर्नव्यवस्थित किया गया है।

कृते और पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड की ओर से
हस्ता/–
जी. रवि शंकर
निदेशक (वित्त)

स्थान: गुरुग्राम
तिथि: 31 जुलाई, 2023

पावरग्रिड POWERGRID
पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड
(भारत सरकार का उद्यम)
पंजीकृत कार्यालय: बी–9, कुतब इंस्टीट्यूशनल एरिया, कटवारिया सराय, नई दिल्ली–110016
कॉर्पोरेट कार्यालय: "सौदामिनी", प्लॉट नंबर 2, सेक्टर–29, गुरुग्राम–122001(हरियाणा). सीआईएन : L40101DL1989GOI038121
हमें फालो करें
www.powergrid.in
महत्वपूर्ण सूचना: सदस्यों से अनुरोध है कि वे कंपनी/डिपॉजिटरी प्रतिभागियों/कंपनी के रजिस्ट्रार और ट्रांसफर एजेंट (KFINTECH) के साथ अपना ईमेल–आईडी पंजीकृत/अपडेट करें जिसका उपयोग भविष्य में ई–मेल के माध्यम से आधिकारिक दस्तावेज भेजने के लिए किया जाएगा।
एक महारत्न पीएसयू

सोहना में हालात सामान्य, पीस कमेटी की मांग पर जिला प्रशासन ने बाजार खोलने की दी अनुमति

सोहना क्षेत्र में शांति व कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए डीसी की अध्यक्षता में पीस कमेटी की हुई बैठक

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

सोहना में दोनों समुदायों के लोगों के साथ शांति वार्ता करते डीसी निशांत कुमार यादव।

सोहना क्षेत्र में शांति व्यवस्था व आपसी सद्भाव बनाये रखने को लेकर डीसी निशांत कुमार यादव की अध्यक्षता में पीस कमेटी की बैठक हुई। मंगलवार की सुबह सोहना स्थित हरियाणा पर्यटन विभाग के बारबेट टूरिस्ट कॉम्प्लेक्स में आयोजित इस बैठक में हिन्दू व मुस्लिम समाज के प्रबुद्धजन सहित सोहना के विधायक संजय सिंह व पूर्व विधायक तेजपाल तंवर भी शामिल हुए। बैठक में दोनों पक्षों ने क्षेत्र में शांति और सद्भाव बनाने का आश्वासन दिया।

डीसी निशांत कुमार यादव ने नूहं प्रकरण के मद्देनजर क्षेत्र में कानून व्यवस्था को शांतिपूर्ण बनाये रखने के लिए हिन्दू व मुस्लिम समाज के लोगों से आमजन मानस से संवाद स्थापित करने पर जोर दिया। डीसी ने कहा कि क्षेत्र में सांप्रदायिक उन्माद को फैलने से रोकने का एक ही उपाय है कि अफवाहों को नजरअंदाज किया जाए। हमारे समाज में सभी धर्म-सम्प्रदाय के मानने वाले सदियों से आपसी प्रेम और मेलजोल से रहते चले आए हैं और यही हमारे समाज का मूल स्वभाव है। नफरत और हिंसा के लिए हमारे समाज में कोई स्थान नहीं है। डीसी ने नागरिकों से अफवाहों को अनदेखा करके शांति, भाईचारा प्रेम और सहिष्णुता बनाए रखने की अपील कर कानून व्यवस्था बनाये रखने में शासन-प्रशासन की मदद करने का आह्वान किया। डीसी निशांत कुमार यादव ने पीस कमेटी की बैठक में उपस्थित दोनों समुदायों के लोगों से कहा कि सोहना क्षेत्र में अब हालात सामान्य है। डीसी ने सामान्य हो रहे हालातों के बीच कमेटी के सदस्यों की मांग पर बाजार खोलने की सहमति भी प्रदान की।

जिला प्रशासन की सोशल मीडिया पर है पैनी नजर : डीसी ने कहा कि किसी भी तरह की अमर्यादित भाषा, किसी व्यक्ति विशेष, जाति, धर्म संप्रदाय को आहत करने की मंशा से पोस्ट के रूप में कोई भी वीडियो,फोटो या अभिलेख ना डालें। अगर किसी व्यक्ति अथवा संस्था द्वारा कोई भी आपत्तिजनक पोस्ट डाली गई तो उसके खिलाफ नियमानुसार कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि कोई भी व्यक्ति सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर किसी प्रकार की भी कोई गलत अफवाह ना फैलाएं। अगर कोई भी सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाएगा या फिर किसी किसी के धर्म या जाति पर कोई गलत टिप्पणी करेगा तो उस पर पुलिस सख्त एक्शन लेगी। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन की सोशल मीडिया पर पैनी नजर है।

असामाजिक तत्वों की सूचना पुलिस को दें : बैठक में डीसीपी मुख्यालय दीपक गहलावत ने दोनों समुदायों से आह्वान किया कि नूहं प्रकरण के संदर्भ में सोहना में जो घटना घटित हुई है। उसके संबंध में आपके पास कोई भी सूचना हो तो तुरंत इसकी जानकारी पुलिस को दें ताकि दोषी व्यक्तियों को खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा सके। उन्होंने आमजन से अपील करते हुए कहा कि यदि आपके आसपास कोई भी असामाजिक तत्व संदिग्ध व्यक्ति या वाहन दिखाई दे या किसी भी आपातकालीन स्थिति में तुरंत संबंधित थाना या डायल 112 पर इसकी सूचना दें। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा।

सोहना में पुलिस ने निकाला फ्लैगमार्च : सोहना क्षेत्र में अमन शांति व कानून व्यवस्था को बनाए रखने के लिए पुलिस की ओर से सिटी में फ्लैग मार्च निकाला गया। डीसी निशांत कुमार यादव व डीसीपी दीपक गहलावत की अध्यक्षता में निकाले गए गए फ्लैग मार्च में लोगों से शांति और कानून व्यवस्था को बनाए रखने की अपील की गई। यह फ्लैग मार्च सोहना शहर के सभी चौक चौराहों, प्रमुख बाजारों से होकर गुरुग्राम-सोहना-अलवर राजमार्ग पर नूहं बॉर्डर तक निकाला गया।बैठक में डीसीपी साउथ सिद्धान्त जैन, सोहना के एसडीएम प्रदीप सिंह, सहित जिला प्रशासन के अनेक वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

सात से 11 अगस्त तक मनाया जाएगा व्यवसायिक मार्गदर्शन सप्ताह

गुरुग्राम। जिला रोजगार कार्यालय की ओर से आजादी के अमृत महोत्सव के तहत सात से 11 अगस्त तक व्यवसायिक मार्गदर्शन सप्ताह का आयोजन किया जाएगा। जिला रोजगार कार्यालय के प्रवक्ता ने बताया कि 7 अगस्त को व्यवसायिक मार्गदर्शन सप्ताह का शुभारंभ राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय खेड़की दोला व शिकोहपुर से किया जाएगा। मार्गदर्शन कार्यक्रम में मंडल रोजगार अधिकारी व सहायक रोजगार अधिकारी सहित अन्य विशेषज्ञों द्वार विधार्थियों को विभिन्न क्षेत्रो में कैरियर निर्माण सम्बंधी जानकारी दी जायेगी।

सात अगस्त को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय खेड़की दौला व शिकोहपुर में वस्त्र उद्योग, 8 अगस्त को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बादशाहपुर व भौंडसी में सरकारी व निजी संस्थानों में रोजगार के अवसर, 9 अगस्त को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय इस्लामपुर व बसई में वस्त्र उद्योग, 10 अगस्त को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय रिठौज व खेड़ला में चार्टेड एकाउंटटेंट व 11 अगस्त को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गवाल पहाड़ी व बंधवाड़ी में वस्त्र उद्योग क्षेत्र में कैरियर और रोजगार के विषय में विशेषज्ञ द्वारा मार्गदर्शन किया जाएगा।

संक्षिप्त समाचार

ठाकुर रतिराम फाउंडेशन ने 5 स्थानों पर लगाया भंडारा

गुरुग्राम। वजीरपुर गांव में ठाकुर रतिराम फाउंडेशन की ओर से विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। हर महीने पूर्णमासी के अवसर पर फाउंडेशन द्वारा भंडारा लगाया जाता है। मंगलवार को पूर्णमासी के शुभ दिवस पर फाउंडेशन द्वारा हर बार की तरह इस बार भी एक साथ पांच जगहों पर भंडारा आयोजित किया गया है। जिसमें हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर ठाकुर रतिराम फाउंडेशन के डायरेक्टर राजेश कुमार चौहान एवं प्रदीप चौहान सरपंच, डॉ. विजय सिंह नम्बरदार, अजय चौहान, प्रमोद चौहान, शुभम रस्तोगी, नारायण सिंह यादव, कंवर सिंह, विनोद कुमार चौहान, पारस कुमार लाटा, मनोज शर्मा, सोनू सैनी, जसविंदर तंवर, पंडित कमल कुमार मिश्रा एवं समाज के अन्य गणमान्य लोगों ने भंडारे की व्यवस्था बेहतर बनाए रखी। शांति के साथ लोगों ने भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया।

गुरुग्राम व बादशाहपुर में मीट की दुकानों में की तोड़फोड़

गुरुग्राम। नूंह में हुई घटना के विरोध में मंगलवार को गुरुग्राम व बादशाहपुर में लोगों ने मीट की दुकानों को निशाना बनाते हुए वहां पर तोड़फोड़ कर डाली। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और लोगों को वहां से खदेड़ा। गुरुग्राम में बसई रोड स्थित पटौदी के आसपास बनी मीट की चार दुकानों में लोगों ने जमकर तोड़फोड़ की। वहां काफी सामान तोड़ दिया गया। तोड़फोड़ करने के बाद युवाओं की भीड़ सदर बाजार की तरफ जाने लगी। इसी तरह से बादशाहपुर में भी भीड़ ने कुछ दुकानों को निशाना बनाया। वहां पर जब तक पुलिस पहुंची, लोग काफी तोड़फोड़ कर चुके थे। पुलिस और प्रशासन की इतनी मुस्तैदी और सक्रियता के बाद युवाओं ने दुकानों को क्षति पहुंचाई। पुलिस और प्रशासन ने सख्त लहजे में कह दिया है कि कोई भी हुड़दंगी अगर हत्थे चढ़ा तो उसे बख्शा नहीं जाएगा।

गुरुग्राम के सेक्टर-57 में फूंकी मस्जिद, एक की मौत

गुरुग्राम। नूंह के बाद दंगों की आग गुरुग्राम शहर तक भी पहुंच गई। हालांकि ऐहतियात के तौर पर शहर में बनीं मस्जिदों के बाहर पुलिस सुरक्षा की गई है, लेकिन सोमवार-मंगलवार की रात 12:10 बजे कुछ लोगों ने सेक्टर-57 स्थित अंजुमन मस्जिद पर हमला कर दिया। वहां आगजनी की। गुरुग्राम पुलिस प्रवक्ता मुताबिक इस दौरान एक व्यक्ति की हत्या भी की गई और एक घायल हुआ है। दमकल विभाग की गाड़ियों ने आग पर काबू पाया। प्रवक्ता के अनुसार मस्जिद पर हमला करने वालों की पहचान कर ली गई है। कई हमलावरों को काबू भी कर लिया गया है। उन्होंने कहा कि सोहना, पटौदी, मानेसर में इंटरनेट सेवाएं निलंबित की गई हैं।

एक्सप्रेस बेस्ट मिल्क देता है मां के दूध के फायदे: स्वीटी

गुरुग्राम। सिकंदरपुर सर्कल के गांव हयातपुर में सुपरवाइजर द्वारा विश्व स्तनपान सप्ताह 1 से 7 अगस्त 2023 का आयोजन किया गया। आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को एक्सप्रेस बेस्ट मिल्क के बारे में समझाया गया। सर्कल सुरवाइजर स्वीटी सांगवान ने एक्सप्रेस बेस्ट मिल्क को लेकर जागरुक करते हुए बताया कि यदि शिशु स्तनपान नहीं कर पा रहा है या माता यदि स्तनपान कराने के लिए हर समय उपलब्ध नहीं रह सकती, तो ऐसे में एक्सप्रेस बेस्ट मिल्क से शिशु को स्तन मिल्क के सभी फायदे मिल सकेंगे। स्तन दूध निकालने का फायदा यह भी है कि परिवार के सदस्य या फिर शिशु की देखभाल करने वाले भी वह दूध पिला सकते हैं। माता को भी आराम मिल सकता है। कामकाजी महिलाओं के लिए यह बहुत ही मददगार होता है। इस प्रकार अनेक महत्वपूर्ण बातों पर चर्चा करते हुए महिलाओं को महत्वपूर्ण जानकारियां दी गई। उन्होंने कहा कि महिलाओं, शिशुओं का विशेष ख्याल रखा जाना चाहिए। प्रसव से पहले और प्रसव के बाद में अच्छा खान-पान महिला व बच्चे को शारीरिक रूप से मजबूत बनाता है। प्रसव के दौरान में गर्भवती महिलाओं में किसी भी तरह से कमजोरी नहीं होनी चाहिए। महिलाओं को पौष्टिक चीजें खिलानी चाहिए। परिवार की अच्छी सेहत एक महिला की अच्छी सेहत पर निर्भर करती है। महिलाओं को खुशनुमा माहौल देने के साथ उनकी अच्छी देखरेख इस दौर में करनी जरूरी होती है।

01 व 02 अगस्त को होने वाली सैकेंडरी एवं डीएलएड की परीक्षाएं स्थगित

सोनीपत। हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. वीपी यादव ने बताया कि प्रदेशभर में 01 व 02 अगस्त, 2023 को संचालित होने वाली सैकेण्डरी (शैक्षिक) की अंग्रेजी व हिन्दी तथा डी.एल.एड. (नियमित, रि-अपीयर, मर्सी चांस) परीक्षाओं को स्थगित कर दिया गया है, शेष दिनों की परीक्षाएं यथावत संचालित होगी। बोर्ड अध्यक्ष ने कहा कि जिला नूंह में धारा-144 के चलते व कर्फ्यू लगने के कारण कल जिला नूंह व पलवल के परीक्षा केन्द्रों की 01 व 02 अगस्त, 2023 को संचालित होने वाली सैकेण्डरी (शैक्षिक) तथा डी.एल.एड. (नियमित, रि-अपीयर, मर्सी चांस) परीक्षाएं स्थगित करने का फैसला लिया गया था। बोर्ड अध्यक्ष डॉ. यादव ने कहा कि अब वर्तमान हालात के चलते प्रदेशभर में 01 व 02 अगस्त, 2023 को संचालित होने वाली सैकेण्डरी (शैक्षिक) की अंग्रेजी व हिन्दी तथा डी.एल.एड. (नियमित, रि-अपीयर, मर्सी चांस) परीक्षाओं को स्थगित कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि दोनों दिनों की स्थगित हुई परीक्षाओं की नई तिथि बारे शीघ्र ही अवगत करवा दिया जाएगा।

तंदुरुस्त रहने के लिए महिलाएं योग को अपनाएं: नवीन गोयल

गुरुग्राम के ओल्ड डीएलएफ में आयोजित योग कक्षा में नवीन गोयल को स्मृति चिन्ह देती महिलाएं।

नवीन गोयल ने महिलाओं को दी तीज की बधाई

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

ओल्ड डीएलएफ के पार्क में पतंजलि योग पीठ के माध्यम से चल रही योग कक्षा में पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा प्रमुख नवीन गोयल ने शिरकत की। उन्होंने यहां संचालिका रमा रानी को महिलाओं के लिए किए जा रहे कार्यों के लिए बधाई दी। साथ ही उन्होंने आगामी तीज पर्व की भी सभी को शुभकामनाएं दीं। साथ ही रमा के एसिस्टेंट कमिश्नर सेंटर जीएसटी बनने पर भी बधाई दी।

नवीन गोयल ने सभी को तीज व सावन माह की बधाई देते हुए कहा कि हम सभी को योग जरूर करना चाहिए। योग करने से हम शारीरिक व मानसिक रूप से स्वस्थ रहते हैं। हमें योग को अपने जीवन का हिस्सा बनाना चाहिए। हर महिला के स्वास्थ्य से पूरे परिवार का स्वास्थ्य जुड़ा होता है। अगर हमारे घर, परिवार की महिलाएं स्वस्थ होंगी तो पूरा परिवार स्वस्थ रहेगा। घर की रसोई से लेकर प्रोफेशनल जीवन में महिलाएं खुद को साबित करती हैं। हर कदम महिलाओं के जीवन में चुनौती रहती है। वे हर बाधा को पार करके जीवन में अपने आप को स्थापित करती हैं।

नूंह की घटना को बताया दुर्भाग्यपूर्ण

नवीन गोयल ने बृज मंडल यात्रा पर नूंह (मेवात) में पथराव, हमला, गोलीबारी की घटना को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए कहा कि सभी शांति व्यवस्था बनाए रखने में सरकार, प्रशासन का सहयोग करें। नवीन गोयल ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़, केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह इस घटना से व्यथित हैं। उन्होंने कहा है कि मेवात में सदा भाईचारा कायम रहा है। आगे भी वैसा ही भाईचारा बनाकर हम सबको रखना है। साथ ही उन्होंने कहा कि अराजक व हिसंक तत्वों पर कड़ी कार्यवाही होनी चाहिए। इस तरह से भाईचारा खराब करने की किसी को इजाजत नहीं है। हर वर्ग को साथ लेकर सरकार चल रही है।

हरियाणा के शहीदों के गांवों की पवित्र मिट्टी 311 कलशों में भरकर पहुंचाई जाएगी अमृत वाटिका: धनखड़

19 से 27 अगस्त तक हर बूथ पर पहुंचेंगे भाजपा के विस्तारक

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

भाजपा कार्यालय में बैठक लेते प्रदेश अध्यक्ष व संगठन मंत्री।

प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ की अध्यक्षता में मंगलवार को गुरुकमल में प्रदेश महामंत्रियों व जिला प्रभारियों की महत्वपूर्ण बैठक हुई। बैठक में लोकसभा चुनाव 2024 की तैयारियों को लेकर व्यापक चर्चा हुई। प्रदेश टीम द्वारा किए गए पिछले दिनों के कार्यक्रमों की समीक्षा की गई। बैठक से पहले नवनियुक्त संगठन मंत्री फणीन्द्र नाथ शर्मा ने कार्यभार संभाला।

प्रदेश अध्यक्ष ने बताया कि बूथ सशक्तिकरण के लिए 19 से 27 अगस्त तक विस्तारक योजना चलाई जाएगी। इस विस्तार योजना के तहत एक-एक विस्तारक हर बूथ पर जाएगा और वहां पार्टी के काम को गति देने का काम करेगा। उन्होंने बताया कि 19 और 20 अगस्त को लोकसभा स्तर पर विस्तारक योजना की कार्यशाला आयोजित की जाएगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 6 अगस्त को अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत रेलवे स्टेशनों के सौंदर्यीकरण को लेकर वर्चुअली संबोधित करेंगे। हरियाणा के भी 15 रेलवे स्टेशन अमृत योजना में शामिल किए गए हैं। धनखड़ ने कहा कि प्रदेश की हर विधानसभा में जितने भी हमारे शहीद हैं, उनके गांवों की मिट्टी सम्मानपूर्वक एकत्रित की जाएगी। सारी मिट्टी को एक कलश में डाला जाएगा। हर मंडल का एक कलश बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि सभी 311 मंडलों से मिट्टी को 29 अगस्त को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा दिल्ली में बनाई जा रही अमृत वाटिका में पहुंचाया जाएगा जिसमें पौधारोपण होगा। यह अमृत वाटिका एक भारत-श्रेष्ठ भारत का भी बहुत ही भव्य प्रतीक बनेगी।

जीत सुनिश्चित करने के संकल्प के साथ कार्य करें: फणीन्द्र नाथ

हरियाणा बीजेपी के नवनियुक्त संगठन महामंत्री फणीन्द्र नाथ शर्मा ने सभी पदाधिकारियों को चुनावी तैयारियों में जुट जाने को कहा। उन्होंने संगठन को मजबूत करने का मूल भी मंत्र दिया। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष ओम प्रकाश धनखड़ ने हरियाणा में संगठन महामंत्री नियुक्त किए जाने पर फणीन्द्र नाथ शर्मा स्वागत किया और उन्हें शुभकामनाएं दी। संगठन महामंत्री फणीन्द्र नाथ शर्मा ने संगठन विस्तार पर बल देते हुए कहा कि सशक्त मंडल-सशक्त बूथ को अपने कार्य का आधार बनाकर पार्टी के विस्तार का कार्य निरन्तर करते रहना है। उन्होंने कहा कि होने वाले लोकसभा चुनावों में पार्टी की विजय सुनिश्चित करने के संकल्प के साथ कार्य करना है।

ईडी ने हीरो मोटोकॉर्प के मालिक पवन मुंजाल के ठिकानों पर मारा छापा

मुंजाल के गुरुग्राम, दिल्ली परिसरों में ईडी ने गहनता से ली तलाशी, फर्जी कंपनियां बनाने का है आरोप

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

देश की बड़ी दुपहिया वाहन निर्माता कंपनी हीरो मोटोकॉर्प के मालिक कार्यकारी अध्यक्ष पवन मुंजाल के घर पर मंगलवार को ईडी ने छापा मारा। यह छापा गुरुग्राम व दिल्ली परिसरों में मारा गया। घंटों तक ईडी के अधिकारियों ने दोनों स्थानों पर गहनता से तलाशी ली। ईडी की इस कार्रवाई के बाद हीरो मोटोकॉर्प के शेयरों में भारी गिरावट देखने को मिली है।

हीरो मोटोकॉर्प के कार्यकारी अध्यक्ष पवन मुंजाल और कुछ अन्य लोगों के खिलाफ ईडी ने यह छापा मारने की कार्यवाही की है। मनी लॉन्ड्रिंग मामले की जांच के तहत यह छापेमारी की गई है। यह जांच राजस्व खुफिया निदेशालय की एक शिकायत पर की जा रही है। कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय ने कथित कॉर्पोरेट गवर्नेंस के मुद्दों पर हीरो मोटोकॉर्प के खिलाफ जांच का आदेश दिया था। जून में गुप्त सूत्रों ने ने ईडी को जानकारी दी थी कि हीरो मोटोकॉर्प पर फर्जी कंपनियां चला रही हैं। रजिस्ट्रार ऑफ कंपनीज की एक जांच से भी यह सामने आया कि कंपनी और इससे जुड़ी संस्थाओं के मामलों की गहन जांच की जाए।

बता दें कि हीरो मोटोकॉर्प एक कैलेंडर वर्ष में यूनिट्स की बिक्री के मामले में 2001 में दुनिया की सबसे बड़ी दोपहिया वाहन निर्माता कंपनी बनी थी। लगातार 20 साल से पहले नंबर पर कंपनी स्थापित है। कंपनी अपने दुपहिया वाहन एशिया, अफ्रीका और दक्षिण एवं मध्य अमेरिका के 40 देशों में भेजती है।

एक भारत-श्रेष्ठ भारत की परिकल्पना साकार करेगा भारत अंतर्राष्ट्रीय सांस्कृतिक केंद्र: अर्जुनराम मेघवाल

केंद्रीय कानून एवं संस्कृति मंत्री ने भारत अंतर्राष्ट्रीय सांस्कृतिक केन्द्र निर्माण समिति की सराहना की

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

गुरुग्रम में भारत अंतर्राट्रीय सांस्कृतिक केंद्र के शिलान्यास कार्यक्रम में सरस्वती म्यूजियम की मुख्य शिला स्थापित करते केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल।

भारत के कानून एवं संस्कृति राज्य मंत्री अर्जुनराम मेघवाल ने मंगलवार को यहां सेक्टर-9ए में चल रहे भारत अंतरराष्ट्रीय सांस्कृतिक केंद्र के भव्य शिलान्यास एवं तीन दिवसीय संस्कृति महोत्सव के अंतिम दिन सांयकालीन सत्र में भाग लिया। मंत्री ने भारत अंतरराष्ट्रीय सांस्कृतिक केंद्र में स्थापित होने वाले सरस्वती म्यूजियम की मुख्य शिला स्थापित की।

संस्कृति एवं कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने द्वीप प्रज्वलन करने के बाद हरियाणा कला परिषद के कलाकारों द्वारा प्रस्तुत भगवान बिरसा मुंडा पर आधारित नृत्य नाटिका देखी। जिसमें भगवान बिरसा मुंडा के जीवन और उनके संघर्षों को दिखाया गया। इस अवसर पर अर्जुन राम मेघवाल ने कहा कि इंटरनेशनल दिव्य परिवार सोसाइटी एवं चाणक्य वार्ता परिवार द्वारा स्थापित होने जा रहे भारत अंतरराष्ट्रीय सांस्कृतिक केन्द्र के सभी उद्देश्य बहुत सार्थक और प्रासंगिक है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि जिस प्रकार भगवान बिरसा मुंडा पर आधारित नृत्य नाटिका दिखाई गई उसी प्रकार हमारी सरकार ऐसे वीरों को सामने लाना चाहती है जो असाधारण रूप से वीर थे। कुछ कारणों से उनको मुख्य धारा में लाने से रोका गया, जिसका परिणाम हुआ कि हमारे अनेक अनसंग हीरो आज समाज के ध्यान से विलुप्त हैं। मेघवाल ने कहा कि इस सांस्कृतिक केंद्र में बनने वाला सरस्वती म्यूजियम भी बहुत महत्वपूर्ण होगा। साथ ही आदिवासी जनजातीय शोध केंद्र, भारतीय भाषाओं पर शोध एवं अध्ययन, संस्कृति पुस्तकालय आदि अनेक प्रकार की योजनाएं इस केंद्र पर संचालित होंगी। केंद्रीय मंत्री मेघवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा दिए गए नारे-एक भारत श्रेष्ठ भारत की परिकल्पना भी यहां साकार हो रही है। इस अवसर पर लक्ष्मी नारायण भाला, गणि राजेन्द्र विजय, डॉ अमित जैन, ईश्वर करूण, महावीर भारद्वाज, गौसेवा आयोग के वाइस चेयरमैन पूरन यादव लोहचब, भाजपा के प्रदेश सह मीडिया प्रमुख अरविंद सैनी, अशोक दिवाकर आदि आयोजन समिति के अनेक सदस्य उपस्थित रहे।

ट्रिनिटी कॉलेज की छात्रा राफिया ट्रानंम का सम्मान

जालंधर। ट्रिनिटी ग्रुप आफ इंस्टिट्यूटस के डायरैक्टर रेव. फादर पीटर कावुमपुरम जी ने जानकारी देते हुए बताया कि यह बहुत सम्मान की बात है कि गुरु नानक देव यूनिवर्सिटी की तरफ से आए बी. सी. ए भाग दूसरा के नतीजे में से छात्रा राफिया ट्रानंम सुपुत्री श्री परवेज मुहम्मद ने 83त्न अंक प्राप्त करके यूनिवर्सिटी में से तीसरा स्थान प्राप्त कर ट्रिनिटी कॉलेज और अपने माता- पिता का नाम रोशन किया। कॉलेज की मैनेजमेंट की तरफ से इस होनहार छात्रा का सम्मान किया गया। इसअवसर पर छात्रा राफिया ट्रानंम ने कहा कि हमें खुशी है कि मैं उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए ट्रिनिटी ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूटस के ट्रिनिटी कालेज को चुना। ट्रिनिटी कॉलेज की समूह मैनेजमेंट और अध्यापक हमेशा विद्यार्थियों की भलाई के लिए वचनबद्ध है। यहाँ उच्च शिक्षा के साथ साथ विद्यार्थियों के सरवपक्खी विकास के लिए कई गति विधियों भी करवाई जातीं हैं।

गुरुग्राम जिला में स्थिति नियंत्रित अफवाहों पर ध्यान न दें जिलावासी

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

पत्रकारों से बात करते डीसी निशांत कुमार यादव।

गुरुग्राम जिला में स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है और किसी भी प्रकार की अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। जिला में सोहना के साथ-साथ अन्य क्षेत्रों में भी पीस कमेटी को एक्टिव किया जाएगा, ताकि जिला में सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने के प्रयास को रोका जा सके। यह बात डीसी निशांत कुमार यादव ने मंगलवार को लघु सचिवालय स्थित कांफ्रेंस हॉल में पत्रकारों से बातचीत में कही।

निशांत कुमार यादव ने कहा कि सोहना में पीस कमेटी के सदस्यों ने पूरी तरह आश्वस्त किया है कि वे क्षेत्र में किसी प्रकार का तनाव पैदा नहीं होने देंगे। सोशल मीडिया के माध्यम से किसी प्रकार की फेक न्यूज, अफवाह या भड़काऊ भाषण आदि न फैले, इसके लिए सोहना, मानेसर और पटौदी में मोबाइल इंटरनेट बंद कर दिया गया है। उन्होंने मीडिया के माध्यम से जिला वासियों से भी अपील करते हुए कहा कि किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें। जिला प्रशासन द्वारा सौहार्द बिगाड़ने का प्रयास करने वालों पर भी नजर रखी जा रही है। उन्होंने बताया कि जिला में धार्मिक स्थलों की सुरक्षा भी बढ़ाई जा चुकी है। जिलावासी भी सामाजिक सौहार्द बनाए रखने में जिला प्रशासन का सहयोग करे।

डीसी ने बताया कि जिला में लोगों के आवागमन को लेकर किसी प्रकार की मनाही नहीं है। पीस कमेटी की मांग पर सोहना में भी बाजार खोल दिए गए है। हालांकि जिला में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए धारा 144 लगाई गई है, जोकि आगामी आदेशों तक जारी रहेगी। उन्होंने जिला में तनाव से जुड़ी घटनाओं के सवाल के जवाब में बताया कि सोमवार की शाम को सोहना में पांच वाहनों व तीन दुकानों को नुकसान पहुंचाया गया।

सेक्टर-57 में निर्माणाधीन एक धार्मिक स्थल पर देर रात तोड़फोड़ हुई है, जिसमें एक व्यक्ति की मृत्यु हो गई और एक अन्य घायल हुआ है। इस मामले में शामिल पांच आरोपियों को राउंड अप भी किया गया है। अन्य की पहचान की जा रही है। इन घटनाओं की रिपोर्ट हरियाणा सरकार को भेज दी गई है। इस अवसर पर सूचना, लोक संपर्क, भाषा तथा संस्कृति विभाग हरियाणा के संयुक्त निदेशक रणबीर सिंह सांगवान व जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी बिजेंद्र कुमार भी उपस्थित रहे।

फरीदाबाद में 78 राशन डिपो अब महिलाओं को मिलेंगे

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

हरियाणा के राशन डिपो में महिलाओं को दिया गया 33 फीसदी आरक्षण, आवेदन पोर्टल की हुई शुरुआत

खाद्य एवं आपूर्ति विभाग अब महिलाओं को बंद पड़े राशन डिपो देगा। इसके लिए विभाग ने सूची जारी कर दी है। इसके तहत जिले में कुल 78 राशन डिपो महिलाओं को दिए जाएंगे। इनमें से 23 डिपो शहरी और 55 डिपो ग्रामीण क्षेत्रों के हैं। इसके लिए महिलाओं को अब सात अगस्त तक सरल पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन करने होंगे। इसके लिए उपमुख्यमंत्री ने पोर्टल को को शुरू कर दिया है।

यह जानकारी देते हुए डीसी विक्रम सिंह ने बताया कि उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने प्रदेशभर के राशन डिपो में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत राशन डिपो में हिस्सेदारी की घोषणा की थी। इस पर उन्होंने काम करते हुए इस पोर्टल को शुरू कर दिया है। जिले में राशन के 78 डिपो किन्हीं कारणों से बंद थे।

इन डिपो को अब महिलाओं से चलवाया जाएगा। इसके लिए विभाग को मुख्यालय से भी निर्देश मिले हैं। इसमें उन्होंने विभाग को निर्देश दिए थे कि महिलाओं की

राशन डिपो में हिस्सेदारी बैकलॉग से पूरी की जाए। इसके चलते जिले में फिलहाल बंद पड़े राशन डिपो को चलवाया जाएगा। अब इन सभी डिपो को महिलाओं को दिया जाएगा, ताकि महिलाओं का राशन डिपो में 33 प्रतिशत कोटा पूरा किया जा सके। हालांकि जिले में वर्तमान में 658 राशन डिपो हैं। इनमें से 98 राशन डिपो महिलाएं चला रही हैं, जबकि 560 राशन डिपो पुरुष चला रहे हैं। जिले में महिलाओं को 33 प्रतिशत हिस्सेदारी बैकलॉग के माध्यम से पूरी करने के लिए 217 राशन डिपो इनके हिस्से में आते हैं। विभाग ने फैसला लिया है कि अब भविष्य में जिस भी डिपो पर अनियमितता मिलने के कारण बंद करना होगा, उन राशन डिपो को विभाग महिलाओं की हिस्सेदारी पूरी करने के लिए आवंटन करेगा।

किसी भी प्रकार की जानकारी के लिए खंड वाइज संपर्क कर सकते हैं

यह है नियम व शर्तें

राशन डिपो लेने के लिए आवेदन ऑनलाइन पोर्टल सरल पर सात अगस्त तक आवेदन करना होगा। इसके लिए शैक्षणिक योग्यता 12वीं पास होना अनिवार्य है। आवेदनकर्ता की आयु 21 से 45 वर्ष तक होनी चाहिए। हरियाणा पीडीएस कंट्रोल ऑर्डर 2023 के अनुसार महिलाओं के लिए आरक्षित सीट अनुसार किए जाएंगे। जिले में सभी गांव, वार्डों की आरक्षित सीटों की सूचना पोर्टल पर अपलोड की जा चुकी हैं।

जिले में खंड वाइज डिपो की संख्या

1. बल्लभगढ़ - 46
2. ओल्ड फरीदाबाद - 31
3. एनआईटी फरीदाबाद - 01

सहायक खाद्य एवं आपूर्ति अधिकारी, एनआईटी फरीदाबाद -8168792654, सहायक खाद्य एवं आपूर्ति अधिकारी, ओल्ड फरीदाबाद - 9818464415, सहायक खाद्य एवं आपूर्ति अधिकारी, बल्लभगढ़ - 8076060035 नंबर पर संपर्क कर सकते हैं।

पलवल पहुंची नूंह हिंसा की आग

कबाड़ियों की 25-30 झुग्गियां जलीं

दुकान में तोड़फोड़, लूटपाट, तीनों शहरों में बाजार बंद

पायनियर समाचार सेवा। पलवल

पलवल में झुग्गियों में लगती आग व थाने पहुंचे विहिप कार्यकर्ता

नूंह में ब्रज मंडल यात्रा के दौरान हुए बवाल की आग पलवल पहुंच चुकी है। पलवल में परशुराम कॉलोनी के पास बनाई गई 25-30 झुग्गियों को जला दिया गया। पुलिस फिलहाल न आग लगाने वाले का कोई सुराग लगा पाई और न ही इन झुग्गियों में रह रहे लोगों की कोई पहचान कर सकी है। इन झुग्गियों में शहर में कूडा बीनने वाले एक समुदाय विशेष के लोग रहते थे। इससे पहले शहर में सिलाई मशीन की दुकान में तोड़फोड़ व लूटपाट हुई। एक स्कूटी को भी जलाया गया।

मेवात के नूंह में ब्रज मंडल यात्रा के दौरान हुए बवाल के चलते पलवल में हालात तनावपूर्ण हैं। यहां कुछ लोगों ने बीती रात कुछ वाहनों में आग लगा दी और कुछ धार्मिक स्थलों पर भी तोड़फोड़ की। मंगलवार सुबह परशुराम कॉलोनी में बनी झुग्गियों को आग के हवाले कर दिया। आग की ऊंची-ऊंची लपटों के कारण आसपास के लोगों में दहशत का माहौल बन गया।

जिस जमीन पर झुग्गियां बनी हुई थी, उसके मालिक सुरेश व उसके भतीजे कृष्ण ने बताया कि उन्होंने अपनी जमीन करीब दो वर्ष से कबाड़ का काम करने वालों को किराए पर दी थी। यहां करीब 30 झुग्गियां बनाई हुई हैं। मंगलवार की सुबह झुग्गियों में आग लग गई। आग लगते ही झुग्गियों में रहने वाले लोग मौके से फरार हो गए।

पलवल में ये हुई वारदात : सुबह 10 बजे होडल के मेन बाजार के नजदीक गांधी चौक पर स्थित एक कपड़े की दुकान व एक सिलाई मशीन की दुकान के ताले तोड़कर 15-20 अज्ञात लोगों ने तोड़-फोड़ और लूटपाट की गई।

सुबह 10.20 बजे 50-60 अज्ञात युवकों की भीड़ ने परशुराम कॉलोनी पलवल में झुग्गी झोपड़ियों में रह रहे एक समुदाय की लगभग 25-30 झोपड़ियों में आग लगा दी।

सुबह 10.20 बजे 30-35 युवक किठवाड़ी चौक पर पहुंचे और शोर-शराबा करने लगे। पुलिस मौके पर पहुंची और 6-7 युवकों को पकड़ कर थाने ले गई। उनको छुडवाने पहुंचे अंतर्राष्ट्रीय हिन्दू परिषद के प्रदेश अध्यक्ष मुनीष भारद्वाज व उसके साथियों को भी थाने में बैठा लिया गया।

तीनों शहरों के बाजार आज बंद : मंगलवार को सुबह से ही जिले के पलवल, होडल व हथीन में धारा 144 के चलते हुए सभी सरकारी व निजी स्कूल बंद हैं। मुख्य बाजार भी बंद है। लेकिन किसी भी पक्ष की ओर से जिले में अभी तक सरकारी संपत्ति को कोई नुकसान नहीं पहुंचाया गया है और न पुलिस को किसी भी पक्ष की ओर से कोई शिकायत दी गई है।

सुरक्षा की दृष्टि से यूपी बार्डर सील : पीआरओ संजय कुमार के अनुसार, पलवल में फिलहाल शांति बनी हुई है। सुरक्षा के लिए सीआरपीएफ की तीन टुकड़ी मंगवाई हुई हैं। नेशनल हाईवे पर यूपी-हरियाणा (करमन) बॉर्डर को सील कर दिया गया है। बॉर्डर पर जिले की पुलिस लगी हुई है। शहर में धारा 144 लागू की हुई है।

केंद्रीय विद्यालय फरीदाबाद ने किया राष्ट्रीय स्तर पर नाम रोशन

फरीदाबाद। प्रगति मैदान के नव निर्मित भारत मंडप्पम में राष्ट्रीय स्तर के पीएमश्री एवं नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तीन वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में चल रहे अखिल भारतीय शिक्षा समागम 2023 का आयोजन किया गया। इसके अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में केंद्रीय विद्यालय नंबर-2, फरीदाबाद ने राष्ट्रीय स्तर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के समक्ष शिक्षा नीति पर सामूहिक गान प्रस्तुत किया गया।

गत सप्ताह इसी विषय पर विद्यालय में भी विभिन्न कार्यक्रमों, राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर प्रश्नोतरी, वाद-विवाद प्रतियोगिता, प्रस्ताव लेखन, रंगोली एवं पौधारोपण का भी आयोजन किया गया। विद्यालय के विद्यार्थियों और शिक्षकों ने सही मायने में शिक्षा नीति के अंतर्गत जनभागीदारी सुनिश्चित की। विद्यालय की प्राचार्या ममता शेखर के मार्गदर्शन में कार्यक्रम को सफल बनाया।

जनहित सेवा संस्था ने 250 पौधे लगाए

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

जनहित सेवा संस्था फरीदाबाद ने वन विभाग के सहयोग से सरदार उधम सिंह के 83वें शहीदी दिवस व मुंशी प्रेमचंद पत्रकार, लेखक, अध्यापक की जंयती पर याद कर पर्यावरण संरक्षण अभियान के तहत गांव दयालपुर के हर्बल पार्क में पौधारोपण किया। पौधारोपण करते हुए संस्था के अध्यक्ष संतसिंह हुड्डा ने कहा कि पौधारोपण करना केवल वन विभाग का कार्य नहीं है, यह हम सबका दायित्व है।

पौधों का पर्यावरण संरक्षण में अहम योगदान है। हमें पौधारोपण करने के साथ उनकी परवरिश भी करनी चाहिए। इसके लिए समाज के हर वर्ग के लोगों को अपने घर, खेत, गांव, जोहड़, पंचायत जगह, पार्क, रोड के साथ पौधारोपण कर उनकी देखभाल करनी चाहिए। पेड़ पौधे हमारे जीवन के लिए अति आवश्यक हैं। विकास से ज्यादा सांसें कीमती हैं। संतसिंह हुड्डा ने टीम सहित सरदार उधम सिंह को याद कर श्रद्धांजलि अर्पित कर कहा कि मां भारती के वीर सपूत सरदार उधम सिंह ने जलियांवाला बाग हत्याकांड का बदला इंग्लैंड में जाकर जनरल डायर की हत्या करके लिया, ऐसे महान बलिदानियों की वजह से आज हम स्वतंत्र हैं। महापुरुष सदैव सभी के गौरव रहे हैं। हमें इनसे प्रेरणा लेते हुए राष्ट्रहित में बढ़-चढ़कर अपना योगदान देकर देश को मजबूत बनाना चाहिए। इस अवसर पर उनके साथ महासचिव सुभाष गहलोत, सरपंच पति गुल्लू, समाजसेवी निशांत हुड्डा, नरेंद्र सराव प्रवक्ता, निखिल बीसला, पदम सिंह सराव, राजेश गौतम, वन विभाग से दरोगा मनोज, वनरक्षक विकास, विरेंद्र आदि मौजूद थे।

फ्लैग मार्च निकाल पुलिस ने दिया शांति का संदेश, लगाई अतिरिक्त पुलिस

पायनियर समाचार सेवा। पलवल

मेवात जिला में हुई हिंसा से जिला पुलिस हाईअलर्ट पर है। चप्पे-चप्पे पर पुलिस की तैनाती की गई है। शहर के चौराहों, भीड़ वाले इलाकों में धार्मिक भवनों के समीप पुलिस के पुख्ता प्रबंध हैं। पुलिस अधीक्षक पलवल लोकेंद्र सिंह ने कहा है कि जिला में शांति बनाए रखे। कानून व्यवस्था बनाने के लिए जिले में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है।

इसमें जिला पुलिस के लगभग 800 जवान के साथ-साथ बीएसफ की एक कंपनी, सीआरपीएफ की दो कंपनी, आईआरबी की एक कंपनी और फरीदाबाद पुलिस की एक कंपनी की तैनाती की गई है। पुलिस लगातार फ्लैगमार्च कर रही है और लोगों से कानून व्यवस्था बनाने में सहयोग की अपील कर रही है। पुलिस अधीक्षक ने कड़े शब्दों में कहा है कि कोई भी व्यक्ति किसी भी तरह की झूठी खबर धार्मिक भावनाएं भड़काने वाली, धर्म जाति, वर्ग विशेष पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने वाली, भ्रामक जानकारी फैलाने वाली, जनभावना को आहत करने वाली, लोक शांति भंग करने वाली पोस्ट, फोटो या वीडियो को फेसबुक/ व्हाट्सएप / ट्विटर / इंस्टाग्राम इत्यादि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर फॉरवर्ड या शेयर बिल्कुल न करें। ऐसे लोगों पर पुलिस खुफिया तंत्र, मुखबर तंत्र और साइबर पुलिस द्वारा सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इत्यादि पर लगातार निगरानी रखी जा रही है। भड़काऊ पोस्ट करने या ऐसी पोस्ट पर कमेंट, लाइक और फॉरवर्ड करने पर संबंधित व्यक्ति के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई करते हुए आपराधिक मामला दर्ज किया जाएगा। साथ ही अपील की है कि आमजन फेक न्यूज/ भ्रामक खबरों/ अफवाह फैलाने वालों के बहकावे में न आएं। कानून को अपने हाथ में नहीं लें। कानून व्यवस्ता खराब करने वालों के साथ सख्ती से निपटा जाएगा।

मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम से गुमनाम नायकों व शहीदों को किया जाएगा याद

गांवों और शहरों के सभी वार्डों से एक-एक मुट्ठी मिट्टी की जाएगी एकत्रित

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रमों के क्रियान्वयन के लिए जिस विभाग की जो भी जिम्मेदारी बनती है, उसे पूरी निष्ठा के साथ समय बध पूरा करके ऑनलाइन प्लेटफार्म प्रणाली पर अपलोड करना सुनिश्चित करें। डीसी विक्रम सिंह लघु सचिवालय में आयोजित मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रमों के बेहतर क्रियान्वयन के लिए अधिकारियों को निर्देश दे रहे थे।

डीसी ने कहा कि सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार आजादी के अमृत महोत्सव की कड़ी को आगे बढ़ाते हुए मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रमों के जरिये आमजन को भागीदार बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि एक नए युग की शुरुआत को चिन्हित करने के लिए स्वतंत्रता संग्राम के गुमनाम नायकों और शहीदों को याद किया जाएगा। डीसी ने कहा कि 15 अगस्त 2022 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अगले 25 वर्षों में भारत को एक विकसित राष्ट्र में बदलने के लिए 'पंच प्राण' (पांच संकल्प) निर्धारित किए थे। पंच प्राण कार्यक्रम के जरिये सभी गांवों और शहरों के सभी वार्डों से एक-एक मुट्ठी मिट्टी एकत्रित की जाएगी।

ये हैं पंच प्राण संकल्प : विकसित भारत के बड़े संकल्प के साथ आगे बढ़ें, गुलामी के सभी निशान मिटा दें, भारत की विरासत पर गर्व करें, एकता की ताकत और प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री सहित नागरिकों के कर्तव्य निर्धारित किए गए हैं। डीसी ने कहा कि पीएम मोदी के अनुसार, ये पांच संकल्प एक विकसित देश के लिए महत्वपूर्ण होंगे। जब देश 2047 में स्वतंत्रता के 100 साल पूरे करेगा। इन पांच संकल्पों में पीएम का विश्वगुरु भारत का सपना भी शामिल है। आजादी के 100 साल पूरे होने पर पीएम मोदी भारत को विश्वगुरु बनाना चाहते हैं।

सीईओ जिला परिषद आशिमा सांगवान ने मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के संदर्भ में बैठक में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि देश ने अपनी आजादी के 75 वर्ष पूरे कर लिए हैं और पंच प्राण की भावना के साथ अमृत काल की ओर बढ़ने के लिए पूरी तरह तैयार है।

उद्देश्य : इस कार्यक्रम का उद्देश्य एक नए युग की शुरुआत को चिन्हित करने के लिए स्वतंत्रता संग्राम के गुमनाम नायकों और शहीदों को याद करना है। इसके लिए एक राष्ट्रव्यापी अभियान के साथ-साथ प्रधानमंत्री के पंच प्राण पर जनता को जागरूक करके अमृत काल के लिए तैयार करना है। देश की प्रत्येक ग्राम पंचायत को कवर करने वाला यह राष्ट्रीय स्तर का अभियान नौ अगस्त से 15 अगस्त तक नई दिल्ली में प्रस्तावित एक मेगा इवेंट के साथ शीर्ष पर होगा, जिसमें देश भर से 75,000 युवाओं की विशेष भागीदारी रहेगी।

हर गांव में चलाया जाएगा स्वच्छ हरित पंचायत अभियान

पायनियर समाचार सेवा। पलवल

जिले के प्रत्येक गांव में जिला प्रशासन के माध्यम से सात अगस्त तक स्वच्छ हरित पंचायत अभियान चलेगा। इसके तहत एक पेड़ विश्वास का, स्वच्छता सहित अन्य जागरूकता गतिविधियां करवाई जाएंगी। जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी जितेंद्र कुमार ने जिले के सभी संबंधित खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी, जिला कार्यक्रम प्रबंधक, खंड समन्वयकों, स्वच्छ भारत मिशन सहित एबीपीओ उपमंडल अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे इस कार्यक्रम में सभी पंचायत राज से जुड़े ग्रामीणों और फील्ड में कार्यरत सरकारी और गैर सरकारी विभागों के अधिकारियों और कर्मचारियों को भाग लेने तथा सामाजिक व धार्मिक संस्थाओं से जुड़े लोगों से आह्वान कर इसे जन आंदोलन बनाने का की दिशा में कार्य करें। सीईओ जिला परिषद ने कहा कि दो अगस्त को प्लास्टिक मुक्त पंचायत बनाने के लिए गांवों में प्लास्टिक एकत्रित करने के लिए श्रमदान चलाया जाएगा। तीन अगस्त को गांव में सफाई अभियान का आयोजन होगा। उन्होंने बताया कि चार अगस्त को गांवों में स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण योजना के सहयोग से आमजन के घर पर पहले से बने सिंगल पीट शौचालयों को दो गड्ढों के शौचालयों में बदलने के लिए आमजन को जागरूकता से संबंधित गतिविधियों का आयोजन होगा। जिन परिवारों के पास एक गड्ढे वाला शौचालय है, उनके दो गड्ढे में तब्दील करके रेट्रोफिटिंग की जाएगी। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों को समझाया जाए कि एक गड्ढे वाले शौचालयों की गहराई अधिक होने के कारण उसके आसपास के भू-जल की स्वच्छता को खतरा रहता है, जबकि दो गड्ढे वाले शौचालयों की विधि से धरती के भू-जल की स्वच्छता बरकरार रहती है। जागरूकता कार्यक्रमों में आमजन को दो गड्ढे वाले शौचालय के निर्माण के लिए प्रेरित किया जाएगा।

संक्षिप्त समाचार

दधिचि देहदान समिति ने लगाया जागरूकता शिविर

फरीदाबाद। महावीर इंटरनेशनल सोशल फाउंडेशन फरीदाबाद ने रोटी बैंक सेवा सम्मान दिवस पर स्वास्थ्य जांच शिविर के साथ अंगदान, देहदान जागरूकता शिविर लगाया गया। इस शिविर में सभी को जागरूक किया गया और इच्छुक संकल्पित को अंगदान, देहदान के फार्म दिए गए। पूजा शर्मा ने नेत्रदान, सुरेंद्र कुमार अरोड़ा ने संपूर्ण देहदान, कुनाल आहूजा ने नेत्रदान, मधुबाला ने अंगदान, आशु वर्मा ने अंगदान व गौरव कांत, लक्ष्मी गुलाटी ने संकल्प लिया। एनआईटी, बड़खल मंडल संयोजक ने उमेश अरोड़ा व अजीत सिंह पटवा का आभार जताया। दधिचि देहदान समिति फरीदाबाद से राजीव गोयल, विनोद बंसल, अजीत अग्रवाल, दिनेश बरेजा, विकास भाटिया, मास्टर राम भाटिया, ओम प्रकाश, हनीश भाटिया आदि शामिल थे। कार्यक्रम के अंत में परियोजना निदेशक उमेश अरोड़ा ने हनीश, ओम प्रकाश भाटिया को मंच पर माला पहनाकर सम्मानित किया।

वैश्य समाज ने मेधावी छात्र छात्राओं को किया सम्मानित

फरीदाबाद। वैश्य समाज सेक्टर 28 से 31 द्वारा आयोजित वैश्य प्रतिभा प्रोत्साहन समारोह में समाज के दसवीं व बारहवीं के 27 मेधावी छात्र छात्राओं को पुरस्कृत कर प्रोत्साहित किया। सेक्टर 28 रघुनाथ मंदिर के सभागार में हुए इस समारोह में 10वीं व 12वीं के 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को फरीदाबाद के विधायक नरेंद्र गुप्ता व विहिप के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष रमेश गुप्ता, निवर्तमान वरिष्ठ उपमहापौर देवेंद्र चौधरी, समाज अध्यक्ष विनेश अग्रवाल, महासचिव बीआर सिंगला व अन्य पदाधिकारियों द्वारा सम्मानित किया गया। पुरस्कृत होने वाले छात्रों में बारहवीं के सक्षम मित्तल, वंसिता गुप्ता, आरुषि बैद, मानसी अग्रवाल, गजल रूंगटा, रिया अग्रवाल, गोविंद सोमानी, अतिक्ष अग्रवाल, भूमिका सिंघल, विधि गुप्ता तथा दसवीं की परीक्षा में ऋषभ गुप्ता, ध्रुव गुप्ता, अर्णव मित्तल, अवनी गर्ग, पीयूष गोयल, आरिव बंसल, तविषि अग्रवाल, पुलकित मित्तल, हर्षिता अग्रवाल, सुरभि गोयल, कुशाग्र जिंदल व लावण्या गुप्ता को सम्मानित किया गया। इसके साथ साथ डॉ. चेतना सोमानी, बैडमिंटन खिलाड़ी ताशवी गुप्ता, आईआईटी में दाखिला प्राप्त अरिहंत जैन, जेईई मेन में रैंक प्राप्त दिवा मित्तल व स्टेट किकबॉक्सिंग में गोल्ड मेडल विजेता राहुल गर्ग को पुरस्कृत किया गया। समारोह में बलराज गुप्ता, जीडी गोयल, अरुण मित्तल, पवन गोयल, डीके गोयल, मनमोहन सोमानी, पीडी गर्ग, डीके जैन, अरुण गुप्ता, दीपचंद, नरेश अग्रवाल, श्याम बागला, परवीन सिंगला, बालकृष्ण मंगला, श्याम पेड़ीवाल, कपिल गर्ग, ललित खंडेलवाल, एपी गुप्ता आदि ने सहयोग किया।

समाज से नशे को दूर रखना प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी

पलवल। डीसी नेहा सिंह ने बताया कि स्वस्थ जीवन के लिए नशा पर अंकुश लगाना बेहद जरूरी है। स्वस्थ समाज की कल्पना के लिए जरूरी है कि नशा को पूरी तरह से खत्म किया जाए। यह तभी संभव है कि हर एक व्यक्ति नशा मुक्त भारत अभियान में अपने हिस्सेदारी निभाए। प्रत्येक व्यक्ति का कर्तव्य है कि वह स्वयं व परिवार के साथ-साथ समाज को नशे से दूर रखे। नशे की लत का खात्मा करने के संबंध में आमजन टोल फ्री हेल्पलाइन नंबर-90508-91508 पर संपर्क कर सकते हैं। डीसी ने बताया कि नशा हमें शारीरिक व मानसिक दोनों रूप से खत्म करता है। नशा से बचने व नशा छोड़ने के लिए स्वास्थ्य विभाग पलवल की ओर से समय-समय पर अन्य विभाग के साथ मिलकर जागरूकता अभियान चलाए जाते हैं। नशे के लिए जितना दवाई काम करती है, उतना ही मनोसामाजिक काउंसलिंग का भी योगदान होता है, क्योंकि नशे को छुड़ाने के लिए व्यक्ति की इच्छा शक्ति बहुत जरूरी है। दवाई तब तक काम करती है, जब तक मरीज की इच्छा शक्ति कमजोर होती है। मनोसामाजिक काउंसलिंग व्यक्ति की इच्छा शक्ति को मजबूत करके उसे नशा मुक्ति के लिए प्रेरित करती है। नागरिक अस्पताल पलवल के कमरा नंबर-19 में डिस्ट्रिक मेंटल हेल्थ प्रोग्राम के तहत मनोवैज्ञानिक द्वारा मनोसामाजिक काउंसिल सत्र लिए जाते हैं। मनोचिकित्सक प्रत्येक मंगलवार व वीरवार को नशे के आदी लोगों को नशा छुड़ाने की दवा के साथ-साथ मोटिवेट भी करते हैं। नशे के आदी लोगों को इसका जरूर लाभ उठाना चाहिए, ताकि वे नशा से मुक्ति पा सकें।

जूट बैग प्रशिक्षण का समापन व मूल्यांकन किया

पलवल। पीएनबी आरसेटी पलवल परिसर में 13 दिवसीय जूट बैग उद्यमी बैच का समापन हुआ, जिसमें गांव मीरापुर की 35 महिलाओं ने हिस्सा लिया। रमेशचंद ईडीपी एसेसर एवं दिनेश ने सभी प्रशिक्षणार्थियों का मूल्यांकन किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि संस्थान के निदेशक रवि शर्मा पलवल रहे। उन्होंने सभी महिलाओं को रोजगार स्थापित करने के लिए बैंकों से लोन दिलवाने का भरोसा दिया। रवि शर्मा निदेशक पीएनबी आरसेटी ने बताया कि यह संस्थान वर्ष 2011 से बेरोजगार युवक-युवतियों के लिए स्वरोजगार की ट्रेनिंग प्रदान कर रहा है। पलवल जिले का कोई भी बेरोजगार युवक या युवती निशुल्क ट्रेनिंग लेकर अपना रोजगार स्थापित कर सकता है। छोटे-छोटे कार्य से ही बड़ा बिजनेस स्थापित होता है। इस अवसर पर स्नेहा, प्रीति मीरापुर, संगीता, मंजू, ममता, मधुबाला आदि महिलाओं ने भाग लिया।

15 अगस्त को लेकर पुलिस ने चलाया चेकिंग अभियान

फरीदाबाद। 15 अगस्त के आयोजन को लेकर पुलिस कमिश्नर के आदेश पर फरीदाबाद में पुलिस सड़कों पर उतर चुकी है, ताकि किसी भी अनहोनी को टाला जा सके। इसी कड़ी में बल्लभगढ़ में 15 अगस्त को लेकर पुलिस ने विशेष जांच अभियान चला रखा है और डॉग स्क्वायड की मदद से राहगीरों के सामान और वाहनों की जांच की जा रही है। इस विशेष अभियान के तहत बल्लभगढ़ बस अड्डा पर भी पुलिस ने यात्रियों के सामान की जांच की। पुलिस के अनुसार सुरक्षा के मद्देनजर यह अभियान 15 अगस्त तक जारी रहेगा।

गायब महिलायें

चिन्ता का विषय

गायब महिलाओं की बड़ी संख्या चिन्ता का विषय है। इसकी जांच होनी चाहिए। केन्द्रीय गृह मंत्रालय द्वारा जारी राष्ट्रीय अपराध अभिलेख ब्यूरो-एनसीआरबी के आंकड़े आश्चर्यजनक हैं। 2019 से 2021 के बीच तीन साल में देश से 13.13 लाख से अधिक लड़कियां व महिलायें गायब हैं। इनमें लगभग दो लाख की संख्या के साथ मध्य प्रदेश सबसे ऊपर है और इसके बाद पश्चिम बंगाल का स्थान है। केन्द्रशासित क्षेत्रों में दिल्ली में ऐसे मामले सर्वाधिक हैं। राजधानी में 2019 से 2021 के बीच 61,054 महिलायें और 22,919 लड़कियां गायब हुईं, जबकि जम्मू कश्मीर में यह संख्या क्रमश: 8,617 व 1,148 है। पिछले सप्ताह यह सूचना संसद में रखी गई। दिमाग चकरा देने वाले इन आंकड़ों को गंभीरता से लिया जाना चाहिए। सरकारी आंकड़ों के अनुसार 2019 से 2021 के बीच पूरे देश से 18 साल से ऊपर की 10,61,648 महिलायें तथा इस आयु से कम वाली 2,51,430 लड़कियां गायब हो गईं। हालांकि, इस रिपोर्ट में इनके गायब होने के कारणों पर प्रकाश नहीं डाला गया है, पर उनकी बड़ी संख्या महिला तस्करी के बड़े गठजोड़ का संकेत देने के लिए काफी है। हमारे समाज में बड़ी संख्या में गायब महिलाओं के खुलासे ने पूरे देश को झकझोर दिया है। पिछले सप्ताह सरकार द्वारा जारी आंकड़े एक निराशाजनक तस्वीर पेश करते हैं। इससे इस समस्या से फौरन निपटने की आवश्यकता उजागर होती है। इस मामले की गंभीर जांच तथा दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई होनी चाहिए। इसका सीधा संबंध महिलाओं की सुरक्षा, अधिकार और गरिमा से है। चूंकि यह आंकड़े कोविड काल के हैं, अत: इसे उन परिस्थितियों में रख कर देखा जाना चाहिए जब लोग जीवित रहने के लिए संघर्ष कर रहे थे। गायब महिलाओं की संख्या में चिन्ताजनक वृद्धि का प्रमुख कारण सामाजिक-आर्थिक आयामों की जटिल संरचना से है जिसमें जेंडर-पूर्वाग्रह तथा व्यवस्थागत विफलतायें गहराई तक समाहित हैं। आर्थिक असमानतायें, शिक्षा के अवसरों में कमी तथा कानून-व्यवस्था लागू करने वाली एजेंसियों तक सीमित पहुंच के कारण महिलायें संकटग्रस्त स्थिति में पहुंच जाती हैं।

इससे उनके शोषण व अपहरण की स्थितियां तैयार हो जाती हैं। इसके साथ ही समाज के अनेक हिस्सों में 'पितृसत्तात्मक सोच' व्याप्त है जिससे महिलाओं का दर्जा गिरता है। इससे हिंसा और मानव तस्करी की प्रवृत्ति बढ़ती है जिसका नतीजा महिलाओं व लड़कियों के गायब होने के रूप में सामने आता है। हालांकि, यह कोई अंतिम विश्लेषण नहीं है और जांच एजेसियों व समाज वैज्ञानिकों को समस्या के मूल कारणों का पता लगाने के लिए इसकी गहन जांच करनी चाहिए। पूरी संभावना है कि कोरोना काल में मानव तस्करों ने लोगों पर संकट का लाभ उठाया और इसे अपने लिए सुनहरे अवसर की तरह माना। हालांकि, सरकार ने महिलाओं की सुरक्षा के लिए अनेक पहलें की हैं। इनमें 31 जुलाई, 2013 का क्रिमिनल ला अमेंडमेंट एक्ट भी शामिल है जो यौन अपराधों के खिलाफ प्रभावी प्रतिरोधक है। लेकिन इसके बावजूद गायब महिलाओं की संख्या बहुत अधिक होना चिन्ता का विषय है। क्रिमिनल ला अमेंडमेंट एक्ट, 2018 भी दंडात्मक प्राविधानों को और कठोर बनाने के लिए लाया गया था। इस एक्ट में बलात्कार के मामलों में जांच व अन्य प्रक्रियायें जल्दी पूरी करने का प्राविधान है। लेकिन इन कानूनों के क्रियान्वयन में अभी बहुत कुछ करना बाकी है। कानून-व्यवस्था मशीनरी की कमियों, भ्रष्टाचार तथा दंड न्याय प्रणाली की अक्षमता ने समस्या को गंभीर बनाया है जिससे गायब महिलाओं के परिवारों को कष्ट का सामना करना पड़ रहा है।'

अविश्वास प्रस्ताव के निहितार्थ

वर्तमान अविश्वास प्रस्ताव का नतीजा पहले से पता है। सत्तारूढ़ भाजपा आसानी से इस प्रस्ताव पर विजय प्राप्त करेगी क्योंकि गणित मोदी के पक्ष में है।

कल्याणी शंकर
(लेखिका, वरिष्ठ पत्रकार हैं)

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला ने पिछले सप्ताह मोदी सरकार के खिलाफ नवगठित विपक्षी मोर्चे द्वारा प्रस्तुत अविश्वास प्रस्ताव चर्चा के लिए स्वीकार कर लिया है। विपक्षी मोर्चे 'आई.एन.डी.आई.ए' या इंडियन नेशनल डेमोक्रेटिक इन्क्लूसिव एलायंस ने इस प्रस्ताव का नोटिस दिया था। यह 2014 में सत्ता में आने के बाद से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाले भाजपा नीत राजग-राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के खिलाफ दूसरा अविश्वास प्रस्ताव होगा। इस महीने के प्रारम्भ में 26 विपक्षी दलों ने इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव एलायंस-इंडिया का गठन किया था। विपक्षी पार्टियां 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव की तैयारियां कर रही हैं और इस उद्देश्य से वे प्रधानमंत्री मोदी पर मनोवैज्ञानिक दबाव बढ़ा रही हैं। अविश्वास प्रस्तावों के इतिहास पर गौर करें तो स्पष्ट होगा कि समाजवादी नेता आचार्य कृपलानी ने पंडित जवाहरलाल नेहरू सरकार के खिलाफ पहला अविश्वास प्रस्ताव अगस्त, 1963 में रखा था। प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की सरकार को सबसे अधिक संख्या में अविश्वास प्रस्तावों का सामना करना पड़ा था। अपने 16 वर्ष के कार्यकाल में उन्होंने 15 अविश्वास प्रस्तावों का सामना किया था। वे 1966 से 1977 तक तथा इसके बाद 1980 से 1984 तक प्रधानमंत्री रही थीं। भारत के अनेक प्रधानमंत्रियों ने किसी अविश्वास प्रस्ताव का सामना नहीं किया। इनमें चौधरी चरण सिंह, विश्वनाथ प्रताप सिंह-वीपी सिंह, चंद्रशेखर, एच.डी. देवगौड़ा और इंद्र कुमार गुजराल-आईके गुजराल शामिल हैं।

वर्तमान समय में विपक्षी मोर्चे द्वारा प्रायोजित यह प्रस्ताव संसद के मानसून सत्र के दौरान आया है। यह ऐसे समय आया है जब संसद का सत्र मणिपुर के मुद्दे पर लगातार गतिरोध का सामना कर रहा है। विपक्ष लगातार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मणिपुर मुद्दे पर पहले बयान देने की मांग कर रहा है और इसके बाद ही वह इस पर चर्चा के लिए तैयार है। लेकिन प्रधानमंत्री ने संसद के भीतर इस मुद्दे पर कोई बयान नहीं दिया है। ऐसा लगता है कि प्रधानमंत्री द्वारा बयान की मांग पर सारे विकल्प आजमाने के बाद ही विपक्ष यह अविश्वास प्रस्ताव लाया है। हालांकि, वर्तमान अविश्वास प्रस्ताव का परिणाम पहले से पता है। इसमें कोई आश्चर्यजनक घटना की उम्मीद नहीं है। सत्तारूढ़ भाजपा आसानी से अविश्वास प्रस्ताव पर विजय प्राप्त कर सकती है क्योंकि संसद में प्रबल बहुमत उसके पक्ष में है।

बहुमत का गणित पूरी तरह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पक्ष में है। भाजपा नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन-राजग के लोकसभा में 332 सदस्य हैं। सदन में बहुमत का आंकड़ा 272 है। हालांकि, जगन मोहन रेड्डी नीत युवजन श्रमिक रैयतू कांग्रेस पार्टी-वाईएसआरसीपी राजग का हिस्सा नहीं है, पर उसने लोकसभा में अपने 22 सदस्यों के साथ प्रधानमंत्री मोदी के समर्थन का निर्णय किया है।

वर्तमान समय में 'इंडिया' या विपक्षी गठबंधन के पास 142 सदस्य हैं। के. चंद्रशेखर राव-केसीआर नीत भारत राष्ट्र समिति-बीआरएस भले ही इंडिया में शामिल न हो, पर उसने विपक्ष का समर्थन करने का निर्णय किया है। विपक्ष जानता है कि वह भले ही अविश्वास प्रस्ताव पर विजय न प्राप्त कर सके, पर वह जनता की नजर में इसे अपनी विजय का दावा कर रहा है। विपक्षी नेताओं का मानना है कि लोकसभा चुनाव के पहले इससे प्रधानमंत्री मोदी और उनकी सरकार पर दबाव पड़ेगा तथा उनको मणिपुर में हिंसा व अन्य मुद्दों पर विपक्ष के सवालों का जवाब देना पड़ेगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 80 दिन से अधिक समय से मणिपुर मामले पर संसद में बयान देने से बच रहे हैं, हालांकि उन्होंने संसद के बाहर इस मुद्दे पर अपने गुस्से को प्रकट करते हुए दोषियों को कठोर से कठोर सजा दिलाने की बात कही थी। मणिपुर में नस्ली झड़पों की शुरुआत मई के प्रारम्भ में ही हो गई थी। यह झड़प मैतेई व कुकी तथा नगा आदिवासियों के बीच भाजपा-शासित मणिपुर में हुई। जहां मैतेई का बहुसंख्य हिंदू है, वहीं कुकी व नगा मुख्यत: ईसाई हैं।

हाल में कुछ व्यथित करने वाले वीडियो के सार्वजनिक होने के बाद मणिपुर में हिंसा और झड़पों पर व्यापक राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय गुस्सा भड़क उठा। पिछले सप्ताह दो महिलाओं को निर्वस्त्र कर भीड़ द्वारा परेड कराये जाने वाले वीडियो का वैश्विक स्तर पर विरोध हुआ है। अमेरिका में राष्ट्रपति जो बाइडेन के प्रशासन ने भी इस घटना की निन्दा की है। सरकार व विपक्ष के बीच इस मुद्दे पर टकराव बहुत बढ़ गया है। इसके परिणामस्वरूप मानसून सत्र शुरू होने के बाद से ही संसद में गतिरोध व्याप्त है। हालांकि, प्रबल बहुमत होने के कारण मोदी सरकार को कोई भय नहीं है, पर इसके बावजूद उसने विपक्ष की मांग मानने और उसकी भावनायें समझने से इनकार किया है। हालांकि, केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह तथा रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने विपक्ष से चर्चा में भाग लेने का आह्वान करते हुए यह भी कहा था कि प्रधानमंत्री बाद में चर्चा का जवाब दे सकते हैं, पर विपक्ष इस पर तैयार नहीं हुआ। विपक्ष बहिष्कार, शोर-शराबे तथा नारेबाजी से सरकार का मुकाबला कर रहा है। दोनों पक्ष अपने आक्रामक दृष्टिकोण पर जमे हुए हैं।

जहां सरकार का काम संसद में सुचारु कामकाज सुनिश्चित करना है, वहीं विपक्ष को भी रचनात्मक आलोचना का दृष्टिकोण अपनाना चाहिए। दोनों पक्षों को अपने दृष्टिकोण में परिवर्तन की जरूरत है। बहस, चर्चा और रचनात्मक आलोचना विधि-निर्माण के महत्वपूर्ण अंग हैं। प्रधानमंत्री को अब अविश्वास प्रस्ताव का सामना करते हुए उठाए जा रहे सभी मुद्दों का स्पष्टीकरण देना होगा। विपक्ष निश्चित रूप से इस बहस का प्रयोग एक अवसर के रूप में करेगा और अपने सरोकार सामने रखेगा। इससे प्रधानमंत्री द्वारा अनेक संदेहों का निराकरण अपरिहार्य हो जाएगा।

संसद में ज्यादा चर्चा तथा कानूनों के परीक्षण की आवश्यकता होती है क्योंकि उसके सदस्यों को अकारण ही विधि-निर्माता नहीं कहा जाता है। इसके बिना संसद कमजोर हो जाती है। जनता की राय निर्धारित करने में संसदीय बहसों की महत्वपूर्ण भूमिका है। ऐसे में बहसों को अनुत्पादक बना देना एक प्रकार से गलती है। विधि-निर्माताओं को विधेयकों पर बहस के बाद ही उनको कानून बनने की अनुमति देनी चाहिए। संसद सत्र के दौरान अपनी चिन्तायें व सरोकार प्रकट करना सांसदों के लिए जरूरी है। उनके पास अपने सरोकार प्रकट करने के अनेक अवसर होते हैं। इनमें प्रश्न काल, संक्षिप्त प्रश्न, ध्यानाकर्षण प्रस्ताव, कार्यस्थगन प्रस्ताव तथा अंतत: अविश्वास प्रस्ताव शामिल हैं। स्वतंत्रता के बाद से भारतीय संसद में अनेक शानदार बहसें देखने को मिली हैं।

लेकिन पिछले वर्षों में बहस के बजाय संसदीय कामकाज में बाधा सामान्य हो गई है। लेकिन शोरशराबे में बहसों व चर्चा का कोई स्थान नहीं है। दोनों पक्षों के सांसदों को बहसों और चर्चा का प्रयोग अपने निर्वाचकों के दृष्टिकोण सामने रखने तथा सरकारी नीतियों का सार्थक परीक्षण करने में करना चाहिए। भारत के पूर्व प्रधान न्यायाधीश एन.वी.रमना ने दु:ख प्रकट किया था कि संसद में कानूनों की समीक्षा पर उपयुक्त चर्चा नहीं होती है। विधि-निर्माताओं को सुनिश्चित करना चाहिए कि विधेयकों में आवश्यक परिवर्तन व समीक्षा हो ताकि वे अपना लक्षित उद्देश्य प्राप्त कर सकें। इससे उनका न्यायपालिका द्वारा खारिज करना संभव नहीं होगा।

एक फलते-फूलते लोकतंत्र के लिए प्रभावी संसद जरूरी है। संविधान के अनुसार, विधायिका कानून बनाती है, सरकार उनको लागू करती है तथा न्यायपालिका उन पर जोर देती है। इसमें संसदीय संस्थान तथा प्रक्रियायें भी शामिल हैं जो व्यावहारिक व शक्तिशाली उपकरणों के रूप में काम करते हैं। विडंबना है कि मोदी सरकार का लोकसभा में प्रबल बहुमत सुचारु कामकाज सुनिश्चित नहीं कर पा रहा है। विपक्ष को सफल होने के लिए सही मुद्दों की पहचान कर उनको संबोधित करना चाहिए। संसदीय कामकाज का बहिष्कार, नारेबाजी तथा कामकाज में बाधा डालने से उसका उद्देश्य पूरा नहीं होगा। राजनीतिक पार्टियों को अपने दृष्टिकोण पर फौरन पुनर्विचार करना चाहिए तथा रचनात्मक बहसों व चर्चा को प्राथमिकता देनी चाहिए। संसद की प्राथमिक जिम्मेदारी बजट की समीक्षा तथा विधि-निर्माण है।

डिजिटल प्रशासन पर भारत का परिप्रेक्ष्य

> **भारत राज्य के अस्तित्व को खतरे में डालने वाले अहस्तक्षेप दृष्टिकोण और डिजिटल फायरवॉल की अलगाववादी संरचनाओं के बीच संतुलन बनाना चाहता है।**

अनिकेत भावथंकर
(लेखक, एक शोधकर्ता हैं)

पिछले सप्ताहांत, मैं अपने चार साल के बेटे के साथ ओटीटी प्लेटफॉर्म पर एक कार्टून फिल्म देख रहा था। यह फिल्म भारतीय महाकाव्य महाभारत पर आधारित थी। यक्ष के साथ एक मुठभेड़ में, युधिष्ठिर ने सुझाव दिया कि मन हवा से भी तेज़ है। उत्तर ने मेरे मन को विचारों की श्रृंखला में धकेल दिया। मुझे एहसास हुआ कि आज की दुनिया में डिजिटल तकनीक मन की गति के करीब आ सकती है। इसके अलावा, मानव मस्तिष्क की तरह प्रौद्योगिकी भी भौगोलिक, राजनीतिक और आर्थिक सीमाओं से परे है।

आज, मुझे एनएफटी, एआई और मेटावर्स के युग में अपराध और सुरक्षा पर जी20 सम्मेलन के दौरान केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा दिया गया सम्मोहक संबोधन मिला। श्री शाह के भाषण ने एक उत्प्रेरक के रूप में काम किया, जिसने प्रौद्योगिकी के विषय पर मेरे चिंतन को फिर से जागृत किया। उल्लेखनीय रूप से, इसने मुझे भारत के जी-20 अध्यक्ष पद के आदर्श वाक्य : वसुधैव कुटुंबकम, या एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य (मानव जाति की एकता, हमारे ग्रह की परस्पर संबद्धता और हमारे साझा भाग्य का प्रतीक) में निहित गहन सार की याद दिला दी।

यह विषय संभवत: डिजिटल प्रौद्योगिकी के लिए भी प्रासंगिक है। डिजिटल प्रौद्योगिकी की उत्कृष्ट प्रकृति के संदर्भ में, श्री शाह ने राज्य की संस्था के लिए उत्पन्न अवसरों और चुनौतियों पर चर्चा की। उन्होंने डिजिटल प्रौद्योगिकी की सकारात्मकताओं और नुकसानों के बारे में एक व्यक्ति को संवेदनशील बनाने की आवश्यकता के बारे में विस्तार से बताया।

आईटी और एसएएएस (एक सेवा के रूप में सॉफ्टवेयर) के क्षेत्र में दुनिया ने भारत की मानव पूंजी की क्षमता को स्वीकार किया है। इसके अलावा, पिछले दशक में, भारत ने प्रदर्शित किया है कि उभरती हुई तकनीक देश के आम नागरिकों की मुक्ति के लिए अमृत हो सकती है। इस संबंध में, कोविड टीकाकरण के लिए प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण और सह-विन एप्लिकेशन प्रासंगिक परियोजनाएं हैं। प्रासंगिक परियोजना इंडिया स्टैक और विशेष रूप से यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस (यूपीआई) की सफलता ने दूसरों के अनुसरण के लिए एक उदाहरण स्थापित किया है।

ग्लोबल साउथ के देश स्थानीय उपयुक्तता के साथ डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे के भारतीय मॉडल को दोहराने के इच्छुक हैं। यहां तक कि, ओईसीडी देश भी भारत की सफलता को समझने के इच्छुक हैं। इस प्रकार, भारत ने प्रदर्शित किया कि उभरती प्रौद्योगिकियाँ मानव जीवन को सकारात्मक रूप से प्रभावित कर सकती हैं और देश को एक डिजिटल राष्ट्र में बदल सकती हैं।

पहली बार उभरती प्रौद्योगिकियों पर सम्मेलन का आयोजन जी20 के तत्वाधान में किया गया। अब तक, जी20 उभरती प्रौद्योगिकियों को आर्थिक दृष्टिकोण से देखता था। हालाँकि, साइबर सुरक्षा केवल एक व्यक्ति तक ही सीमित नहीं है और इसका राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय सुरक्षा पर प्रभाव पड़ता है। उभरती प्रौद्योगिकियाँ आतंकी नेटवर्कों को गुप्त तरीके से गुप्त गतिविधियों को अंजाम देने की गुंजाइश प्रदान करती हैं। डिजिटल क्षेत्र की अंतर्निहित कमजोरियाँ अनिवार्य रूप से राज्य की वैधता और संप्रभुता पर संदेह पैदा करती हैं। इस पृष्ठभूमि में, जी20 फोरम साइबर आतंकवाद जैसे पारंपरिक और गैर-पारंपरिक खतरों का मुकाबला करने के लिए राज्यों और अंतर्राष्ट्रीय संगठनों की क्षमता बढ़ाने पर चर्चा करने के लिए एक शुरुआती बिंदु के रूप में उभरता है। जी20 फोरम में साइबर सुरक्षा पर चर्चा सदस्यों के बीच खुफिया जानकारी साझा करने पर वैश्विक समन्वय के लिए अच्छा संकेत हो सकती है।

श्री शाह ने इस बात पर जोर दिया कि भारत में विरासत और प्रौद्योगिकी-संचालित प्रगति साथ-साथ चलती है। भारतीय परंपरा मध्य मार्ग पर जोर देती है। यह इंटरनेट विज़न के प्रति भारत सरकार के दृष्टिकोण को दर्शाता है। भारत राज्य के अस्तित्व को खतरे में डालने वाले अहस्तक्षेप दृष्टिकोण और डिजिटल फायरवॉल की अलगाववादी संरचनाओं के बीच संतुलन बनाना चाहता है। स्वाभाविक रूप से, भारत सरकार वैश्विक मंच पर वही दृष्टिकोण तलाश रही है। कई प्रयासों के बावजूद, साइबरस्पेस पर नियामक ढांचे पर एक वैश्विक समझौता अस्पष्ट रहा।

भारत वैश्विक मंच पर कानूनों की एकरूपता चाहता है। हालांकि, उसे अपना घर व्यवस्थित करने की आवश्यकता है। भारत में कई मंत्रालय और एजेंसियां हैं जो साइबरस्पेस के विभिन्न पहलुओं से निपटते हैं। भारत सरकार ने डिजिटल इंडिया बिल, 2023 तैयार किया है। किट डिजिटल पर्सनल डेटा प्रोटेक्शन एक्ट, नेशनल डेटा गवर्नेंस पॉलिसी के साथ मिलकर काम करेगी। यह साइबर अपराध की आधुनिक चुनौतियों का समग्र समाधान प्रदान करना चाहता है।

भारत का बाजार डेटा का बड़ा उपभोक्ता है। 850 मिलियन से अधिक भारतीय नागरिकों की ऑनलाइन उपस्थिति है। इस प्रकार, प्रस्तावित विधेयक वैश्विक मंच पर प्रौद्योगिकी नियमों की रूपरेखा को आकार दे सकता है।

प्रौद्योगिकी की प्रकृति सर्वव्यापी है, फलस्वरूप खतरे भी सर्वव्यापी हैं। इसलिए, नए खतरों का मुकाबला करने के लिए सरकारों को अंतरराष्ट्रीय संस्थानों और नागरिक समाज संगठनों के साथ मिलकर काम करने की जरूरत है। राज्य को खुले, सुरक्षित और संरक्षित साइबरस्पेस को सुनिश्चित करने के लिए वैश्विक विनियमन नहीं तो कम से कम वैश्विक समझ बनाने की आवश्यकता है। इस प्रकार, जी20 उभरती प्रौद्योगिकियों की सुरक्षा पर चर्चा करने के लिए एक उपयुक्त मंच है।

आप की बात

दु:खद घटना

आरपीएफ कर्मी द्वारा चलती ट्रेन में की गई 4 हत्याओं का मामला विषादजनक है। अभी तक तो अमेरिका में ही बिना वजह गोलियां चला कर मारने वाले मनोरोगियों के बारे में पढ़ने को मिल रहा था, मगर अब यह मनोवृति भारत में भी शुरू हो गई है। जिनके हाथों में हथियार देकर रेल यात्रियों की सुरक्षा की व्यवस्था दी जाती है, उनमें से अनेक पर पहले से ही पैसेंजरो से अवैध वसूली के आरोप लगते रहे हैं। ऐसे में उग्र स्वभाव वाले अधिकारियों-कर्मचारियों को सार्वजनिक ड्यूटी पर नहीं लगाया जाना चाहिए। यदि मेडिकल चेकअप में ऐसे कर्मचारियों की बीमार मानसिकता की पुष्टि होती है तो उन्हें तत्काल नौकरी से निकाल दिया जाना चाहिए अथवा ऐसे काम पर लगाया जाना चाहिए जिनमें उनके हाथों में हथियार नहीं देना पड़े। हथियारबंद कर्मियों के नियमित मानसिक व शारीरिक जांच की अनिवार्य व्यवस्था होनी चाहिए। नागरिकों की सुरक्षा में तैनात हथियारबंद कर्मियों का अनुशासित, शांत व संतुलित होना बहुत जरूरी है। रेल मंत्रालय को उचित कदम उठाने चाहिए ताकि भविष्य में ऐसी घटनायें न हों। मारे गए यात्रियों के परिवारों को बीमा राशि के साथ-सथ राहत राशि भी दी अवश्य दी जानी चाहिए।

- सुभाष बुड़ावन वाला, रतलाम

चीनी मांझे से मुसीबत

हमारे देश में जब पतंग का सीजन आता है तब प्रतिबंधित चीनी मांजा बड़ी मात्रा में बिकने लगता है। यह चीनी मांझा काफी मजबूत होता है जिसके कारण तरह-तरह की मुसीबत आती रहती है। इससे उलझ कर कई पक्षियों की मौत हो जाती है। इसी तरह इस मांझे से उलझ कर कई इंसानों के अंग कट जाते हैं और यहां तक की मौत भी हो जाती है। भारत सरकार ने काफी समय पहले से ही देश में इसके बेचने पर प्रतिबंध लगा रखा है। जहां भी यह मांझा पाये जाने की उम्मीद रहती है पुलिस वहां से इसकी चरखिया जब्त करती रहती है। लेकिन इसके बेचने वाले आज भी बाज नहीं आ रहे हैं। अपने थोड़े से लालच के कारण वे देश का बहुत अधिक नुकसान कर रहे हैं। पतंग उड़ाने वालों को स्वत: ही चीनी मांझे का प्रयोग बंद करना चाहिए। यदि इस मांझे का इस्तेमाल करने वाला ही जागरूक हो जाए तो इसके बेचने पर भी हमेशा के लिए स्थाई प्रतिबंध लग सकता है। पतंग उड़ाना एक अच्छा मनोरंजक खेल है उसके खेलने पर आज देश में कोई प्रतिबंध नहीं है परंतु चीनी मांझे का प्रयोग कर पतंग उड़ाना तो अवश्य ही प्रतिबंधित होना चाहिए।

- मनमोहन राजावत, शाजापुर

धार्मिक उन्माद

कभी बिहार, कभी राजस्थान, कभी दिल्ली, कभी महाराष्ट्र, कभी हरियाणा व कभी देश के किसी अन्य क्षेत्र में धार्मिक उन्माद बेवजह हो जाता है। आजादी के 75 साल बाद भी धर्म-जाति के नाम पर मामूली बातों पर नासमझी के कारण राई का पहाड़ बन जाता है। इससे जान-माल का तो नुकसान होता ही है साथ ही प्रशासन पर लापरवाही और लोगों पर नासमझी का कलंक लग जाता है। किसी भी धार्मिक जुलूस, जलसे अथवा अन्य आयोजन, उसकी चाकचौबंद व्यवस्था प्रशासन और आयोजकों के सहयोग से होती है। फिर इसमें असामाजिक तत्व कैसे प्रवेश कर जाते हैं जिनकी हरकतों से बेवजह उन्माद पैदा हो जाता है। आयोजनों के पहले ही खुफिया तंत्र के जरिये उपद्रवियों का पता लगा कर उनपर निगरानी रखनी चाहिए। इसके साथ ही आयोजकों को भी अपनी जिम्मेदारी तय करनी चाहिए कि असामाजिक तत्वों पर वे स्वयं लगाम लगाएं। आयोजकों को अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ने का मौका नहीं मिलना चाहिए। लोगों की संख्या सीमित रखना तथा बंद परिसरों में आयोजन भी ऐसे उन्माद से बचा सकते हैं।

- महेश नेनावा, इंदौर

बिजली उपभोक्ता

देश के 80 प्रतिशत से अधिक शहरों, कस्बों व गांवों में बिजली उपभोक्ताओं के समक्ष कोई विकल्प उपलब्ध नहीं है। प्रदेश सरकार के अधीन वितरण कंपनियां ना केवल मनमानी विद्युत दरें लागू करती हैं, वरन कई शुल्क लगाकर बिजली बिल को लगभग दो गुना बना देती है। मीटर के किराए के नाम पर उपभोक्ताओं से पैसा वसूला जाता है। सप्लाई में व्यवधान आने पर बहुत देर से सहायता मिलती है। कहने को तो फोन द्वारा शिकायत करने पर तत्काल निराकरण की व्यवस्था है, परंतु वास्तव में शिकायत करने के बावजूद स्थानीय कर्मचारी कई कई घंटों तक नहीं आते। सरकार ने विद्युत नियामक आयोग तो जरूर बनाए हैं, पर आम उपभोक्ता की पीड़ा उन तक पहुंचाने की समुचित व्यवस्था नहीं है। आदर्श स्थिति तो यही होगी कि उपभोक्ता को मोबाइल फोन की तरह बिजली सप्लायर बदलने की सुविधा हो और इसके लिए बिजली क्षेत्र का व्यापक निजीकरण किया जाए। लेकिन वोटबैंक राजनीति के कारण इसे अपने शिकंजे में रखते हैं जिसका खामियाजा उपभोक्ता भुगतते हैं।

-विभूति बुपक्या, खाचरोद

पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से
responsemail.hindipioneer@gmail.com
पर भी भेज सकते है।

जनता की समस्या के समाधान में हीलाहवाली पर होगी सख्त कार्रवाई: सीएम योगी

● जनता दर्शन में सीएम योगी आदित्यनाथ के दिखे तल्ख तेवर

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनता की समस्या के समाधान में हीलाहवाली करने वाले अधिकारियों को साफ संदेश दिया कि अगर वह नहीं सुधरे तो सख्त कार्रवाई की जाएगी। अधिकारियों को समय से अपने ऑफिस पहुंचकर जनता की समस्याएं सुनने के निर्देश दिए और प्राथमिकता के आधार पर उसका निस्तारण करने को कहा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के यह तल्ख तेवर मंगलवार को अपने सरकारी आवास पर जनता दर्शन के दौरान देखने को मिले। मुख्यमंत्री योगी ने जनता दर्शन में सौ से अधिक लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र, डीजीपी विजय कुमार और प्रमुख सचिव गृह संजय प्रसाद भी मौजूद रहे। जनता दर्शन में ज्यादातर मामले अवैध कब्जे, आपसी संपत्ति विवाद, आपसी विवाद, इलाज के लिए आर्थिक सहायता की गुहार को लेकर आए। सीएम योगी ने आए सभी लोगों को आश्वस्त किया कि सरकार के पास इलाज के लिए पैसे की कोई कमी नहीं है। पैसे के अभाव में किसी भी प्रदेशवासी एवं जरूरतमंद का इलाज नहीं रुकेगा। उनके प्रार्थना पत्रों पर अधिकारियों को निर्देश देते हुए सीएम ने कहा कि इलाज से जुड़े एस्टीमेट की प्रक्रिया को जल्द से जल्द पूर्ण करा कर शासन को उपलब्ध कराया जाए। राजस्व व पुलिस से जुड़े मामलों को उन्होंने पूरी पारदर्शिता वह निष्पक्षता के साथ निस्तारित करने का निर्देश देते हुए कहा कि किसी के साथ भी नाइंसाफी नहीं होनी चाहिए। हर पीड़ित के साथ संवेदनशील व्यवहार अपनाते हुए उसकी मदद की जाए। जनता दर्शन में कुछ लोगों की रोजगार संबंधी समस्या पर मुख्यमंत्री ने सकारात्मक भरोसा देते हुए अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए।

जनता दर्शन के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र को निर्देशित किया कि सभी विभागों में जनता से मिलने के समय का विशेष ध्यान रखा जाए। अधिकारी अपने ऑफिस में मौजूद रहें। यदि वह किसी आवश्यक कार्य के चलते ऑफिस में नहीं उपस्थित हैं तो अपने अधीनस्थ को यह जिम्मेदारी सौंपें ताकि प्राथमिकता के आधार पर प्रदेश की जनता की समस्या का समाधान हो सके। उपस्थित डीजीपी विजय कुमार को आदेश दिया कि पुलिस प्रशासन से जुड़े मामलों को लटकाया न जाए, उसे समयबद्ध तरीके से निस्तारित किया जाए। इन मामलों को ज्यादा से ज्यादा थाने स्तर पर ही निपटाया जाए ताकि जनता में पुलिस का इकबाल और मजबूत हो सके।

सौर व जैव ऊर्जा परियोजनाओं के लिए निवेशकों को दी जाएगी लीज पर भूमि

लखनऊ। कैबिनेट ने प्रदेश में सौर ऊर्जा परियोजनाओं-जैव ऊर्जा परियोजनाओं की स्थापना के लिए भूमि की उपलब्धता सम्बन्धी प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान कर दी है। उत्तर प्रदेश सौर ऊर्जा नीति-2022 एवं उत्तर प्रदेश जैव ऊर्जा नीति-2022 में सौर ऊर्जा परियोजनाओं-जैव ऊर्जा परियोजनाओं की स्थापना हेतु निवेशकों को भूमि-शासकीय भूमि उपलब्ध कराए जाने की व्यवस्था की गई है। निवेशकों को शासकीय भूमि उपलब्ध कराने में सुगमता के लिए दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। इसके तहत सौर ऊर्जा परियोजनाओं-जैव ऊर्जा परियोजनाओं की स्थापना के लिए सार्वजनिक उपक्रमों हेतु एक रुपया प्रति एकड़ प्रतिवर्ष के सांकेतिक मूल्य पर तथा निजी निवेशकों को 15000 रुपये प्रति एकड़ प्रतिवर्ष के लीज रेण्ट पर अधिकतम 3 वर्षों के लिए भूमि उपलब्ध करायी जाएगी।

अब वाटर टूरिज्म और एडवेंचर स्पोर्ट्स के लिए भी होगी यूपी की पहचान

● यूपी वाटर टूरिज्म एंड एडवेंचर स्पोर्ट्स पॉलिसी 2023 को मिली मंजूरी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

उत्तर प्रदेश अब वाटर टूरिज्म और एडवेंचर स्पोर्ट्स के लिए भी पहचाना जाएगा। योगी सरकार ने मंगलवार को लोकभवन में आयोजित कैबिनेट बैठक में उत्तर प्रदेश जल आधारित पर्यटन एवं साहसिक क्रीड़ा नीति (यूपी वाटर टूरिज्म एंड एडवेंचर स्पोर्ट्स पॉलिसी 2023) को मंजूरी दे दी है। यह नीति उत्तर प्रदेश में अंतर्देशीय समस्त भू-आधारित, वायु आधारित एवं जल मार्गों, बांधों, जलाशयों, झीलों, नदियोंए,तालाबों एवं राज्य के अधिकार क्षेत्र के अंदर विभिन्न जल निकायों एवं भूमि खंडों पर की जाने वाली सभी साहसिक गतिविधियों पर लागू होगी।

पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने कैबिनेट से स्वीकृत हुए पर्यटन से संबंधित प्रस्तावों के विषय में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश में विंध्य व बुंदेलखंड क्षेत्रों में पहाड़ियां, हिमालय के तराई क्षेत्र में लगभग 16620 वर्ग किमी. के वन क्षेत्र के साथ अनेक सुंदर परिदृश्य, वन विस्तार, बहती नदियों और लुभावने सुंदर झरने, बांध, जलाशय एवं झीलें होने के चलते प्रदेश में जल आधारित पर्यटन एवं साहसिक क्रीड़ा एवं जल क्रीड़ा की काफी संभावनाएं हैं। इसी को देखते हुए प्रदेश में हम इसकी नीति को लेकर आए हैं, जिसे मंत्रिपरिषद से स्वीकृति मिल गई है। यह नीति राज्य सरकार द्वारा अधिसूचित तिथि से 10 वर्षों के लिए वैध होगी। इस नीति के अंतर्गत कार्यवाही के लिए नोडल एजेंसी मंडल स्तर पर एडवेंचर स्पोर्ट यूनिट का सृजन करेगी। एडवेंचर स्पोर्ट्स यूनिट में पूर्व सैनिकों को सम्मिलित करने के लिए उत्तर प्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम, उत्तर प्रदेश पूर्व सैनिक कल्याण निगम के साथ एमओयू हस्ताक्षरित करेगा। नोडल एजेंसी द्वारा अधिसूचित भूखंड क्षेत्रों एवं जल स्रोतों पर जल आधारित पर्यटन एवं साहसिक क्रीड़ा के लिए क्षमता का अध्ययन कराया जाएगा तथा प्रत्येक भूखंड क्षेत्रों एवं जल स्रोतों पर जल आधारित पर्यटन एवं साहसिक क्रीड़ा के लिए लाइसेंस जारी किए जाएंगे। नीति के जारी होने के 60 दिनों के अंदर नोडल एजेंसी एक विस्तृत एसओपी तैयार करेगी।

पीपीपी मोड पर विकसित होंगे राही पर्यटक आवास गृह

पर्यटन के क्षेत्र में योगी कैबिनेट ने कुछ और बड़े कदम उठाए हैं। इसके अंतर्गत पर्यटन विभाग के बंद पड़े, घाटे में चल रहे या फिर असंचालित पर्यटक आवास गृहों को पीपीपी मोड पर विकसित व संचालित किए जाने को भी मंजूरी प्रदान की गई। पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि प्रदेश में पर्यटन विभाग द्वारा लगभग 86 राही पर्यटक आवास गृह संचालित थे। इनमें से 31 को पीपीपी मोड पर विकसित करने के लिए अनुमोदन प्रदान किया गया था। इनमें से 10 को ई टेंडरिंग के आधार पर बेस प्राइज से भी अच्छी बिड प्राप्त हुई है, जिसे कैबिनेट से मंजूरी मिल गई। इनमें सोनौली महाराजगंज, बटेश्वर आगरा, गोकुलधाम मथुरा, कालिंजर बांदा, राधाकुंज मथुरा, सांडी हरदोई, नीमसार सीतापुर, देवगढ़ ललितपुर एवं भदोही में राही पर्यटक आवास गृह सम्मिलित हैं। इन्हें पहली बार 30 साल के लिए और फिर 30 साल रिन्यूअल और 2 साल कंस्ट्रक्शन के लिए यानी कुल 62 वर्षों के लिए लीज पर दिया जाएगा।

हेरिटेज बिल्डिंग्स का भी होगा कायाकल्प

इसके अलावा प्रदेश की हेरिटेज बिल्डिंग्स को पीपीपी मॉडल पर हेरिटेज टूरिज्म यूनिट्स के रूप में विकसित किया जाएगा। इन्हें हेरिटेज होटल, हेरिटेज म्यूजियम, हेरिटेज रेस्टोरेंट, होम स्टे, थीमैटिक पार्क, मॉल एक्टिविटी सेंटरएवेलनेस सेंटर समेत अन्य टूरिज्म एवं हॉस्पिटैलिटी के रूप में विकसित किए जाने के प्रस्ताव को भी मंजूरी मिल गई। इसमें 9 हेरिटेज बिल्डिंग्स को चिन्हित किया गया है। छतरमल लखनऊ, चुनार किला मिर्जापुर, बरुआसागर किला झांसी, कोठी गुलिस्तां, इरम लखनऊ, कोठी दर्शन विलास लखनऊ, कोठी रोशन-उद-दौला लखनऊ, बरसाना जल महल मथुरा, शुक्ला तालाब कानपुर, और टिकैत राय बिठूर कानपुर को संवारा जाएगा।

अयोध्या सोलर सिटी के लिए एनटीपीसी को मिलेगी 165 एकड़ भूमि

कैबिनेट ने उत्तर प्रदेश सौर ऊर्जा नीति-2022 के अनुसार अयोध्या शहर को मॉडल सोलर सिटी के रूप में विकसित करने का निर्णय लिया है। इसके लिए 40 मेगावॉट की सोलर विद्युत उत्पादन परियोजना के लिए ग्राम माझा रामपुर हलवारा एवं ग्राम माझा सरायरासी परगना हवेली अवध तहसील सदर की 66.812 हेक्टेअर (165.10 एकड़) भूमि एकम रुपए प्रति एकड़ प्रतिवर्ष के सांकेतिक मूल्य की दर से अधिकतम 30 वर्ष के पट्टे पर जिलाधिकारी अयोध्या द्वारा अतिरिक्त ऊर्जा स्रोत विभाग को उपलब्ध कराए जाने के प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान कर दी है। अयोध्या शहर में सरयू नदी के निकट चिन्हित उक्त भूमि पर 40 मेगावॉट क्षमता की सौर ऊर्जा परियोजना की स्थापना के लिए एनटीपीसी ग्रीन इनर्जी लिमिटेड को नामित किया जाना प्रस्तावित है। इस परियोजना से उत्पादित ऊर्जा को उत्तर प्रदेश विद्युत नियामक आयोग द्वारा कॉस्ट बेसिस आधार पर निश्चित टैरिफ5दर प्रति यूनिट पर उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन लि0 द्वारा क्रय किया जाएगा। उत्पादित ऊर्जा को 25 वर्ष तक क्रय करने के लिए उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन लि. एवं एनटीपीसी ग्रीन इनर्जी लि. के मध्य ऊर्जा क्रय अनुबन्ध निष्पादित किया जाएगा। कॉस्ट बेसिस आधार पर निश्चित टैरिफ-दर प्रति यूनिट पर उत्तर प्रदेश विद्युत नियामक आयोग का अनुमोदन प्राप्त कर लिया जाएगा।

खरीफ, जायद व रबी फसलों की डिजिटल सर्वे के जरिए बनेगी क्रॉप सोन रजिस्ट्री

लखनऊ। कैबिनेट ने एग्रीस्टैक (डिजिटल पब्लिक इन्फ्रास्ट्रक्चर फॉर एग्रीकल्चर) को स्थापित करने के लिए जीआईएस बेस रियल टाइम क्रॉप सर्वे के माध्यम से क्रॉप सोन रजिस्ट्री तैयार करने की योजना को स्वीकृति प्रदान कर दी है। एग्रीस्टैक का उद्देश्य किसानों के लिए सस्ता ऋण, उच्च गुणवत्ता वाले कृषि इनपुट, स्थानीयकृत और विशिष्ट लक्षित सलाह और बाजारों तक सुविधाजनक पहुंच प्राप्त करना आसान बनाना है। एग्रीस्टैक का उद्देश्य सरकार के विभिन्न हितधारकों द्वारा विभिन्न किसान और कृषि-केन्द्रित लाभदायी योजनाओं की योजना बनाना और उन्हें लागू करने की प्रक्रिया को आसान बनाना है। अभिलेखों की डायनेमिक लिंकिंग के साथ किसानों का डेटाबेस के अन्तर्गत प्रदेश के कृषक विवरण को एग्रीस्टैक के अन्तर्गत तैयार किए जा रहे डिजिटल इन्फ्रास्ट्रक्चर में संकलित किया जाएगा। इस हेतु कृषि विभाग के दर्शन पोर्टल पर उपलब्ध पंजीकृत कृषकों के डेटाबेस एवं भूलेख के डेटाबेस को समेकित कर फार्मर रजिस्ट्री तैयार की जानी है। उपरोक्त के लिए कृषि विभाग के दर्शन पोर्टल पर नए कृषकों के पंजीकरण हेतु तैयार एप्लीकेशन सॉफ्टवेयर को मुख्यमंत्री द्वारा 24 मई 2023 को लोकार्पित किया गया है, जिसके माध्यम से नए कृषक अपना पंजीकरण कर रहे हैं।

केंद्रीय गोवंश अनुसंधान संस्थान अब मेरठ से हापुड़ होगा स्थानांतरित

कैबिनेट ने मेरठ स्थित केन्द्रीय गोवंश अनुसंधान संस्थान की रक्षा भूमि की लीज समाप्त होने के फ लस्वरूप इस संस्थान के प्रदेश के भीतर स्थानान्तरण हेतु राजकीय पशुधन एवं कृषि प्रक्षेत्र, बाबूगढ़, हापुड़ की 150 एकड़ भूमि केन्द्रीय गोवंश अनुसंधान संस्थान मेरठ को निशुल्क हस्तान्तरित किए जाने के प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान कर दी है। ज्ञातव्य है कि केन्द्रीय गोवंश अनुसंधान संस्थान रक्षा विभाग की भूमि पर स्थापित है। इस भूमि की लीज की अवधि समाप्त होने के कारण प्रश्नगत संस्थान अन्यत्र स्थानान्तरित किया जाना है। उत्तर प्रदेश में गोवंश के बारे में एक महत्वपूर्ण संस्थान होने के दृष्टिगत इस संस्था को उत्तर प्रदेश में ही बनाए रखना राज्य में गोवंशों के विकास हेतु समीचीन होगा।

डॉ. दीपा त्यागी बनी स्वास्थ्य महानिदेशक

लखनऊ। शासन स्तर पर महानिदेशक प्रशिक्षण के पद पर तैनात डॉ. दीपा त्यागी को प्रदेश का स्वास्थ्य महानिदेशक नियुक्त किया गया है। डा. त्यागी की नियुक्ति स्वास्थ्य महानिदेशक के पद पर तैनात डॉ. रेनू श्रीवास्तव के सेवानिवृत के उपरान्त हुई है। वहीं निदेशक राष्ट्रीय कार्यक्रम के पद पर तैनात डा. बृजेश राठौर को महानिदेशक ग्रेड में पदोन्नत किया गया है। इसके साथ ही उन्हें महानिदेशक प्रशिक्षण के पद पर नई तैनाती भी दी गई है। यह पदोन्नति उन्हें न्यायालय में लंबित मामलों के अधीन दी गई है।

एकेटीयू से सम्बद्ध होंगे बस्ती, गोंडा, मिर्जापुर व प्रतापगढ़ के इंजीनियरिंग कालेज

लखनऊ जनपद बस्ती, गोंडा, मिर्जापुर एवं प्रतापगढ़ में निर्माणाधीन इंजीनियरिंग कॉलेजों को डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, लखनऊ का सहयुक्त कॉलेज बनाए जाने के प्रस्ताव को कैबिनेट ने मंजूरी प्रदान कर दी है। इन कॉलेजों का पठन-पाठन का कार्य क्रमशः राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज अम्बेडकरनगर, इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एण्ड टेक्नोलॉजी लखनऊ, राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज सोनभद्र एवं कमला नेहरू प्रौद्योगिकी संस्थान सुल्तानपुर में संचालित कराया जाएगा। इन इंजीनियरिंग कॉलेजों का निर्माण कार्य पूर्ण होने-मूलभूत सुविधाओं के विकसित होने एवं एआईसीटीई से विधिवत मान्यता प्राप्त हो जाने पर प्रदेश की अन्य शासकीय अभियंत्रण संस्थाओं की भांति इन कॉलेजों को भी संचालित किया जाएगा।

सात शहरों में नई टाउनशिप योजनाओं के लिए दिए जाएंगे 1000 करोड़ रुपए

मुख्यमंत्री शहरी विस्तारीकरण/नये शहर प्रोत्साहन योजना के अन्तर्गत 7 प्राधिकरणों/विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरणों को 1000 करोड़ रुपए सीड कैपिटल के रूप में आवंटित किए जाने के प्रस्ताव को कैबिनेट ने स्वीकृत प्रदान कर दी है। यह धनराशि झांसी विकास प्राधिकरण, बरेली विकास प्राधिकरण, गोरखपुर विकास प्राधिकरण, चित्रकूट विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण, अलीगढ़ विकास प्राधिकरण, आगरा विकास प्राधिकरण तथा बुलन्दशहर विकास प्राधिकरण को आवंटित की जाएगी। योजना के अन्तर्गत भूमि अर्जन में आने वाले व्यय का 50 प्रतिशत तक राज्य सरकार द्वारा सीड कैपिटल के रूप में अधिकतम 20 वर्ष की अवधि के लिए दिए जाने का प्राविधान है। नये शहरों का समग्र एवं समुचित विकास मद में वित्तीय वर्ष 2022-23 में 1000 करोड़ रुपये आहरित कर उपाध्यक्ष लखनऊ विकास प्राधिकरण के निवर्तन पर रखे गए हैं। इस धनराशि को 7 प्राधिकरणो/विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण को आवंटित किया जाना है।

उद्योग के लिए जमीनों का भू-उपयोग बदलने का अधिकार मंडलायुक्त को होगा

राज्य सरकार ने ईज ऑफ डूइंग के आधार पर उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता-2006 की धारा-219 के अन्तर्गत लोक उपयोगिता और आरक्षित श्रेणी की जमीनों का भू-उपयोग बदलने का अधिकार मंडलायुक्तों को दे दिया है। श्रेणी परिवर्तन की राज्य सरकार की शक्ति मण्डलायुक्त को प्रतिनिधानित करने के प्रस्ताव को कैबिनेट ने स्वीकृति प्रदान कर दी है। उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता-2006 की धारा-80 (1) में उद्घोषणा के लिए आवेदन हेतु निर्धारित न्यायालय शुल्क तथा धारा-89 की उपधारा-2 के द्वारा निर्धारित विहित सीमा 5.0586 हेक्टेअर (12.5 एकड़) से अधिक भूमि अर्जन के लिए उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता नियमावली-2016 एवं सम्बन्धित शासनादेशों में संशोधन के प्रस्ताव को भी अनुमोदित कर दिया है।

परिवार के सदस्यों को 5000 के स्टांप पर रजिस्ट्री की फिर मिलेगी सुविधा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

योगी सरकार ने परिवार के सदस्यों के मध्य 5000 के स्टांप पर रजिस्ट्री करने की सुविधा फिर से प्रदान करने का निर्णय लिया है। मंत्रिपरिषद ने उत्तर प्रदेश राज्य में परिवार के सदस्यों के मध्य निष्पादित अचल सम्पत्ति के दान विलेख पर प्रभार्य स्टाम्प शुल्क में छूट दिए जाने के प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान कर दी है। इसके अनुसार उत्तर प्रदेश राज्य में परिवार के सदस्यों पुत्र, पुत्री, पिता, माता, पति, पत्नी, पुत्रवधु (पुत्र की पत्नी), सगा भाई (सगे भाई के मृतक होने की दशा में उसकी पत्नी), सगी बहन, दामाद (पुत्री का पति), पुत्र-पुत्री के पुत्र-पुत्री के मध्य निष्पादित अचल सम्पत्ति के दान विलेख पर प्रभार्य स्टाम्प शुल्क की अधिकतम सीमा 5000 रुपए निर्धारित किए जाने के प्रस्ताव को अनुमोदित किया गया है।

प्रस्ताव के अनुसार यह छूट अग्रिम आदेशों तक के लिए दी जाएगी। बाद में राजस्व पर पड़ने वाले प्रभाव एवं निबन्धित होने वाले विलेखों पर पड़ने वाले प्रभाव का अध्ययन कर इस छूट को निरन्तर किया जा सकता है। देश के प्रमुख राज्यों यथा महाराष्ट्र, कर्नाटक, मध्य प्रदेश आदि में पारिवारिक सदस्यों के मध्य निष्पादित अचल सम्पत्ति के दान विलेखों पर प्रभार्य स्टाम्प शुल्क में छूट प्रदान की गयी है। प्रस्तावित छूट प्रदान किए जाने से देश के अन्य राज्यों की भांति प्रदेश में भी पारिवारिक सदस्यों के मध्य निष्पादित दान विलेखों के माध्यम से अचल सम्पत्ति का अन्तरण सहज हो सकेगा, जिससे जनसामान्य को लाभ प्राप्त होगा। राज्य सरकार ने पूर्व में भी यह सुविधा बतौर ट्रायल लागू की थी। जिसे समयावधि पूर्ण होने के बाद खत्म कर दिया गया था।

यूपी में 5-जी सेवाएं होंगी सस्ती और सर्वसुलभ

लखनऊ। यूपी में 5जी सेवाओं का और विस्तार होगा। उपभोक्ताओं को यह आसानी से उपलब्ध होगी। साथ ही यह सेवाएं अपेक्षाकृत सस्ती होंगी। कैबिनेट की बैठक में आईटी विभाग के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी। उच्च शिक्षा व आईटी मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने बताया कि इसके तहत भारतीय तार मार्ग के अधिकार नियम के तहत किए गए संशोधनों को अब यूपी में लागू किया जाएगा। यह संशोधन मुख्यतरू 5-जी सेवाओं के विस्तार व स्ट्रीट खंभों के उपयोग से संबंधित हैं। इसके जरिए सेवाप्रदाता कंपनियों से लिया जाने वाले शुल्क कम किए गए हैं या कहीं खत्म किए गए हैं। इससे कंपनियों इस सेवाओं के संचालन में वित्तीय बोझ कम पड़ेगा और इस कारण वे अपेक्षाकृत सस्ते में 5-जी सेवाएं उपलब्ध हो सकेंगी।

कैंसर पर शोध के लिए कल्याण सिंह इंस्टीट्यूट, लखनऊ में खुलेगा एडवांस सेंटर

कैबिनेट ने कल्याण सिंह सुपर स्पेशियलिटी कैंसर इंस्टीट्यूट, लखनऊ में पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप के आधार पर सेंटर फॉर एडवांस मॉलिक्यूलर डायग्नोसटिक्स एण्ड रिसर्च फॉर कैंसर स्थापित करते हुए प्रारम्भ किए जाने के प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान कर दी है। इस हेतु इंस्टीट्यूट के परिसर में ही 25000 वर्गफुट निर्मित क्षेत्रफल उपलब्ध कराया जाएगा। सेंटर फॉर एडवांस मॉलिक्यूलर डायग्नोसटिक्स एण्ड रिसर्च फॉर कैंसर को प्रारंभ किए जाने हेतु कल्याण सिंह सुपर स्पेशियलिटी कैंसर इंस्टीट्यूट, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान कानपुर तथा कार्किनोस हेल्थकेयर प्राइवेट लि. मुंबई के मध्य होने वाले त्रिपक्षीय समझौता ज्ञापन को हस्ताक्षरित करने के लिए मंत्रिपरिषद द्वारा निदेशक, कल्याण सिंह सुपर स्पेशियलिटी कैंसर इंस्टीट्यूट को अधीकृत किया गया है। अन्य अनुवर्ती निर्णयों को लिए जाने के लिए मुख्यमंत्री को मंत्रिपरिषद ने अधिकृत कर दिया है।

लखनऊ व हरदोई में टेक्सटाइल पार्क के लिए लीज रेंट पर 99 वर्ष के लिए मिलेगी जमीन

कैबिनेट ने पीएम मेगा एकीकृत वस्त्र क्षेत्र और परिधान (पीएम मित्र) पार्क योजना के अन्तर्गत जनपद लखनऊ एवं हरदोई में टेक्सटाइल पार्क की स्थापना हेतु स्पेशल पर्पज वेहिकल को उपलब्ध करायी जाने वाली भूमि एक रुपये प्रति एकड़ प्रतिवर्ष प्रतीकात्मक लीज रेंट पर 99 वर्ष के लिए प्रदान किये जाने के प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान कर दी है। मंत्रिपरिषद ने लीज पर दी जा रही भूमि पर देय स्टाम्प शुल्क से छूट दिए जाने का निर्णय भी लिया गया है। यदि भविष्य में राज्य सरकार द्वारा कुछ और भूमि एसपीवी के विस्तार के लिए दी जाती है, तो उस पर भी देय स्टाम्प शुल्क से शत-प्रतिशत छूट दी जाएगी।

फार्मास्युटिक एवं चिकित्सा उद्योग नीति-2023 के प्रख्यापन के प्रस्ताव को मिली स्वीकृति

कैबिनेट ने उप्र फार्मास्युटिकल एवं चिकित्सा उपकरण उद्योग नीति-2023 के प्रख्यापन के प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान कर दी है। इस नीति के प्रख्यापन से प्रदेश में फार्मास्युटिकल एवं चिकित्सा उपकरण के क्षेत्र में निवेश एवं रोजगार सृजन को बढ़ावा मिलेगा, आमजन को सस्ती एवं गुणवत्तायुक्त औषधियों की उपलब्धता होगी।

बुन्देलखण्ड औद्योगिक विकास प्राधिकरण के लिए 8000 करोड़ के कर्ज का इंतजाम

लखनऊ। योगी सरकार ने बुन्देलखंड औद्योगिक विकास प्राधिकरण के गठन के लिए 8000 करोड़ रुपए के कर्ज का इंतजाम कर दिया है। कैबिनेट ने कार्य योजना के प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान कर दी है। निर्णय के अनुसार 8000 करोड़ रुपये की ब्याज मुक्त राशि में से 5000 करोड़ रुपये की धनराशि नवसृजित होने वाले बुन्देलखण्ड औद्योगिक विकास प्राधिकरण के गठन एवं उसके विकास हेतु उपयोग में लायी जाएगी। इस धनराशि में से प्रारम्भिक तौर पर यूपीसीडा द्वारा बुन्देलखण्ड औद्योगिक विकास प्राधिकरण की ओर से भूमि क्रय हेतु आवश्यकतानुसार धनराशि जिलाधिकारी झांसी को उपलब्ध करायी जाएगी। प्राधिकरण के औपचारिक गठन तथा प्राधिकरण में कार्मिकों की तैनाती हो जाने पर शेष धनराशि भूमि क्रय एवं विकास कार्यों के लिए नवगठित बुन्देलखण्ड औद्योगिक विकास प्राधिकरण को उपलब्ध करा दी जाएगी। स्वीकृत धनराशि में से भूमि विकास के लिए किये जाने वाले कार्यों का अनुमोदन अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा किया जा सकेगा। राजकोष से आहरित धनराशि पर ब्याज अर्जित होने की स्थिति में ब्याज की धनराशि राज्य की समेकित निधि में समय से जमा करने की कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। यूपीसीडा/बुन्देलखण्ड औद्योगिक विकास प्राधिकरण द्वारा स्वीकृत ऋण की धनराशि का उपयोगिता प्रमाण पत्र समय से प्रस्तुत कराया जाएगा।

आईएसआई के लिए जासूसी करने वाला एक और अभियुक्त गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

आतंकवाद निरोधक दस्ते (एटीएस) ने पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी (आईएसआई) के लिए जासूसी करने वाले एक और अभियुक्त मुकीम उर्फअरशद का गिरफ्तार किया। एटीएस ने अभियुक्त को एटीएस के विशेष न्याधीश दिनेश कुमार मिश्र के न्यायालय में पेश कर रिमांड के लिए प्रार्थना पत्र दिया। न्यायालय ने मुकीम की दस दिनों की पुलिस कस्टडी रिमांड मंजूर कर दी है। रिमांड की अवधि 2 अगस्त को प्रातः 11 बजे से प्रारंभ होकर 11 अगस्त को शाम छह बजे समाप्त होगी। एटीएस ने बीती 16 जुलाई को आईएसआई के लिए जासूसी करने और देश विरोधी कृत्यों में संलिप्त होने के आरोप में मो. रईस, अरमान अली और मोहम्मद सलमान सिद्दीकी को गिरफ्तार किया था। इन तीनों के खिलाफ एटीएस के लखनऊ थाने में आईपीसी की धारा 121 ए, 123 और 3/5/9 शासकीय गुप्त बात अधिनियम-1923 का मुकदमा पंजीकृत किया गया। पूछताछ में उपरोक्त अभियुक्तों के एक अन्य साथी मुकीम सिद्दीकी उर्फ अरशद (उम्र 21 वर्ष) निवासी दीनपुरवा, थाना तरबगंज, गोंडा का नाम प्रकाश में आया था। जो इन लोगों के साथ मिलकर आईएसआई के लिए जासूसी करता है। एटीएस ने मुकीम सिद्दीकी को पूछताछ के लिए एटीएस मुख्यालय बुलाया। जहां पर हुई पूछताछ के दौरान उसने अपना जुर्म कबूल किया। जिसके बाद एटीएस ने उसे गिरफ्तार कर लिया।

मुकदमे के विवेचक अरविन्द कुमार पाण्डेय निरीक्षक एटीएस द्वारा अभियुक्त मुकीम सिद्दकी उर्फ अरशद को एटीएस के विशेष न्यायाधीश के समक्ष प्रस्तुत किया। अभियुक्त को 10 दिन की पुलिस कस्टडी रिमांड दिए जाने सम्बन्धी प्रार्थना-पत्र प्रस्तुत किया गया। ज्येष्ठ अभियोजन अधिकारी एमके सिंह ने विवेचक की ओर से न्यायालय को जानकारी दी कि मुकीम सिद्दीकी ने पूछताछ के दौरान बताया है कि उसकी और रईश की अक्सर भारत में मुसलमानों पर हो रहे अत्याचारों और जुल्मों को लेकर बातचीत होती थी। कुछ ऐसा काम किया जाए, जिससे सरकार को सबक सिखाया जा सके और भारत की सरकार हम मुसलमानों के खिलाफ काफी ज्यादती करती है। हर तरीके से मुसलमानों को प्रताड़ित कर रखा है। मेरे और रईश के मन में हमेशा बदला लेने और भारत के खिलाफ कुछ काम करने का मन करता था लेकिन कुछ समझ नहीं आ रहा है कि क्या किया जाए जिससे सरकार हिल जाए। अप्रैल 2023 में एक दिन रईश ने उसे बताया कि उसके पास एक काम है जिसको करने से पैसा भी मिलेगा और भारत सरकार को सबक भी सिखा पाएंगें। उसकी बातचीत पाकिस्तान में रहने वाले वहां के एजेंटों से होती है। रईश ने बताया था कि मैं पाकिस्तानी एजेंट मेराज उर्फ मुन्ना झिंगाडा व हुसैन तथा दानिश से सम्पर्क में हूं और तुम्हारी भी बात इनसे करा दूंगा लेकिन पहले तुम्हे विश्वास दिलाना होगा कि तुम उनके लिए काम कर सकते हो मेरे घर की आर्थिक स्थिति बहुत खराब थी बहन की शादी का कर्ज भी चुकाना था और में भारत सरकार द्वारा मुसलमानों पर किए जा रहे जुल्मों का बदला भी लेना चाह रहा था। मई 2023 में रईश की शादी होने के बाद मैंने उससे कहा कि यार कहीं काम दिला दो तो रईश ने मुझसे कहा कि तुम राजस्थान चले जाओ, मेरा एक परिचित है उसके पास मार्बल का काम है, वही करना और बताया कि उसकी पाकिस्तानी एजेंट से बात हुई थी। मैनें तुम्हारा जिक्र किया था। उन्होंने तुम्हारे लिए एक काम बताया है। तुम उनका काम करो जिससे हम लोगों को भारत के खिलाफ काम करने का और बदला लेने का मौका मिलेगा और रईश ने मुझे 5000 रुपए दिए तथा बताया कि पाकिस्तानी एजेंटों ने यह मेरे लिए भेजा है। बाद में और भी काम मिलेगा और अच्छा पैसा भी मिलेगा। रईश ने कहा तुम राजस्थान जाते समय पहले पाकिस्तानी एजेंटो का काम करना होगा। तुम पहले बबीना कैंट जाना और वहां आर्मी एरिया की फोटो व ट्रेनिंग सेंटर की फोटो, वीडियो व उस एरिया का नक्शा बनाकर मुझे भेजना, जिसे मैं आगे पाकिस्तानी एजेंटो को भेजूंगा। उन्हें अगर तुम्हारा काम पसन्द आया तो कल को वह लोग बड़ा काम देंगे और अच्छा पैसा भी मिलेगा।

बबीना कैंट एरिया व स्टेशन की फोटो खींचकर आईएसआई एजेंट को की थी व्हाट्सएप

मुकीम उर्फ अरशद ने बताया कि कि वह 27 मई 2023 को गोंडा से वाया ट्रेन रात में चलकर सुबह करीब सात बजे बबीना कैंट पहुंचा। वहां स्टेशन से बाहर निकल कर वह आर्मी कैंट एरिया की 5-6 फोटो खींची और 2-3 वीडियो मोबाइल से बनाकर रईश को व्हाट्सएप कर दी। नक्शा मैने अपने हाथ से एक सफेद पेपर पर बनाकर अपने पास रख लिया था, जिसे बाद में मुझे रईश को देना था। मैं यहां से झांसी आया और झांसी से ट्रेन पकड़ कर पहले राजस्थान काम के लिए आ गया। मैं बड़ौत स्टेशन पर उतरा और वहां से बस से झलावाड़ आया और रईश ने जिस आदमी का नम्बर मुझे दिया था उसने ही आने का रास्ता मुझे बताया था और अपने घर बुला लिया। उसने मुझे मार्बल का कोई काम नही दिया, बल्कि उल्टा मुझसे लगभग महीने भर बकरी और मुर्गी का चारा पानी कराता रहा। मैने जब मार्बल के काम को पूछा तो मुझे 5000 रुपए दिया और कहा कि तुम ठीक से काम नहीं करते हो अपना पैसा लो और जाओ। मेरा फोन एक बार वहां खराब हो गया था तो मालिक ने ही उसे किसी दुकान से बनवाया था। फिर मैने अपना पैसा लेकर 7 जुलाई 2023 को वहां से बस से रामगज मण्डी रेलवे स्टेशन आया और मुम्बई की ट्रेन पकड़ कर मुम्बई आ गया।

मनरेगा के तहत सामग्री मद के भुगतान के लिए 1600 करोड़ की धनराशि भेजी गयी

लखनऊ। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने ग्राम्य विकास विभाग के सभी सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि मनरेगा के तहत सभी अनुमन्य

महानगर अध्यक्षा की हत्या मामले में सपा महिला सभा का डेलीगेशन गया

●पीड़ित परिवार से मिलकर उनको कानूनी मदद दिलवाएगा

संवाददाता। शाहजहांपुर

महानगर अध्यक्ष खालदा बेगम की ससुराल में हत्या के बाद मंगलवार को समाजवादी पार्टी की महिला सभा का एक डेलीगेशन शाहजहांपुर पहुंचा। डेलीगेशन हत्या के मामले में परिवार और पुलिस से कानूनी मदद भी उपलब्ध करने की बात कहता नजर आया

थाना सदर बाजार क्षेत्र में महिला मोर्चा की महानगर अध्यक्ष खालदा बेगम की ससुराल में उसके पति और ससुराल वालों ने गला रेतकर हत्या कर दी थी। दोनों के बीच लंबे समय से विवाद चल रहा था। आज सपा महिला सभा का एक पांच सदस्यीय डेलीगेशन शाहजहांपुर पहुंचा है। इसमें सपा महिला सभा की 5 पदाधिकारी शामिल हैं। ये डेलीगेशन सपा के प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल ने बनाकर भेजा है। जो पीड़ित परिवार से मिलकर उनको कानूनी मदद दिलवाएगा।कानूनी कार्रवाई में की जाएगी मदद इस दौरान सपा के डेलीगेशन ने उत्तर प्रदेश की कानून व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए यूपी में जंगलराज बताया है। उनका कहना है कि उत्तर प्रदेश में महिलाएं और बेटियां सुरक्षित नहीं हैं। उनके साथ लगातार बलात्कार और हत्याएं हो रही हैं। उत्तर प्रदेश में सभी गुंडों को बीजेपी पाले हुए हैं। सपा नेत्री इंदु सक्सेना ने कहा कि डेलिगेशन प्रदेश अध्यक्ष ने बनाकर भेजा है। महिला सभा की नगर अध्यक्ष की हत्या होने के बाद डेलिगेशन उनके परिवार से मिलने आया है। उनके परिवार से मिलकर ढांढस बंधाने के बाद उनको कानून कार्रवाई में भी पूरी मदद की जाएगी मोदी और योगी ने एक नारा दिया था, बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ। जनता इस नारे को समझ नहीं पाई है कि ये नारा उन्होंने क्यों दिया। ये उन्होंने इसलिए दिया था कि हमे खुद अपनी बेटियों की सुरक्षा कैसे करना है। ये तो सिर्फ जंगलराज चल रहा है। योगी कहे रहे हैं कि अपराधी प्रदेश छोड़कर चले गए हैं, लेकिन लगता है योगी अपराधियों को और ज्यादा पनाह दे रहे हैं।

डीपीआरओ ने सचिव को किया निलंबित

संवाददाता। लखीमपुर खीरी

दायित्वों के निर्वहन में लापरवाही, अनुशासनहीनता, पीएम/सीएम आवास योजना के तहत जीओ टैग न करने, मुख्यमंत्री की समीक्षा बैठक की गम्भीरता को महत्व न देने, उच्चाधिकारियों को भ्रामक लोकेशन बताकर भ्रमित करने, ग्रापं कलुआपुर में लाभार्थी जहूर के स्वीकृत आवास की धनराशि रू. 1.20 लाख प्रधान पुत्र के खाते में भेजने, निर्गत नोटिस पर उत्तर न प्रस्तुत करने, शासकीय धनराशि का दुरूपयोग, शासकीय निर्देशों, उच्चाधिकारियों के आदेशों की अवहेलना, कर्मचारी आचरण नियमावली का उल्लंघन के आरोप में डीपीआरओ सौम्यशील सिंह ने डीएम महेंद्र बहादुर सिंह के अनुमोदन के क्रम मे तत्काल प्रभाव से निलम्बित कर दिया।

डीपीआरओ ने जारी निलंबन आदेश में उल्लेख किया है कि निलम्बन अवधि में ग्राम पंचायत अधिकारी अभिषेक कुमार को वित्तीय नियम संग्रह खण्ड2 भाग-2 से 4 के मूल नियम 53 के प्राविधानों के अनुसार जीवन निर्वाह भत्ते की धनराशि अर्द्ध वेतन पर देय अवकाश वेतन की राशि के बराबर देय होगी तथा उन्हें जीवन निर्वाह भत्ते पर महगाई भत्ता यदि ऐसे अर्द्ध अवकाश वेतन पर देय है, जो अनुमन्य होगा, जिन्हें निलम्बन के पूर्व प्राप्त वेतन के साथ महगाई भत्ता अथवा महगाई भत्ते का उपान्तिक समायोजन प्राप्त नही था, जिसके लिए उक्त प्रतिकर भत्ते अनुमन्य है। बताते चले कि बीडीओ धौरहरा ने ग्राम पंचायत अधिकारी अभिषेक कुमार पर उक्तानुसार आरोपों में निलम्बित करने की संस्तुति की। तत्क्रम में डीपीआरओ ने सचिव अभिषेक कुमार को कारण बताओं नोटिस निर्गत करते हुए साक्ष्यों सहित स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए, किन्तु अभी तक अभिषेक ने कोई उत्तर/स्पष्टीकरण प्रस्तुत नही किया। डीपीआरओ ने पाया कि उक्तानुसार सचिव अभिषेक कुमार को प्रथम दृष्टया दोषी है।

डीएम ने अब्दुल्लागंज पावरहाउस का किया निरीक्षण

●निर्बाध विद्युत आपूर्ति करने हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को किया निर्देशित

संवाददाता। शाहजहाँपुर

जिलाधिकारी उमेश प्रताप सिंह ने अब्दुल्लागंज स्थित विद्युत पॉवरहाउस का निरीक्षण कर आवश्क निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिये। जिलाधिकारी ने अब्दुल्लागंज पावरहाउस के निरीक्षण के दौरान कण्ट्रोल रूम, यार्ड, सहित उपस्थित पंजिका, शिकायत पंजिका, विद्युत आपूर्ति से संबंधित लॉग बुक समेत अन्य अभिलेखों का निरीक्षण कर जानकारी ली। कई पंजिकाओं के पृष्ठ प्रमाणित न मिलने पर अधिशासी अभियंता को फटकार लगाते हुए पृष्ठ प्रमाणित करने हेतु निर्देश दिये। उन्होने कहा कि नियमानुसार विद्युत आपूर्ति हमारी प्राथमिकता में होना चाहिए। किसी भी दशा में विद्युत आपूर्ति बाधित न हो यह सुनिश्चित किया जाये।

जिलाधिकारी ने निरीक्षण के दौरान कन्ट्रोल रूम में एक-एक कर सभी क्षेत्रों के फीडर पर लोड के विषय में जानकारी ली। अधिशासी अभियन्ता ने जानकारी देते हुये अवगत कराया कि ओवर लोडिंग की समस्या कम हुयी।

लाइनलॉस पर निरन्तर कार्य किया जा रहा है। जिलाधिकारी ने कहा कि लाइनलॉस कम किया जाये। जिलाधिकारी ने परिसर एवं यार्ड में साफ-सफाई व्यवस्था सुनश्चित करने हेतु भी निर्देशित किया। साथ ही उन्होने विद्युत् यार्ड की बॉउण्ड्रीवाल करवाने के भी निर्देश अधिशासी अभियंता को दिये।

जिलाधिकारी ने निर्देशित करते हुये कहा कि सुरक्षा मानको का विशेष ध्यान रखा जाये तथा सुरक्षा उपकरणें का उपयोग अवश्यक रूप से हो यह भी सुनिश्चित किया जाये। पावर हाउस में आनी वाली सभी शिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित करने हेतु भी जिलाधिकारी ने निर्देशित किया।

खाना बनाते समय सिलेंडर से गैस लीक होने लगी आग घर का सामान जला

संवाददाता। शाहजहांपुर

खाना बनाते समय अचानक सिलेंडर से गैस लीक होने लगी। अचानक घर के अंदर आग लग गयी। घर के अंदर रखी नगदी भी जल गई। बाकी सभी घरेलू सामान जलकर खाक हो गया। धुआं उठने और चीख पुकार सुनकर स्थानीय लोग इकट्ठा हो गए। उन्होंने बाल्टी भर-भरकर आग को कई घंटे की मशक्कत के बाद बुझाया। वहीं पीड़ित ने कहा कि घर के अंदर सब कुछ जल गया। अब उसके पास कुछ भी नहीं बचा।

थाना कटरा क्षेत्र के गांव रमापुर दक्षिणी गांव निवासी पूरनलाल मेहनत मजदूरी करके परिवार का पालन-पोषण करता है। मंगलवार सुबह पूरनलाल की पत्नी किचन के अंदर खाना बना रही थी। तभी अचानक उनके घर के अंदर सिलेंडर से गैस लीक होने लगी और अचानक आग लग गई। आग लगते ही परिवार के सभी लोग घर से बाहर भागे।

धुआं देख और चीखपुकार सुनकर स्थानीय ग्रामीण भी पूरनलाल के मकान के बाहर पहुंच गए। करीब दो घंटे तक ग्रामीणों ने बाल्टी भर-भरकर आग बुझाने का प्रयास किया। लेकिन तब तक घर के अंदर रखे बीस हजार रुपये, फ्रिज, टीवी समेत सारा घरेलू सामान जलकर खाक हो गया। घर के अंदर रखी बाइक भी पूरी तरह से जल गई। दो घंटे बाद आग पर स्थानीय ग्रामीणों ने काबू पाया।

पीड़ित पूरनलाल ने बताया कि अचानक गैस लीक होने पर घर के अंदर आग लग गई थी। घर का सभी सामान जलकर खत्म हो गया। बीस हजार रुपये बहुत मेहनत से कमाए थे। वो भी आग में जल गए। उसके पास कुछ नहीं बचा। बाइक भी जलकर राख हो गई। ग्रामीणों ने उसका साथ देते हुए आग पर काबू पाया।

महिला कल्याण विभाग के तत्वावधान में जीजीआईसी में लगा स्वावलंबन जागरूकता कैंप

संवाददाता। लखीमपुर खीरी

आधी आबादी को हक और अधिकारों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से राजकीय कन्या इंटर कॉलेज में महिला कल्याण विभाग के तत्वावधान में स्वावलंबन कैंप का आयोजन हुआ। इस कैंप का शुभारंभ जीजीआईसी के प्रधानाचार्य डॉ शालिनी दुबे ने दीप प्रज्वलित कर किया।

महिला शक्ति केंद्र के जिला समन्वयक श्रीमती निक्की गुप्ता ने कहा कि कदम बढ़ाकर आसमान छू लो, समय इंतजार कर रहा है। समय तेजी से बदल रहा है। महिलाएं अपनी जिम्मेदारी उठाने के लिए आगे आ रही हैं, लेकिन इस प्रक्रिया में तेजी लाने की जरूरत है। छात्राओं को उनके हक और अधिकारों की जानकारी दी।

उन्होंने कैंप में प्रदेश सरकार द्वारा संचालित योजनाएं, जिसमें मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (सामान्य), पति की मृत्युपरान्त निराश्रित महिला पेंशन योजना, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना आदि की जानकारी दी गई। राजकीय कन्या इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ शालिनी दुबे ने कार्यक्रम की आवश्यकता एवं प्रासंगिकता व्यक्त करते हुए अपने सारगर्भित विचार व्यक्त किए।

डीपीओ संजय कुमार निगम बताते हैं कि उप्र सरकार की ओर से संचालित की जा रही महत्वपूर्ण योजनाएं मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, पति की मृत्यु उपरान्त निराश्रित महिला पेंशन योजना, उप्र मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (सामान्य), वृद्धा पेंशन योजना, पति की मृत्यु उपरांत पारिवारिक लाभ योजना, दिव्यांग पेंशन योजना के पात्रों को लाभांवित कराने के लिए ब्लाक स्तर पर प्रत्येक माह में स्वावलंबन कैंपों का आयोजन किया जा रहा हैं।

लाभार्थियों के सत्यापन में मिले तीन अपात्र, डीएम ने प्रधान को भेजा नोटिस

लखीमपुर खीरी। ब्लॉक लखीमपुर की ग्राम पंचायत मीरपुर में स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) फेज-2 के तहत चयनित लाभार्थियों का स्थलीय सत्यापन हुआ, जिसमें 03 व्यक्ति यथा सरिता पत्नी हिमांशु यादव, सीमा देवी पत्नी सर्वेश कुमार वर्मा तथा वीरेन्द्र कुमार वर्मा पुत्र भगौती प्रसाद वर्मा अपात्र मिले। डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने ग्राम पंचायत मीरपुर के ग्राम प्रधान विकास वर्मा को नोटिस जारी करके अपेक्षा की कि वह एक सप्ताह में साक्ष्यों सहित स्पष्ट करें कि क्यों न आपके विरूद्ध उप्र पंचायत राज अधिनियम 1947 की धारा 95 (1) (छ) के अन्तर्गत पद का दुरूपयोग करने के आरोप में आपके विरूद्ध कार्यवाही की जाये। इसी मामले में डीएम ने सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) अनिल मिश्रा एवं ग्राम सचिव पंकज श्रीवास्तव के विरुद्ध प्रथक से कार्यवाही के लिए जिला विकास अधिकारी एवं डीपीआरओ को निर्देशित किया।

पंचतत्व में विलीन हुए पूर्व सांसद जनार्दन प्रसाद मिश्र

संवाददाता। सीतापुर

अपनी सादगी और विनम्रता के लिए समाज के हर वर्ग ही नहीं सभी राजनीतिक दलों में सम्मान की नजर से देखे जाने वाले भाजपा के पूर्व सांसद जनार्दन प्रसाद मिश्र पंचतत्व में विलीन हो गए। सीतापुर के मोहल्ला विजय लक्ष्मीनगर स्थित आवास पर उनका सुबह 4 बजे उनका निधन हो गया था। दोपहर में जनार्दन प्रसाद मिश्र का शव उनके पैतृक निवास हरगांव के जोशी टोला पहुंचा तो अन्तिम दर्शन करने के लिए जनसमूह उमड़ पड़ा ,मुखाग्नि उनके बेटे राजीव रंजन मिश्र ने दी। अन्तिम यात्रा मे शामिल होने के लिए, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी,प्रदेश महामंत्री गोविन्द नरायण शुक्ला, कैबिनेट मन्त्री जितिन प्रसाद, कारागार राज्य मन्त्री सुरेश राही, नगर विकास मन्त्री राकेश राठौर, गुरू, एम एल सी पवन सिंह चौहान, भाजपा जिलाध्यक्ष अचिन मेहरोत्रा, लखीमपुर जिलाध्यक्ष सुनील सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष शरद बाजपेई , युवा भाजपा अध्यक्ष सचिन मिश्र, सेवता विधायक ज्ञान तिवारी,, सपा एम एल सी जासमीर अंसारी, विधायक मिश्रिख रामकृष्ण भार्गव,मनीष रावत,निर्मल वर्मा,साकेंद्र प्रताप वर्मा,राजा दिनकर प्रताप सिंह, जिला महामंत्री विश्राम सागर राठौर, पूर्व विधायक महेंद्र यादव, एस डी एम ज्ञानेंद्र द्विवेदी, पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा शिव कुमार सिंह,डी सी डी एफ अध्यक्ष रोहित सिंह, पूर्व एम एल सी भरत त्रिपाठी,अजीत मेहरोत्रा, चंद्र कुमार मिश्र बापू, कमलेश वर्मा, नीरज वर्मा झल्लर, मुनीन्द्र अवस्थी, मनोज मिश्र महोली, अमरेंद्र सिंह पूर्व प्रमुख एलिया,रामकुमार शुक्ला,राजेश्वर रस्तोगी, उमाकांत मिश्र,व्यापार मंडल अध्यक्ष राकेश सेठ,नगर पंचायत अध्यक्ष गफ्फार खान,विश्राम सागर राठौर, अरुणेश त्रिपाठी , अमरजीत सिंह , मोनू सिंह,सहित कई जिला पचांयत सदस्य,संघ के पदाधिकारी,हरगांव इलाके के ग्राम प्रधान व बीडीसी सदस्य, सहित तमाम लोग सम्मिलित रहे।

मनचले ने छात्रा को पिलाया सैनिटाइजर, मौत

संवाददाता। बरेली

स्कूल जाते और आते समय यात्रा का पीछा करने वाले मनचले ने विरोध करने पर अपने साथियों की मदद से छात्रा को रास्ते में रोककर सैनिटाइजर पिला दिया जिससे छात्रा की हालत बिगड़ गई उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया कई दिनों तक चले इलाज के बाद आज सुबह जिला अस्पताल लाते समय रास्ते में ही मौत हो गई पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा । इज्जत नगर थाना क्षेत्र के मठ लक्ष्मीपुर निवासी 17 वर्षीय छात्रा कक्षा 11 में पढ़ती थी और उसको गांव में ही रहने वाला कैफे संचालक उद्देश राठौर कॉलेज जाते समय और आते समय रास्ते में घेर कर छेड़छाड़ करता था जिसकी शिकायत छात्रा ने अपने घर वालों की मदद से पुलिस से की लेकिन पुलिस ने छेड़छाड़ करने वालों पर कोई कार्यवाही नहीं की जिससे उनके हौसले काफी बढ़ गए और 27 जुलाई को जब छात्रा कॉलेज से घर लौट रही थी तभी उद्देश्य ने अपने कई साथियों की मदद से उसे रास्ते में रोक लिया और छेड़छाड़ करने लगा विरोध करने पर उसने अपने साथियों की मदद से छात्रा को सैनिटाइजर पिला दिया जिससे कुछ देर बाद ही उसकी तबीयत बिगड़ गई सूचना मिलते ही छात्र के घरवाले मौके पर पहुंचे और उन्होंने उद्देश्य की पिटाई कर दी छात्रा को उसके घर वाले एक स्थानीय अस्पताल ले गए जहां से हालत नाजुक देख कर उसे भोजीपुरा स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां से आज सुबह जिला अस्पताल लाया जा रहा था इसी दौरान उसने दम तोड़ दिया और जिला अस्पताल पहुंचते ही डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर मामले की जांच शुरू कर दी

16 रेल कर्मचारी हुए सेवानिवृत्त

बरेली । इज्जतनगर मंडल पर माह जुलाई, 2023 में सेवानिवृत्त हुए 16 रेल कर्मचारियों को मंडल रेल प्रबंधक सुश्री रेखा यादव ने मैत्री सामुदायिक केंद्र, इज्जतनगर के प्रेक्षागृह में समापक राशि का भुगतान परिपत्र, मेडीकल कार्ड सहित सेवानिवृत्ति के अन्य दस्तावेज एवं गोल्ड प्लेटेड मेडल प्रदान किए तथा सेवानिवृत्त हुए रेल कर्मचारियों के दीर्घ आयु, सुख-शांति एवं समृद्धि की कामना की। उन्होंने सभी सेवानिवृत्त हुए रेल कर्मचारियों को सलाह दी कि समापक भुगतान के मद में उन्हें प्राप्त हुई धन राशि उनके पूरे जीवन की अमूल्य धरोहर है। अत: वे इस राशि का निवेश सरकारी बैंकों, सरकारी योजनाओं या सरकारी उपक्रमों में ही करें। यदि कोई भी संबंधी अथवा मित्र या व्यक्ति आपको गलत तरह से गुमराह करके समापक राशि का निवेश अन्यत्र कराना चाहता है तो सीधे इन्कार कर उनकी बातों में न आयें।

तहसीलदार संग एनडीआरएफ के डिप्टी कमान्डेंट ने किया कटान क्षेत्र का दौरा

संवाददाता। लखीमपुर खीरी

मंगलवार को राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआरएफ) के क्षेत्रीय प्रतिक्रिया केंद्र लखनऊ से 11-एनडीआरएफ के डिप्टी कमान्डेंट अनिल कुमार पाल जनपद खीरी पहुंचे, जहां उन्होंने डीएम महेंद्र बहादुर सिंह, एडीएम संजय कुमार सिंह व एसडीएम सदर श्रद्धा सिंह से भेंट की। डिप्टी कमान्डेंट अनिल पाल ने तहसीलदार सुशील प्रताप सिंह के साथ सदर तहसील के फूलबेहड़ ब्लॉक में हो रहे शारदा नदी के कटान क्षेत्र का दौरा कर स्थिति का जायजा लिया। बटालियन के डीआईजी मनोज कुमार शर्मा के निर्देशन में डिप्टी कमांडेट अनिल कुमार पाल ने जनपद में भ्रमण किया। तहसील सदर के तहसीलदार सुशील प्रताप सिंह के साथ फूलबेहड़ ब्लॉक के बाढ़ प्रभावित करदहिया मानपुर, अहिराना, गूम, लेंगडीपुर, मिलपुरवा इत्यादि गावों का दौरा कर स्थिति का जायजा लिया। डिप्टी कमांडेंट अनिल कुमार पाल ने बताया कि अभी शारदा नदी का कटान जारी है, इसलिए ग्रामवासी सावधानी बरतें तथा घबराने की जरूरत नहीं है। किसी भी स्थिति से निपटने के लिए वर्तमान में एनडीआरएफ की एक टीम लखीमपुर जनपद में तैनात है, जो कि प्रशासन के साथ आपकी सेवा में तत्पर है। उन्होंने बताया कि एनडीआरएफ टीम जनपद में सीएपी, सीबीपी और एसएसपी कार्यक्रमों के जरिए से आपदाओं से पहले, आपदाओं के दौरान और आपदा के बाद क्या क्या कार्य करने चाहिए। इसके बारे में जानकारी दे रही है।

निशुल्क त्रैमासिक योग प्रशिक्षण शिविर लगाया

संवाददाता। बरेली

उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान लखनऊ द्वारा आयोजित निशुल्क त्रैमासिक योग प्रशिक्षण शिविर का उद्घाटन समारोह का शुभारंभ आज सूरजभान विद्या भवन,नई बस्ती बरेली में विद्यालय के प्रबंधक कमल खंडेलवाल के द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित एवं माल्यार्पण कर किया गया । इसके साथ ही आज प्रदेश के सभी जनपदों में त्रैमासिक निशुल्क योग केंद्रों का सामूहिक उद्घाटन गूगल मीट के माध्यम से हुआ। संस्थान के निदेशक विनय श्रीवास्तव ने सभी केंद्रों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रतिदिन योग करने से मनुष्य का सर्वागीण विकास होता है इससे पूर्व भी संस्थान के द्वारा अत्यंत सफलतापूर्वक योग शिविर चलाए गए जिसमें प्रशिक्षकगण तथा शिक्षक का अभूतपूर्व योगदान रहा सभी साधुवाद के पात्र हैं हमारी इस योग विद्या को वर्तमान में विदेश से भी अनेक लोग भारत आकर सीख रहे हैं इस योजना में मुख्यमंत्री योगी जी तथा भाषा विभाग के अपर मुख्य सचिव जितेन्द्र कुमार का विशेष जुड़ाव है योग प्रशिक्षण के साथ आप सभी योग प्रशिक्षकों के द्वारा इस वर्ष जो वृक्षारोपण का कार्य किया गया वह भी प्रशंसनीय है । विद्यालय के प्रबंधक कमल खंडेलवाल ने अपने उद्बोधन में कहा कि उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान लखनऊ द्वारा चलाया जा रहा निशुल्क त्रैमासिक योग प्रशिक्षण कार्यक्रम से छात्र छात्राएं निश्चित ही लाभान्वित हो रहे हैं। विद्यालय की प्रधानाचार्या सुनीता शर्मा ने कहा कि योग वह प्रकाश है जो एक बार जला दिया जाए तो कभी कम नहीं होता जितना आप अभ्यास करेंगे लौ उतनी ही उज्जवल होगी।उद्घाटन समारोह में मुख्य रूप से संध्या सक्सेना, श्याम शर्मा , गणेश सर, पचौरी सर, एवं अन्य शिक्षक शिक्षिकाओं का सहयोग रहा।

गुरेला करबला या हुसैन की सदाओं से गूजा

संवाददाता। मोहम्मदी खीरी

मोहम्मदी बरबर रोड पर स्थित गांव गुरेला मे करबला मे आज 5 बजे से रात 10बजे तक करबला मे इमाम

हुसैन को खेराजे अकीदत पेश करने के लिऐ हजारो की संख्या में महिलाएं और पुरुष पहुंचे, पूरे कर्बला को खूबसूरत लाइटों से सजाया गया था, वही गुरेला ,पाल,अली नगर सहित कर्बला के आसपास के गांव के अलावा मोहम्मदी नगर से भारी संख्या में अकीदत मद पहुंचे, कर्बला पहुंचने वालों के लिए अंजुमन हुसैनिया के रहबर हुसैन रिजवी के द्वारा पानी और चाय का सभी लोगों के लिऐ इंतजाम किया गया वही जमन जैदी की तरफ से आने बाले सभी लोगों के लिऐ प्रसाद की व्यवस्था की गई ,आने वाले सभी श्रद्धालुओं ने इमाम हुसैन की याद में अगरबत्ती मोमबत्ती जलाकर खैराजे अकीदत पेश की वही मिठाईयो की नजर की ,और अपने लिऐ दुआऐ भी मागी,करबला मे महिलाओं और पुरुषों ने अलग-अलग नौहाख्वानी और मातम का दौर जारी रखा, अंजुमन हुसैनिया के अध्यक्ष मोहम्मद अब्बास नकवी ने आने वाले सभी लोगों का इस्तकबाल किया,वही अन्य गाव से आने बाली महिलाओं ने इमाम हुसैन की लहद से रोशन मोमबत्ती अपने अपने घर ले जाकर अपने अपने घरो मे रोशनी की।

51 निर्धन पंजाबी सिख कन्याओं को स्कूल जाने के लिए 51 साइकिल भेंट की

संवाददाता। बरेली

पंजाबी महासभा द्वारा विधवा पेंशन योजना एवं साथ में मेडिकल वैन जो 10 रुपये में ब्लड प्रेशर व ब्लड शुगर की जांच घर घर जाकर करेगी एक ई रिक्शा मॉडल टाउन गुरुद्वारा सिंह सभा को समर्पित किया गया जो संगत को लाने ले जाने की निशुल्क सुविधा प्रदान करेगा सरकार द्वारा स्कूल चलो अभियान के अंतर्गत पंजाबी महासभा ने भी सरकार का मनोबल बढ़ाते हुए 51 निर्धन पंजाबी सिख कन्याओं को स्कूल जाने के लिए 51 साइकिल भेंट की और उनके माता-पिता को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया पेंशन में ?500 नगद जो पिछले 8 वर्ष से वितरित होते आ रहे हैं उनके साथ साथ महिलाओं को भी अंग वस्त्र दिया गया राजेंद्र नगर ए ब्लॉक श्री श्यामा प्रसाद मुखर्जी पार्क को गोद लेने की भी घोषणा की गई एवं कुतुबखाना मोती पार्क स्थित 5 लाख की लागत से आरो शीतल जल की सुविधा बंद बोतल में दी जाएगी मात्र पांच ?5 में उपलब्ध कराई जाएगी और एक गौशाला को बीमार गौ माता को ले जाने के लिए एक गाड़ी देने की घोषणा की गई कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रांत प्रचारक ब्रज प्रांत डॉ हरीश रौतेला ने कहा पंजाबी समाज हमेशा देश सेवा में विश्वास करता है सभी समाजों को इनसे प्रेरणा लेकर सेवा कार्य करने चाहिए आजादी के बाद बंटवारे में अपना सब कुछ लुट जाने के बाद भी लगन और मेहनत से अपने परिवार व्यापार व समाज को उचित स्थान पर लाकर खड़ा किया कार्यक्रम अध्यक्ष बाबा तरसेम सिंह कार सेवा वाले नानकमत्ता पंजाबी समाज को बधाई दी और बढ़-चढ़कर सेवा करने की प्रेरणा दी मुख्य अतिथि प्रांत संघचालक शशांक भाटिया ने सेवा कार्यो के लिए पूरे पंजाबी समाज को एकजुट होकर कार्य करने की प्रेरणा दी पंजाबी महासभा के अध्यक्ष संजय आनंद ने कार्यक्रम में आए सभी अतिथियों का स्वागत किया और कहा कि पंजाबी महासभा समाज के सभी लोगों को साथ लेकर समाज की सेवा का जो बीड़ा उठाया है संतो महापुरुषों के आशीर्वाद से दिन प्रतिदिन उत्तम कार्य के लिए संकल्प बर्ड है कार्यक्रम में महापौर उमेश गौतम जिला अध्यक्ष अशोक अरोड़ा विभाग प्रचारक धर्मेंद्र महानगर प्रचारक मयंक रहे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से गुलशन आनंद , हरीश , संजीव सोई ,अमित अरोड़ा ,एवं राजीव साहनी ने सबका आभार व्यक्त किया।

नवागत पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्र ने ग्रहण किया पदभार

सीतापुर। मंगलवार को सीतापुर के नवागत पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्र ने अपना पदभार ग्रहण कर लिया। सुबह सबसे पहले एसपी तीर्थ नगरी नैमिषारण्य पहुंचे और मां ललिता देवी का विधिवत पूजन किया। इसके बाद कार्यालय पहुंचकर अपना कार्यभार संभाल लिया। कार्यालय में शिष्टाचार परिचय के बाद एसपी चक्रेश मिश्र ने पुलिस लाइन का निरीक्षण किया। इसके बाद उन्होने पुलिस लाइन सभागार प्रेसवार्ता आयोजित कर अपनी प्राथमिकताओं के बारे में बताया।

व्यापारी सुरक्षा पंजीकरण शिविर हुआ आयोजित

सीतापुर। अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल सीतापुर द्वारा बृजकिशोर मिटों देवी सभागार में व्यापारी सुरक्षा पंजीकरण शिविर आयोजित किया गया। इसका उद्घाटन सीतापुर पालिका अध्यक्ष नेहा अवस्थी और सहायक प्रबंधक आयुक्त विमल कुमार सिंह ने किया। इस दौरान लगभग 250 छोटे और मझोले व्यापारियों का उद्योग विभाग द्वारा पंजीकरण किया गया। इस दौरान शोभित टडंन, जिलाध्यक्ष भगौती गुप्ता, पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि नमीन्द्र अवस्थी, बृजेश रस्तोगी, कंचन गुप्ता, जगदीश लोधी, सोनू गुप्ता, विवेक मिश्रा, केडी निषाद, बबलू श्रीवास्तव, नानक प्रसाद, प्रतीक जिंदल, राहुल अग्रवाल, राहुल सिंह, अब्दुल कयूम अंसारी और निरंकार गुप्ता आदि मौजूद रहे।

दुर्घटना में घायल कावड़िए की अस्पताल में मौत

बरेली। सड़क दुर्घटना में घायल कावड़िए की कई दिनों तक चले इलाज के बाद अस्पताल में मौत हो गई पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा । कस्बा व थाना बिशारतगंज निवासी राधेश्याम के 17 वर्षीय बेटे सूरजपाल कि बीती रात इलाज के दौरान एक निजी अस्पताल में मौत हो गई उसे 23 जुलाई को घायल अवस्था में भर्ती कराया गया था पोस्टमार्टम होने पर मृतक के घर वालों ने बताया कि सूरजपाल 23 जुलाई को अपने कुछ साथियों के साथ मोटरसाइकिल से कछला घाट से गंगाजल लाने के लिए घर से निकला था लेकिन रास्ते में ही उसे तेजी से आ रहे एक टेंपो ने टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया दुर्घटना के बाद टक्कर मारने वाला टेंपो फरार हो गया लोगों की सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने उसे इलाज के लिए स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया और उसके घरवालों को सूचना दे दी जो उसे एक निजी अस्पताल ले गए जहां बीती रात उसकी मौत हो गई पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा मृतक दो भाइयों में बड़ा था ।

जिलाधिकारी ने किया चित्रकूट में चल रहे सुन्दरीकरण कार्यों का निरीक्षण

संवाददाता। चित्रकूट

जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने मंगलवार को श्रीतीर्थ क्षेत्र विकास परिषद के अस्थाई कार्यालय गणेश बाग एवं यूपीटी तिराहा सीतापुर के सुंदरीकरण तथा बरहा हनुमान मंदिर, परिक्रमा मार्ग पर गेट निर्माण का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि भगवान श्री राम की तपोभूमि चित्रकूट उत्तर प्रदेश में बरहा के हनुमान मंदिर के पास परिक्रमा मार्ग पर डिजाइनिंग के आकर्षक गेट का निर्माण कराया जा रहा है, जो बहुत ही सुंदर व भव्य होगा।

जिलाधिकारी ने श्री तीर्थ क्षेत्र विकास परिषद के अस्थाई कार्यालय के बाउंड्री वॉल निर्माण, गेट निर्माण, बोरिंग, कार्यालय की मरम्मत, फाउंटेन वाल, इंटरलॉकिंग खड़ंजा निर्माण, सीसी रोड, रिपेयरिंग, टाइल्स आदि के कार्यों का जायजा लिया। उन्होंने परियोजना प्रबंधक यूपीपीसीएल को निर्देश दिए कि फर्नीचर के लिए जेम पोर्टल से व्यवस्था कराएं, जो मरम्मत का कार्य कराया जा रहा है, उसे गुणवत्तापूर्ण कराया जाए। विद्युत व्यवस्था अच्छी तरीके से कराई जाए। फाल सीलिंग सभी जगह होना चाहिए। कार्यालय के किनारे रेलिंग की भी व्यवस्था सुनिश्चित कराएं। कार्यालय के अंदर मिट्टी की भराई करा कर बाउंड्री वॉल के साइड में फ्लावर्स लगाए जाएं।

इसके बाद उन्होंने यूपीटी तिराहा सीतापुर के सुंदरीकरण कार्य में चल रहे फाउंटेन वाल की कास्टिंग के कार्य का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने परियोजना प्रबंधक से कहा कि पोद्दार इण्टर कॉलिज के पास के अतिक्रमण को उपजिलाधिकारी सदर से संपर्क कर तत्काल हटाया जाए। साथ ही दोनों तरफ म्यूरल्स वाल बनाए जाएं। इस फाउंटेन में अच्छी लाइटिंग तथा यूपीटी की तरफ दीवाल पर सेल्फी प्वाइंट भी बनाया जाए।

अन्ना पशु समस्या को लेकर भाकियू घेरेगा जिला मुख्यालय

संवाददाता। चित्रकूट

भाकियू जिलाध्यक्ष राम सिंह राही की अगुवाई में पांचों ब्लॉकों पहाड़ी, रामनगर, मानिकपुर, मऊ एवं सदर कर्वी में किसानों ने एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन करते हुए खण्ड विकास अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा।

मंगलवार को पहाड़ी ब्लॉक अध्यक्ष जसवन्त सिंह ने कहा कि जिलाधिकारी के आदेशों के बाद भी सड़कों व खेतो में अन्ना जानवर दिख रहे हैं। किसान किसका भरोसा करें। 30 जुलाई तक सभी गौशालाओं को संचालित करने का वायदा जिला प्रशासन का फेल होता दिख रहा है। साठ फीसदी गौशाला संचालित नही हुईं। किसानों का आक्रोश जिला प्रशासन पर बढ़ रहा है। समस्याओं पर जल्दी ध्यान न दिया तो किसान जिला मुख्यालय का घेराव को मजबूर होगा। ब्लॉक अध्यक्ष रामनगर रमेशचंद्र पाठक ने जिले के विद्युत विभाग का मुद्दा उठाया। ब्लॉक अध्यक्ष नरेश सिंह ने जिले को सूखा घोषित करने की मांग उठाई। भाकियू जिला मीडिया प्रभारी देवेन्द्र सिंह ने कहा कि जिले में खरीफ फसलों के आच्छादन का क्षेत्र कम हो रहा है। मोटे अनाज का उत्पादन न के बराबर है। सरकार मोटा अनाज पैदावार को बढ़ावा दे रही है।

राज्यपाल के आगमन से पूर्व व्यवस्था सुधार में जुटा प्रशासन

संवाददाता। उरई, जालौन

- छह घंटे जिला मुख्यालय में रुकेंगी महामहिम
- रातोरात संपर्क मार्ग पर भरे गड्ढे व लगाए गए पौधे

महामहिम राज्यपाल आनंदीबेन पटेल के जनपद आगमन में जहां एक और विभागीय अम्लों की मशक्कत तेज कर दी तो वही रातों-रात में ही ग्राम सरसौखी के संपर्क मार्ग पर सड़क और गड्ढों को दुरुस्त कराया गया सड़क के किनारे पौधा रोपण और सफाई व्यवस्था को चौकस बनाने में दर्जनों कर्मचारी जुटे रहे। मंगलवार की देर शाम तक प्रशासनिक अमला व्यवस्थाओं को पूरा करने में पूरी ताकत से जुटा रहा।

राज्यपाल आनंदीबेन पटेल के सोमवार को जब आने का प्रशासनिक स्तर पर कार्यक्रम जारी हुआ तो समूचे प्रशासनिक अमले और विभागीय अधिकारियों में हलचल तेज हो गई जहां जहां वो जाएंगी वहां तेजी से काम शुरू कर दिए गए। ग्राम सरसौखी में तो मुख्य हाइवे से गांव के लिए जाने वाली लिंक रोड पर जहां-जहां भी गड्ढे और सड़क उखड़ी हुई पड़ी थी वहां वहां उसे दुरुस्त कर दिया गया सड़क के दोनों ओर पौधारोपण का काम भी देखने को मिला।

ग्राम सरसौखी में वैसे तो परिषदीय विद्यालय प्राइमरी व जूनियर एक ही परिसर में खुले हुये हैं। लेकिन दोनों विद्यालय को चमकाने के लिये प्रशासनिक अमला पूरी ताकत से जुटा हुआ था। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल पुलिस लाइन स्थित हैलीपैड पर हैलीकाप्टर 10 बजे लैंड करेगा। इसके बाद वह 10 बजकर 50 मिनट पर यहां से सीधे राजकीय मेडिकल कालेज का निरीक्षण करने पहुंचेगी वहां से 12 बजे वह ग्राम सरसौखी के परिषदीय विद्यालय में पहुंचेगी जहां निरीक्षण उपरांत वह 12.30 बजे लोनिवि गेस्ट हाउस में आयेगी। इसके बाद जिलाधिकारी कार्यालय सभाकक्ष में समीक्षा बैठक में शामिल होंगी यही पर अन्य विभागीय अधिकारियों से भेंट करने के उपरांत वह 4 बजकर 5 मिनट पर पुन: पुलिस लाइन हैलीपैड पर पहुंचकर हमीरपुर के लिये प्रस्थान करेंगी।

जागरूक करने के लिये छात्राओं को दी गई महिला सुरक्षा की जानकारी

कुसमिलिया, जालौन। डकोर थानाध्यक्ष योगेंद्र पटेल के नेतृत्व में महिला मिशन शक्ति कार्यक्रम के अंतर्गत मंगलवार को माता इंद्राणी देवी इंटर कॉलेज डकोर में छात्राओं को पुलिस टीम द्वारा जागरूक किया गया। सरकार द्वारा महिलाओं की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर तमाम उपाय किए जा रहे हैं। महिला सुरक्षा संबधी हेल्प नम्बर जारी किया गया है। जिसका उपयोग करते हुए महिलाएं किसी भी परिस्थिति में पुलिस की मदद ले सकती हैं।

कार्यक्रम में महिला आरक्षी नीतू ने मौजूद छात्राओं से कहा कि अपने अंदर किसी भी तरह का डर व भय को न रखें। विद्यालय आते जाते समय अगर किसी भी प्रकार की कोई समस्या आती है तो तुरंत महिला हेल्पलाइन नंबर का प्रयोग करें। पुलिस हमेशा मदद के लिए तत्पर है। उक्त लोगों ने यह भी बताया कि किसी भी प्रकार की कोई भी मदद की आवश्यकता अगर होती है तो पुलिस को फोन करने के बाद उनके समस्या को गोपनीय रखा जाता है। सभी छात्राओं को 1090, 1098, 1076 ,108, 112, के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गयी। मिशन शक्ति में नामित महिला आरक्षी नीतू ने स्कूल में कुछ छात्राओं से अलग अलग तरीके से बात भी की।

कृषकों को कार्यशाला में दी गई नैनो यूरिया तथा नैनो डीएपी प्रयोग संबंधी जानकारी

बांदा। जनपद में नैनो यूरिया तथा नैनो डीएपी के प्रयोग के लिए कृषकों के बीच प्रचार प्रसार के लिए एक कार्यशाला का विकास भवन बांदा में आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला सहकारी बैंक के चेयरमैन द्वारा किया गया। इस कार्यशाला में डी आर कोऑपरेटिव, एआर कोऑपरेटिव तथा इफको के प्रतिनिधियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। जनपद के सहकारी समितियों के सचिव और एडीसीओ भी इसमें शामिल हुए। नैनो यूरिया तथा नैनो डीएपी के प्रयोग के लिए इफको के प्रतिनिधि श्री प्रतीक चौबे जी ने विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आजादी के समय की हमारी जनसंख्या और आज की जनसंख्या में बहुत बृद्धि हो चुकी है तथा हमारा भौगोलिक क्षेत्रफल वही बना हुआ है। हमको खाद्यान्न की आवश्यकता पर आत्मनिर्भर बनना है तथा उर्वरक रसायनिक खाद और कीटनाशक दवाओं के प्रयोग को संतुलित एवं नियंत्रित करना है।

उर्वरकों के अंधाधुंध प्रयोग से जनपद बांदा की कृषि योग्य मिट्टी की गुणवत्ता निरंतर खराब हो रही है और कृषकों द्वारा डीएपी और यूरिया का असंतुलित प्रयोग करने से वित्तीय हानि भी हो रही है। समय की आवश्यकता है कि हम आवश्यकता से अधिक उर्वरक का प्रयोग ना करें तथा नैनो यूरिया और नैनो डीएपी का अपनी कृषि में प्रयोग करें ।

मनरेगा भुगतान पर सप्लायरों ने जताया रोष पुलिस के साये में बीडीओ ने किया भुगतान

संवाददाता। चित्रकूट

जिले के चर्चित ब्लाक रामनगर में ऑनलाइन मनरेगा भुगतान को खण्ड विकास अधिकारी ने थाने से पुलिस बल बुलवाया। ब्लाक परिसर में सवेरे से शाम पांच बजे तक पुलिस मुस्तैद रही।

मंगलवार को ब्लाक परिसर में मौजूद दर्जनों सप्लायरों ने खण्ड विकास अधिकारी पर हिटलर शाही का आरोप लगाया। बताया कि वे एक या दो वर्षों से ग्राम पंचायतों में सामग्री आपूर्ति किया है। भुगतान अभी तक नही हो सका। सप्लायरों ने खंड विकास अधिकारी व अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी पर आरोप लगाया कि उनकी फाइल फीड कराने के नाम पर एडवांस नगद पैसा लिया गया है। उसके बाद भी उनकी एफटीओ कैंसिल कर हटा दी है। उस समय क्यों अनुपात नहीं देखा गया। जब उनसे मटेरियल की आपूर्ति कराकर फाइलों को फीड किया गया था। सप्लायरो ने कहा कि आजादी का अमृत महोत्सव, ध्वजारोहण को आनन-फानन में अमृत सरोवर तालाबों व गौशालाओं में लाखो की सामग्री आपूर्ति कर कार्य करवा लिया गया है। इसका भुगतान अभी तक नहीं हुआ।

चेताया कि उनका भुगतान न होने पर वे न्यायालय जाने को बाध्य होंगे। खण्ड विकास अधिकारी शैलेंद्र सिंह ने बताया कि सप्लायरों के आरोप निराधार हैं। भुगतान शासन की मंशानुसार आनुपातिक 60/40 के रेशियों से हुआ है। सवाल है कि 60/40 अनुपात की बात करते हैं तो पहले हुए भुगतान अधिक के हुए हैं। उनमें अनुपात क्यों नहीं देखा गया। ब्लाक में टेंडर प्रक्रिया में अनुपात का जिक्र क्यों नही किया। ब्लाक में अनुपात नही था तो मंजूरी कैसे दे दी। करोड़ों के कार्य जो हुए हैं, आगे चलकर उनमें अनुपात हो पायेगा या नहीं, ये चिंतनीय एवं जांच का विषय है। मनरेगा योजना के कार्यों के भुगतान को ब्लाकों में अलग से पुलिस बल की तैनाती का क्या औचित्य है।

क्विक न्यूज

ग्रामीणों ने प्रधान और सचिव के खिलाफ किया प्रदर्शन

फतेहपुर। बहुआ विकास खंड की ग्राम पंचायत शाखा के ग्रामीणों ने मंगलवार को प्रधान और सेक्रेटरी के खिलाफजिला कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन कर डीएम के नाम एक शिकायती पत्र दिया है। ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान और सचिव पर योजनाओं का पैसा फर्जी तरीके से निकालने का आरोप लगाया है। ग्रामीणों ने शिकायती पत्र में बताया कि पिछले तीन सालों से प्रधान और सचिव ने गांव में एक भी विकास कार्य नहीं कराया है। फर्जी तरीके से रोड, नाली, और हैण्डपम्प मरम्मत के नाम का सरकारी पैसा निकाल कर डकार गए हैं। इसके अलावा राज्य वित्त, केंद्रीय वित्त, मनरेगा और ओडीएफप्लस का पैसा फर्जी तरीके से निकाला गया है। जबकि गाँव मे किसी प्रकार का कोई भी विकास कार्य नहीं हुआ है। ग्रामीणों ने बताया कि गाँव मे जजरहा तक मार्ग बनवाने के लिए सचिव से कहा गया तो उसने कहा कि यह रोड साल में कितने बार बनवाओगे।

चेयरमैन नरेंद्र गुप्ता ने सुनीं लोगों की समस्याएं

चित्रकूट। नगर पालिका परिषद में नगरीय समाधान दिवस एवं जन सुनवाई नगर पालिका अध्यक्ष नरेंद्र गुप्ता व ईओ तथा सभासद एवं नगर पालिका स्टाफ ने मिलकर लोगों की समस्यायें सुनी, तत्काल प्रभाव से समस्याओं के निस्तारण के निर्देश दिये। मंगलवार को नगर पालिका अध्यक्ष नरेन्द्र गुप्ता ने दूसरी बार पालिका के चेयरमैन बनने के बाद नगर पालिका में ही नगर क्षेत्र के लोगों की समस्यायें सुनने को दिन निर्धारित किये हैं। सोमवार-मंगलवार को वे लोगों की समस्यायें सुनने को नगर पालिका में बैठते हैं। चेयरमैन का ये अंदाज लोगों को खासा रास आ रहा है। भारी तादाद में लोग समस्यायें लेकर चेयरमैन के पास पहुंच रहे हैं। वे समस्याओं को पूरे मनोयोग से सुनकर निदान का प्रयास भी कर रहे हैं। नगर पालिका स्तर की समस्याओं को वे तत्काल निदान करवा रहे हैं।

अन्ना गौवंशों के आतंक से राहगीर परेशान

जालौन, उरई। नगर की सड़कों व हाईवे पर घूमते आवारा पशु राहगीरों और वाहन चालकों के लिए दुर्घटना का सबब बन रहे हैं। इससे हादसों की आशंका भी बढ़ रही है। हैरानी की बात तो यह है कि अन्ना के आतंक से जहां राहगीर दुर्घटना के शिकार होकर अस्पताल पहुंच रहे हैं तो वहीं जिम्मेदार अधिकारी मौज काट रहे हैं। नगर में उरई जालौन च जालौन औरैया हाईवे पर आवारा पशुओं का जमावड़ा लगा रहता है। जिसके चलीते आए आए दिन वाहन चालक दुर्घटनाग्रस्त हो रहे हैं। पशुओं के स्वच्छंद विचरण से आवागमन बाधित होने के साथ राहगीरों को आने-जाने में जानवरों का भय बना रहता है। सुबह से लेकर रात तक आवारा पशु सड़कों पर डटे रहते हैं। इन्हें सड़क से भगाने की कोशिश में ही दुर्घटनाएं घट जाती हैं।

कार बचाने के फेर में जीप पलटी, महिला की मौत

चित्रकूट। मऊ थाना क्षेत्र में संतुलन बिगड़ने से यात्रियों से भरी जीप पलटने से महिला यात्री की मृत्यु हो गयी। छह लोग घायल हो गए। मंगलवार को ये हादसा मऊ थाना क्षेत्र के परदवां गांव के पास हुआ। बताया गया कि एक जीप सवारी लेकर आ रही थी। तिलौली गांव में नदी के पास सामने से आ रही कार को बचाने के फेर में जीप का संतुलन बिगड़ गया। बेकाबू होकर जीप पलट गई। जीप पलटने से गढवा गांव की कुसमा (50) पत्नी जगदीश की मौत हो गई। बरियारी कला की शिवकुमारी पत्नी दीपू, रम्पत पुत्र बच्चू, सम्पतिया पत्नी रम्पत, रीता पत्नी इलेया व परदवां के रतनधर पुत्र इन्द्रपाल गम्भीर रूप से घायल हो गए। घटना की जानकारी पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम को मर्चरी भेजा है। घायलों को इलाज को अस्पताल भेजा।

सपा ने विधानसभावार घोषित किए प्रभारी व सह प्रभारी

फतेहपुर। समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह यादव ने संगठन में सहयोग करने के लिए सभी विधानसभाओं में जिला कमेटी के सभी उपाध्यक्षों को विधानसभा प्रभारी व जिला सचिवों को विधानसभावार सहप्रभारी नियुक्त किया है। सपा जिलाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह यादव ने बताया कि विधानसभा प्रभारी के रूप में रामकृपाल सोनकर को जहानाबाद, सुरिजपाल रावत को बिंदकी, शफीक उद्दीन को फतेहपुर, रीता प्रजापति को अयाह-शाह, अजय पटेल को हुसैनगंज व मो. शहजादे जुगनू को खागा विधानसभा की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

फतेहपुर प्रेस क्लब की नव मनोनीत कमेटी घोषित

- नागेंद्र फिर बने अध्यक्ष
- महेश सिंह व हरीश शुक्ला बने वरिष्ठ उपाध्यक्ष

संवाददाता। फतेहपुर

फतेहपुर प्रेस क्लब की भंग जिला कमेटी के गठन को लेकर एक बैठक मगंलवार को नवीन मार्केट स्थित प्रेस क्लब कार्यालय में हुई। बैठक की अध्यक्षता नागेंद्र प्रताप सिंह ने की। बैठक के दौरान कोर ग्रुप के सदस्य महेश सिंह ने नागेंद्र प्रताप सिंह को पुन: अध्यक्ष बनाए जाने का प्रस्ताव कोर कमेटी के समक्ष पेश किया जिसका अनुमोदन कोर ग्रुप के सदस्य विनोद मिश्रा द्वारा किया गया।

प्रस्ताव को संरक्षक मण्डल समेत कोर ग्रुप के 31 सदस्यों ने ध्वनि मत से पास कर दिया। इसके बाद अध्यक्ष नागेंद्र प्रताप सिंह ने कोर ग्रुप के समझ पदवार नामो पर विमर्श करने के बाद पदाधिकारियों की घोषणा की। आज बैठक में कोर कमेटी की सहमति के बाद फतेहपुर प्रेस क्लब की नई जिला कार्यकारिणी की विधिवत घोषणा की गई, जिसमें संरक्षक मण्डल में श्रीमती शारदा मिश्रा (राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित), मनोज मिश्रा (वरिष्ठ पत्रकार), जगदीश गुप्ता (वरिष्ठ पत्रकार/पूर्व सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता), महेंद्र कृष्ण श्रीवास्तव (वरिष्ठ पत्रकार/वरिष्ठ अधिवक्ता), श्रवण श्रीवास्तव (वरिष्ठ पत्रकार), गोविन्द दुबे (वरिष्ठ पत्रकार), खलीक अहमद जाफरी (वरिष्ठ पत्रकार), मो. सिराज खान।

डीसीबी कर्मचारी वेतन भोगी सहकारी समिति का चुनाव संपन्न

फतेहपुर। डिस्ट्रिक्ट को-ऑपरेटिव बैंक कर्मचारी वेतन भोगी सहकारी समिति का निर्वाचन विनीत कुमार निर्वाचन अधिकारी द्वारा संपन्न कराया गया जिसमें रवि करण मौर्या अध्यक्ष, रामेंद्र प्रताप सिंह गौर उपाध्यक्ष, संदीप कुमार, मनोज कुमार सोनकर, जितेंद्र सिंह, जितेंद्र कुमार द्वितीय एवं विनीत कुमार सिंह को निर्विरोध संचालक चुना गया। साथ ही बैंक प्रतिनिधि हेतु लालचंद्र त्रिपाठी एवं कल्लू वर्मा को निर्वाचित घोषित किया गया। सभी निर्वाचित पदाधिकारियों को बैंक अध्यक्ष प्रभुदत्त दीक्षित द्वारा माल्यार्पण करने के साथ प्रमाण पत्र सौंपा गया।

भिक्षावृत्ति, कूड़ा उठाने वाले बच्चों एवं बाल श्रमिक बच्चों की पहचान का चला अभियान

कानपुर देहात। 1 अगस्त 2023 को जिलाधिकारी नेहा जैन के निर्देश के क्रम में एवं रेनू यादव जिला प्रोबेशन अधिकारी के मार्गदर्शन में श्रम विभाग महिला कल्याण विभाग एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग सेल थाना द्वारा माती मुख्यालय एवं रूरा क्रॉसिंग रूरा रेलवे स्टेशन पर भिक्षावृत्ति कूड़ा उठाने वाले बच्चों एवं बाल श्रमिक बच्चों के चिन्हाकन अभियान चलाया गया। अभियान में सभी स्थानों में लोगो को जागरूक किया गया। इस मौके पर अभिनव पाण्डेय श्रम प्रवर्त्तन अधिकारी, अरविंद श्रम प्रवर्त्तन, राजेश श्रीवास्तव श्रम प्रवर्त्तन, धर्मेंद्र ओझा बाल संरक्षण अधिकारी, अर्पित वर्मा, देवेंद्र तोमर, एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग सेल से प्रभारी निरीक्षक देवेन्द्र सिंह, मुकेश कुमार, योगेश कुमार, आदि लोग उपस्थित रहे ।

बॉक्सिंग बालिका प्रतियोगिता हेतु इच्छुक खिलाड़ी करें संपर्क

कानपुर देहात। जिला क्रीड़ाधिकारी नीलम सिद्दीकी ने बताया खेल निदेशालय, उप्र लखनऊ के द्वारा प्रदेश स्तरीय सब जूनियर बॉक्सिंग बालिका प्रतियोगिता दिनांक 13 से 16 अगस्त, 2023 तक जिला खेल कार्यालय, स्पोर्टस स्टेडियम, बुलन्दशहर में आयोजित की जानी है। उक्त प्रदेश स्तरीय सब-जूनियर बॉक्सिंग बालिका प्रतियोगिता से पूर्व जिला स्तरीय ट्रायल्स / चयन 9 अगस्त, 2023 को प्रात: 2:00 बजे जिला खेल कार्यालय कानपुर देहात में तथा मण्डल स्तरीय ट्रायल्स / चयन 11 अगस्त, 2023 को प्रात: 2 बजे से ग्रीनपार्क कानपुर नगर में आयोजित किया जायेगा।

पेज एक का शेष

नूंह से...

पाई है। नूंह में हिंसा के दौरान घायल हुए 23 लोगों में 10 पुलिसकर्मी शामिल हैं। पुलिस ने दंगे के संबंध में जिले में 11 प्राथमिकी दर्ज की हैं और 27 लोगों को हिरासत में लिया है। जिले में हिंसा के दौरान कम से कम 120 वाहन क्षतिग्रस्त कर दिए गए। इनमें से पुलिसकर्मियों के आठ वाहन समेत 50 वाहन को आग लगा दी गई। विज ने मंगलवार को बताया कि नूंह जिले में कर्फ्यू लगा दिया गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि यह हिंसा साजिश के तहत की गई। विज ने कहा, किसी ने इसकी (हिंसा की) साजिश रची, लेकिन मैं किसी निष्कर्ष पर नहीं पहुंचना चाहता। हम इसकी जांच करेंगे और इसके लिए जिम्मेदार हर व्यक्ति को न्याय के दायरे में लाया जाएगा। मुस्लिम बहुल नूंह में हिंसा की खबर फैलते ही, निकटवर्ती सोहना में भीड़ ने स्पष्ट रूप से इस समुदाय के लोगों के चार वाहनों और एक दुकान को आग लगा दी। पुलिस ने बताया कि नूंह और सोहना में हालात तनावपूर्ण हैं, लेकिन मंगलवार को ताजा हिंसा की कोई खबर नहीं आई। इसने कहा कि कि नूंह और अन्य प्रभावित इलाकों में बड़ी संख्या में पुलिस और अर्धसैनिक बलों को तैनात किया गया है। अधिकारियों ने बताया कि नूंह में हालात काबू में हैं। उन्होंने कहा कि केंद्रीय बलों की 13 कंपनी जिले में पहुंच चुकी हैं, जबकि छह अन्य जल्द ही वहां पहुंच जाएंगी। पुलिस ने नूंह में फ्लैग मार्च शुरू कर दिया है और जिला प्रशासन ने लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की है। इस संबंध में एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया कि नूंह और सोहना जिलों में शांति समिति की बैठकें हुईं और लोगों ने प्रशासन को शांति बनाए रखने का आश्वासन दिया। नूंह के उपायुक्त प्रशांत पवार और पुलिस अधीक्षक नरेंद्र सिंह बिजारणिया ने शांति वार्ता की अध्यक्षता की, जिसमें लोगों ने उन्हें आश्वासन दिया कि वे हिंसा और नहीं भड़कने देंगे तथा शांति बनाए रखने में भी सहयोग करेंगे। बिजारणिया ने शांति समिति के सदस्यों से आरोपियों की पहचान करने में मदद करने की अपील की। पुलिस ने बताया कि नूंह में हिंसा और गुरुग्राम में मस्जिद पर हमले के बाद सभी धार्मिक स्थलों पर सुरक्षा कड़ी कर दी गई है। नूंह और फरीदाबाद में बुधवार तक मोबाइल इंटरनेट सेवाएं निलंबित कर दी गई हैं। गुरुग्राम, फरीदाबाद और पलवल जिलों में शैक्षणिक संस्थानों को एहतियात के तौर पर मंगलवार को बंद रखने का आदेश दिया गया।

बड़ा षड्यंत्र...

नामजद कर हिरासत में लिया गया है। जांच के बाद जो भी दोषी होंगे, उन पर कार्वाई की जाएगी। किसी भी उपद्रवी को बख्शा नहीं जाएगा। मुख्यमंत्री ने नूंह में हुई घटना को दुर्भाग्यपूर्ण करार देते हुए कहा कि वर्षों से हर साल सामाजिक यात्रा निकलती रही है और 31 जुलाई को भी इस यात्रा का आयोजन किया गया। उन्होंने कहा कि कुछ लोगों ने न केवल यात्रा पर, बल्कि पुलिस पर भी आक्रमण किया और परिणामस्वरूप यात्रा को भंग किया गया तथा आगजनी की घटनाएं हुई, गाड़ियां जला दी गईं। खट्टर ने बताया कि इन घटनाओं में अभी तक 5 लोगों की मृत्यु हुई है, जिनमें 2 पुलिसकर्मी शामिल हैं। उन्होंने कहा, जिन लोगों का इस घटना की वजह से जान-माल का नुकसान हुआ है, उन लोगों को मुआवजा दिया जाएगा।

मणिपुर में...

की दलीलों पर संज्ञान लिया। सीबीआई ने इन महिलाओं को आज अपने समक्ष पेश होने तथा बयान दर्ज कराने को कहा था। उच्चतम न्यायालय ने मणिपुर में संबंधित महिलाओं को निर्वस्त्र कर घुमाने के वीडियो को सोमवार को भयावह करार देते हुए प्राथमिकी दर्ज करने में हुई देरी की वजह का पता लगाने का निर्देश दिया था। इसके अलावा न्यायालय ने जांच की निगरानी के लिए सेवानिवृत्त न्यायाधीशों की समिति या फिर विशेष जांच दल (एसआईटी) गठित करने का सुझाव भी दिया था।

दिल्ली सेवा...

की जगह लेने के लिए पेश किया गया है। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की अगुवाई वाली आम आदमी पार्टी ने अध्यादेश का कड़ा विरोध किया है। कांग्रेस और अन्य विपक्षी दल भी इस अध्यादेश के विरुद्ध हैं। केंद्र सरकार 19 मई को अध्यादेश लाई थी। इससे एक सप्ताह पहले उच्चतम न्यायालय ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व वाली दिल्ली सरकार को सेवा से जुड़े मामलों का नियंत्रण प्रदान कर दिया था, हालांकि उसे पुलिस, सार्वजनिक व्यवस्था और भूमि से जुड़े विषय नहीं दिए गए। शीर्ष अदालत के 11 मई के फैसले से पहले दिल्ली सरकार के सभी अधिकारियों के स्थानांतरण और तैनाती उपराज्यपाल के कार्यकारी नियंत्रण में थे। इस अध्यादेश में कहा गया है कि राष्ट्रीय राजधानी लोक सेवा प्रधिकरण नाम का एक प्राधिकार होगा, जो उसे प्रदान की गई शक्तियों का उपयोग करेगा और उसे सौंपी गई जिम्मेदारियों का निर्वहन करेगा।

विपक्ष ने...

राज्य की शक्तियों को कमतर करने वाला है। प्रेमचंद्रन ने कहा कि इस विधेयक को लाने का मकसद उच्चतम न्यायालय के फैसले को पलटने का प्रयास है। वहीं एआईएमआईएम के असदुद्दीन ओवैसी ने कहा कि एक सामान्य विधेयक के माध्यम से संविधान में संशोधन नहीं किया जा सकता। यह अधिकारों के विभाजन के सिद्धांतों के भी खिलाफ है। तृणतूल कांग्रेस के सौगत राय ने कहा कि वह इस विधेयक को पेश किए जाने का विरोध कर रहे हैं क्योंकि यह संसद की विधाई शक्ति से बाहर का विषय है। कांग्रेस के गौरव गोगोई ने इसे गैर कानूनी तो शशि थरूर ने संघवाद के सिद्धांत को कमतर करने वाला बताया। हालांकि, बीजू जनता दल (बीजद) के पिनाकी मिश्रा ने कहा कि सरकार जो विधेयक लेकर आई है, वह पूरी तरह से विधाई शक्ति के अधीन है।

बोलने पर...

ने मणिपुर मुद्दे पर चर्चा के लिए मुर्मू से समय मांगा है। वह बुधवार सुबह करीब 11.30 बजे प्रतिनिधिमंडल के साथ राष्ट्रपति भवन में मुर्मू से मिल सकते हैं। विजय चौक (संसद भवन के पास) के पास मीडिया को संबोधित करते हुए खड़गे ने आरोप लगाया कि संसद में उनका अपमान किया गया, क्योंकि राज्यसभा में विपक्ष के नेता होने के बावजूद उन्हें बोलने की अनुमति नहीं दी गई। उन्होंने भाजपा पर विपक्षी दलों को डराने-धमकाने की कोशिश करने का आरोप लगाया और कहा कि इंडिया लोकतंत्र और संविधान की रक्षा के लिए लड़ना जारी रखेगा। विभिन्न विपक्षी दलों के नेताओं से घिरे खड़गे ने कहा कि इंडिया डरेगा नहीं और इसका गठन मुद्दों से भागने के लिए नहीं हुआ है। हम उनके खिलाफ लड़ते रहेंगे और 2024 में उन्हें हराएंगे।

महाराष्ट्र में...

राष्ट्रीय आपदा मोचन बल की टीम राहत और बचाव कार्य में लगी हुई हैं। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने घटना पर शोक व्यक्त किया और मृतकों के परिवारों के लिए पांच-पांच लाख रुपए की सहायता की घोषणा की। अधिकारियों ने बताया कि हादसे के संबंध में भारतीय दंड संहिता की धारा 304 ए (लापरवाही से मौत) और 337 (दूसरों के जीवन या व्यक्तिगत सुरक्षा को खतरे में डालने वाला कृत्य) के तहत शाहपुर थाने में कंपनी के पुल के निर्माण कार्य से जुड़े दो ठेकेदारों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। समृद्धि महामार्ग को हिंदू हृदयसम्राट बालासाहेब ठाकरे महाराष्ट्र समृद्धि महामार्ग के नाम से जाना जाता है। यह मुंबई और नागपुर को जोड़ने वाला 701 किलोमीटर लंबा एक्सप्रेसवे है, जो नागपुर, वाशिम, वर्धा, अहमदनगर, बुलढाणा, औरंगाबाद, अमरावती, जालना, नासिक और ठाणे सहित 10 जिलों से होकर गुजरता है। उल्लेखनीय है कि 600 किमी लंबे खंड का निर्माण पूरा हो चुका है और इसे यातायात के लिए खोल दिया गया है, जबकि नासिक और ठाणे के बीच शेष 101 किमी लंबे खंड का काम प्रगति पर है। इस मार्ग पर दुर्घटनाओं के बारे में एक अधिकारी ने बताया कि समृद्धि एक्सप्रेसवे पर पिछले छह महीने में हुए सड़क हादसों में कुल 88 लोगों की जान गई है, जिनमें से 25 लोगों की मौत पिछले महीने एक निजी बस के डिवाइडर से टकराने के कारण उसमें आग लगने से हुई थी।

जांच के...

कहा कि उसकी मानसिक स्थिति की अभी जांच नहीं की गई है और वह सहयोग नहीं कर रहा है। इससे पहले, पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी ने कहा था कि 33 वर्षीय आरोपी बहुत गुस्सैल है। पश्चिम रेलवे ने एक बयान में कहा, इस घटना में मारे गए यात्रियों के लिए 10-10 लाख रुपए की अनुग्रह राशि की घोषणा की गई है। सहायक उपनिरीक्षक टीकाराम के परिवार को सेवा नियमों के अनुसार अनुग्रह राशि प्रदान की जाएगी। अन्य यात्रियों द्वारा जंजीर खींचे जाने पर मीरा रोड (मुंबई का उपनगरीय रेलसेवा पर स्थित) स्टेशन के पास ट्रेन रुकने के बाद आरोपी ने भागने की कोशिश की, लेकिन उसे हथियार सहित पकड़ लिया गया। रेलवे पुलिस ने मारे गए दो यात्रियों की पहचान पालघर के नालासोपारा निवासी 58 वर्षीय अब्दुल कादरभाई मोहम्मद हुसैन भानपुरवाला और बिहार के मधुबनी निवासी 48 वर्षीय असगर अब्बास शेख के तौर पर की है। एक अन्य अधिकारी ने बताया कि वरिष्ठ जीआरपी अधिकारी ने मंगलवार को तीसरे यात्री की पहचान 43 वर्षीय सैयद के तौर पर की, उसके परिवार का पता लगा लिया गया है बुधवार को शव परिजनों को सौंप दिया जाएगा। ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी ने ट्वीट किया कि ट्रेन में हुई गोलीबारी में मारे गए चौथे व्यक्ति की पहचान नमपल्ली के बजारघाट निवासी सैयद सैफुल्लाह के तौर पर की गई है। उन्होंने बताया कि मृतक की तीन बेटियां हैं और सबसे छोटी बेटी की उम्र महज छह महीने है।

मोदी और...

इंडिया के सदस्यों का मानना है कि ऐसे वक्त में जब भाजपा के खिलाफ एकजुट होकर एक मोर्चा बनाया जा रहा है, तो पवार का इस कार्यक्रम में शामिल होना विपक्ष के लिए अच्छा नहीं होगा। पवार ने उन सांसदों से मुलाकात नहीं की थी, जो उन्हें इस समारोह में शामिल न होने के लिए म

भारत के साथ सभी लंबित मुद्दों पर बातचीत के लिए तैयार हूं : शरीफ

भाषा। इस्लामाबाद



पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने मंगलवार को सभी गंभीर और लंबित मुद्दों के समाधान के लिए भारत के साथ बातचीत करने की पेशकश की और कहा कि दोनों देशों के लिए युद्ध कोई विकल्प नहीं है क्योंकि दोनों देश गरीबी और बेरोजगारी से लड़ रहे हैं। शरीफ ने यहां पाकिस्तान खनिज शिखर सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए यह टिप्पणी की। डस्ट टू डेवलपमेंट के नारे के तहत आयोजित इस बैठक का उद्देश्य नकदी संकट से जूझ रहे देश में विदेशी निवेश लाना है। प्रधानमंत्री ने स्पष्ट तौर पर भारत के संदर्भ में कहा, हम हर किसी के साथ बात करने के लिए तैयार हैं, यहां तक कि अपने पड़ोसी के साथ भी बशर्ते कि पड़ोसी गंभीर मुद्दों पर बात करने के लिए गंभीर हो, क्योंकि युद्ध अब कोई विकल्प नहीं है। शरीफ की टिप्पणियां सीमा पार आतंकवाद को इस्लामाबाद के निरंतर समर्थन और कश्मीर सहित कई मुद्दों पर भारत और पाकिस्तान के बीच संबंधों में जारी तनाव के बीच आई है। भारत कहता रहा है कि वह पाकिस्तान के साथ सामान्य पड़ोसी संबंधों की इच्छा रखता है, जबकि इस बात पर भी जोर देता रहा है कि इस तरह के संबंध के लिए आतंक और शत्रुता से मुक्त वातावरण बनाने की जिम्मेदारी पाक की है। भारत ने यह

● युद्ध कोई विकल्प नहीं है क्योंकि दोनों देश गरीबी और बेरोजगारी से लड़ रहे हैं

भी कहा है कि जम्मू-कश्मीर हमेशा देश का हिस्सा था, है और रहेगा। पाक प्रधानमंत्री की यह टिप्पणी ऐसे वक्त आई है जब 12 अगस्त को संसद का पांच साल का कार्यकाल पूरा हो रहा है और उनकी गठबंधन सरकार चुनाव में जाने की तैयारी कर रही है। ऐसी उम्मीद है कि अगले चुनाव को लेकर अधिक समय प्रदान करने के लिए निचले सदन नेशनल असेंबली को कार्यकाल समाप्त होने से कुछ दिन पहले भंग कर दिया जाएगा। प्रधानमंत्री ने पाकिस्तान और भारत के बीच युद्ध के इतिहास के बारे में बात की। उनकी राय में युद्ध के परिणामस्वरूप गरीबी, बेरोजगारी और लोगों की शिक्षा, स्वास्थ्य और कल्याण के लिए संसाधनों की कमी हुई। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान की परमाणु क्षमता रक्षात्मक उद्देश्यों के लिए है न कि आक्रामकता के लिए। उन्होंने कहा, अगर कोई परमाणु विस्फोट हुआ तो यह बताने के लिए कौन जीवित रहेगा कि क्या हुआ, इसलिए युद्ध कोई विकल्प नहीं है। शरीफ ने इस बात पर जोर दिया कि पाकिस्तान परमाणु संघर्ष के दुष्परिणाम से अच्छी तरह वाकिफ है लेकिन भारत को भी इसका एहसास होना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि जब तक अनसुलझे मुद्दों का समाधान कर असामान्यताओं को दूर नहीं किया जाता तब तक संबंध सामान्य नहीं होंगे। इस्लामाबाद और नई दिल्ली के बीच द्विपक्षीय संबंध अगस्त 2019 से तनावपूर्ण हैं जब भारत ने जम्मू-कश्मीर का विशेष दर्जा वापस ले लिया था।

चीन हमेशा पाकिस्तान के साथ मजबूती से खड़ा रहेगा: शी चिनफिंग

भाषा। बीजिंग

चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने कहा है कि चीन अपने रणनीतिक संबंधों को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए अपने सदाबहार सहयोगी पाकिस्तान के साथ काम करना जारी रखेगा। दक्षिण एशियाई देश में क्षेत्रीय संपर्क बढ़ाने वाली पाकिस्तान में चीन की महत्वाकांक्षी चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारा (सीपीईसी) परियोजनाओं के आरंभ के 10 साल पूरे हो गए हैं। सीपीईसी परियोजना की शुरुआत के 10 साल पूरे होने के अवसर पर इस्लामाबाद में सोमवार को चीन पाकिस्तान आर्थिक गलियारा (सीपीईसी) के एक दशक नाम से कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शी ने कहा कि 60 अरब अमेरिकी डॉलर का सीपीईसी बुनियादी ढांचा कार्यक्रम बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव (बीआरआई) की एक महत्वपूर्ण अग्रणी परियोजना है। सीपीईसी, पाकिस्तान के बलूचिस्तान में ग्वादर बंदरगाह को चीन के शिनजियांग प्रांत से जोड़ता है। भारत इसका विरोध कर रहा है क्योंकि यह पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर से होकर गुजरता है। इस कार्यक्रम में चीन के उप प्रधानमंत्री हे लिफेंग शामिल हुए जो पाकिस्तान की तीन दिवसीय यात्रा पर हैं। सरकारी समाचार एजेंसी शिन्हुआ ने चिनफिंग के हवाले से कहा, सीपीईसी की वर्ष 2013 में शुरुआत के बाद से चीन और पाकिस्तान व्यापक परामर्श, संयुक्त योगदान और साझा लाभ के सिद्धांत के तहत इसे आगे बढ़ा रहे हैं और इसके तहत कई शुरुआती लाभ हुए हैं।

क्विक न्यूज

म्यांमा के सैन्य शासन ने आंग सान सू ची की सज़ा में कटौती की

बैंकाक। म्यांमा की सैन्य सरकार ने अपदस्थ नेता आंग सान सू ची की जेल की सज़ा को कम कर दिया है। सरकार ने बौद्ध बहुसंख्यक वाले देश में एक धार्मिक त्यौहार के मौके पर उनकी सज़ा में कटौती करने का ऐलान किया।सरकारी मीडिया ने मंगलवार को बताया कि पूर्व राष्ट्रपति विन मिन्त की भी सजा को कम किया गया है। सरकार ने 700 से ज्यादा कैदियों की सज़ा में कमी की है। इसमें कहा गया है कि सजा कम किए जाने के बावजूद 78 वर्षीय सू ची को कुल 27 साल जेल में बिताने होंगे, उन्हें 33 साल की सज़ा सुनाई गई थी।सरकारी एमआरटीवी की खबर के मुताबिक, म्यांमा सैन्य परिषद के प्रमुख वरिष्ठ जनरल मिन आंग ह्लाइंग ने सू ची के खिलाफ पांच मामलों में सज़ा में छूट दी है। उन्हें कोरोना वायरस से संबंधित पाबंदियों का उल्लंघन करने, वॉकी-टॉकीज़ का अवैध रूप से आयात करने और रखने तथा राजद्रोह के मामलों में दोषी ठहराया गया है। उन्हें शुरू में 19 मामलों में दोषी ठहराया गया था। उनके समर्थकों और अधिकार समूहों का कहना है कि ऐसा उन्हें बदनाम करने और 2021 में सेना द्वारा तख्तापलट को वैध करने की कोशिश के तहत किया गया।

अमेरिका ने म्यांमा की सैन्य सरकार के आपातकाल बढ़ाने के कदम की निंदा की

वाशिंगटन। अमेरिका ने म्यांमा में सत्तारूढ़ सैन्य सरकार (जुंटा) द्वारा आपातकाल की अवधि छह महीने और बढ़ाने के कदम की निंदा की और कहा कि जुंटा ने देशभर में व्यापक पैमाने पर बर्बर हिंसा को अंजाम दिया है। म्यांमा की सैन्य सरकार ने 2021 में तख्तापलट के बाद लागू किए आपातकाल की अवधि बढ़ाने के बाद इस साल अगस्त तक होने वाले चुनाव को आधिकारिक रूप से स्थगित कर दिया है। सेना ने सोमवार को सरकारी टेलीविजन पर दिए एक बयान में चुनाव में देरी के लिए हिंसा का हवाला दिया और मंगलवार से आपातकाल की अवधि छह महीने और बढ़ाने की घोषणा की। अमेरिका के विदेश विभाग के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने सोमवार को कहा, अमेरिका ऐसे वक्त में आपातकाल बढ़ाने के म्यांमा की सैन्य सरकार के कदम से बहुत चिंतित है, जब उसने देश को हिंसा तथा अस्थिरता की ओर धकेल दिया है।

सिंगापुर के प्रधानमंत्री भारतीय मूल के मंत्री की गिरफ्तारी एवं धोखाधड़ी मामले में बयान देंगे

सिंगापुर,। सिंगापुर के प्रधानमंत्री ली सीन लूंग भारतीय मूल के परिवहन मंत्री एस ईश्वरन से जुड़े भ्रष्टाचार की जांच और धोखाधड़ी मामले में सत्तारूढ़ पार्टी के दो सांसदों के इस्तीफे के संबंध में बुधवार को संसद में एक मंत्रिस्तरीय वक्तव्य देंगे। सिंगापुर की करप्ट प्रैक्टिस इन्वेस्टिगेशन ब्यूरो (सीपीआईबी) ने 11 जुलाई को 61 वर्षीय ईश्वरन को वैश्विक रूप से लोकप्रिय फार्मूला-वन प्रतियोगिता की सिंगापुर में मेजबानी से जुड़े मामले में गिरफ्तार किया था। चैनल न्यूज एशिया द्वारा मंगलवार को दी गई खबर के मुताबिक ईश्वरन इस समय जमानत पर है और छुट्टी पर है। ईश्वरन की गिरफ्तारी से एक सप्ताह से भी कम समय के बाद 17 जुलाई को संसद के पूर्व अध्यक्ष तान चुआन जिन और सांसद चेंग ली हुई ने विवाहेत्तर संबंध का मामला सामने आने के बाद संसद और सत्तारूढ़ पीपुल्स एक्शन पार्टी (पीएपी) से इस्तीफा दे दिया था।

अमेरिका ने मालदीव में इस्लामिक स्टेट, अल-कायदा समर्थकों पर प्रतिबंध लगाया

वाशिंगटन। अमेरिका ने मालदीव में आतंकवादी संगठन इस्लामिक स्टेट तथा अल-कायदा के अभियानों को वित्तीय सहयोग मुहैया कराने के लिए 20 लोगों तथा 29 कंपनियों पर प्रतिबंध लगाए है। विदेश विभाग के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने सोमवार को बताया कि इन प्रतिबंधों का मकसद मालदीव के भीतर आतंकवादी गतिविधियों के लिए वित्तीय तथा अन्य प्रकार के समर्थन को रोकना तथा खत्म करना है। प्रतिबंध सूची में जिन लोगों के नाम है उनमें आईएसआईएस तथा आईएसआईएस-खोरासन (आईएसआईएस-के) से जुड़े 18 लोग तथा अल-कायदा के दो आतंकवादी और उनसे जुड़ी 29 कंपनियां शामिल है। ए लोग तथा कंपनियां आईएसआईएस-के के प्रमुख आतंकवादी मोहम्मद अमीन से जुड़े थे जिसे अमेरिका ने 2019 में प्रतिबंधित कर दिया था।

पाकिस्तान में पोलियो टीकाकरण दल पर हुए हमले में दो पुलिसवालों की मौत

कराची। पाकिस्तान के अशांत बलूचिस्तान प्रांत में मंगलवार को अज्ञात हमलावरों के हमले में पोलियो टीकाकरण टीम की सुरक्षा में तैनात दो पुलिसकर्मियों की मौत हो गई। एक अधिकारी ने इसकी जानकारी दी।क्वेटा के नवा किल्ली इलाके में पांच साल से कम उम्र के लगभग 26 लाख शिशुओं को टीका लगाने के लिए एक सप्ताह तक चलने वाले अभियान के पहले ही दिन यह घटना हुई। अज्ञात हमलावरों की अंधाधुंध गोलीबारी में पोलियो टीकाकरण दल के सदस्य सुरक्षित बच गए, लेकिन इन्हें सुरक्षा प्रदान करने वाले दो पुलिसकर्मियों की मौत हो गई।

सिंगापुर से रवाना हुए क्रूज जहाज से भारतीय महिला लापता

सिंगापुर। प्रायद्वीपीय मलेशिया के पेनांग से सिंगापुर जलडमरूमध्य के रास्ते रवाना हुए एक क्रूज जहाज पर सवार 64 वर्षीय भारतीय महिला लापता हो गई। यह घटना सोमवार को रीता साहनी और उनके पति जावेश साहनी के साथ स्पेक्ट्रम ऑफ द सीज पर सवार होकर पेनांग से सिंगापुर वापस जाते समय हुई। स्थानीय रिपोर्ट में कहा गया है कि इस जोड़े की चार दिवसीय क्रूज यात्रा का सोमवार को आखिरी दिन था। द स्ट्रेट्स टाइम्स की मंगलवार की रिपोर्ट के अनुसार, 70 वर्षीय जावेश जब उठे तो उन्होंने अपनी पत्नी को अपने कमरे से गायब पाया। जावेश ने क्रूज पर अपनी पत्नी को ढूंढने की कोशिश की, लेकिन वह असफल रहे।

अफगान संकट से निपटने के लिए अमेरिकी अधिकारी तालिबान से मिले

वाशिंगटन। अमेरिका के विदेश विभाग ने कहा कि देश के वरिष्ठ राजनयिकों के एक समूह ने तालिबान के प्रतिनिधियों और तकनीकी पेशेवरों से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने अफगानिस्तान में मानवीय संकट और विकास से संबंधित महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की। यह बातचीत 30 जुलाई और 31 जुलाई को दोहा में हुई थी।

नाइजर संकट: फ्रांस एवं अन्य यूरोपीय नागरिकों को निकालने की योजना बनाई

भाषा। नियामी (नाइजर)

नाइजर के सैन्य तख्तापलट को बागी सैनिकों द्वारा शासित तीन पश्चिमी अफ्रीका देशों का समर्थन मिलने के बाद मंगलवार को फ्रांस वहां (नाइजर) से फ्रांसीसी एवं यूरोपीय नागरिकों को निकालने की तैयारी में जुट गया। उसने अपने नागरिकों से एक छोटे बैग के अलावा और कोई सामान साथ नहीं रखने को कहा है।पेरिस में फ्रांस के विदेश मंत्रालय ने अपने इस निर्णय का कारण हाल की हिंसा को बताया जिसमें नाइजर की राजधानी नियामी में फ्रांसीसी दूतावास को निशाना बनाया गया था।मंत्रालय ने कहा कि नाइजर के विमानक्षेत्र को बंद किए जाने से हमारे फ्रांसीसी नागरिकों के लिए अपने साधनों से देश छोड़ना मुश्किल हो गया है। नाइजर के लोकतांत्रिक ढंग से निर्वाचित राष्ट्रपति मोहमद बाजौम के खिलाफ पिछले सप्ताह तख्तापलट से गहराते संकट के बीच फ्रांसीसी एवं अन्य यूरोपीय लोगों को वहां से निकालने का अभियान शुरू किया जा रहा है।फ्रांसीसी मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि यह अभियान उन फ्रांसीसी एवं अन्य यूरोपीय नागरिकों के लिए मंगलवार को शुरू हो रहा है जो नाइजर छोड़ना चाहते हैं। उसकी तरफ से और कोई विवरण नहीं दिया गया। मंत्रालय ने कहा कि फिलहाल नाइजर में सैंकड़ों फ्रांसीसी नागरिकों के होने का अनुमान है। नाइजर की राजधानी नियामी में होटलों में फ्रांसीसी एवं अन्य यूरोपीय नागरिकों ने अपना बैग पैक कर लिया है और वे इस खबर की बाट जोह रहे हैं कि कब और कहां से उन्हें निकालने का अभियान होगा। उनमें ऐसे लोग भी हैं जो सालों से नाइजर में काम कर रहे थे। नाइजर की सेना को प्रशिक्षण देने का काम कर रहे एक फ्रांसीसी पूर्व सैन्य अधिकारी ने कहा, मेरा काम खत्म नहीं हआ है। मैं आशा करता हूं कि यह स्थिति जल्द ही समाप्त होगी और एक दिन हम लौटेंगे। यह बहुत जल्दी हुआ और किसी को ऐसा होने का आभास नहीं था। मैं वाकई चकित हूं। इसीओडब्ल्यूएएस नाम से चर्चित पश्चिम अफ्रीकी क्षेत्रीय संगठन ने रविवार को नाइजर के विरूद्ध पाबंदियों की घोषणा की और कहा कि यदि तख्तापलट करने वाले नेता एक सप्ताह में बाजौम को उनके पद पर पुनः स्थापित नहीं करते हैं तो वह बलप्रयोग करेगा।इस बीच, एक संयुक्त बयान में माली और बुरकिना फासो की सैन्य सरकारों ने कहा कि नाइजर के खिलाफ किसी भी सैन्य दखल को बुरकिना और माली के विरूद्ध युद्ध की घोषणा माना जाएगा। रविवार को गिनी ने भी नाइजर की सैन्य सरकार के पक्ष में बयान जारी किया और इसीओडब्ल्यूएएस से होश में आने की अपील की।फ्रांसीसी दूतावास ने नियामी में फ्रांसीसी नागरिकों को भेजे ईमेल में उन्हें नाइजर से निकालने की योजना की जानकारी दी। संदेश में कहा गया है कि उन्हें विमान से निकाला जाएगा और यह कि फ्रांसीसी नागरिकों की पतिपत्नी एवं बच्चे भी इस योजना के हकदार होंगे। दूतावास ने लोगों से प्रति व्यक्ति छोटा बैग पैक करने तथा अपने साथ पानी , खाना, फोन और बैटरियां लेने को कहा है।

पार्टी को कुचलने के लिए सरकार की सुनियोजित साजिश थी नौ मई की हिंसा : इमरान खान

लाहौर (पाकिस्तान)। पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने मंगलवार को कहा कि देश में जंगल कानून मौजूद है और नौ मई को कथित भ्रष्टाचार के लिए उनकी गिरफ्तारी के बाद हुई हिंसा, उनकी पार्टी को कुचलने के लिए शहबाज शरीफ के नेतृत्व वाली सरकार और सरकारी संस्थानों द्वारा सुनियोजित साजिश थी। पाकिस्तान में नौ मई को भ्रष्टाचार के एक मामले में अर्द्धसैनिक बल पाक रेंजर्स की ओर से पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के अध्यक्ष की गिरफ्तारी के बाद अभूतपूर्व राष्ट्रव्यापी सरकार विरोधी प्रदर्शन हुए। 70 वर्षीय खान को बाद में जमानत पर रिहा कर दिया गया था। दंगों के दौरान रावलपिंडी में सैन्य मुख्यालय सहित दर्जनों सैन्य प्रतिष्ठान और सरकारी इमारतें क्षतिग्रस्त हो गईं या आग लगा दी गईं। पुलिस और अन्य सुरक्षा एजेंसियों के 100 से अधिक वाहनों को आग के हवाले कर दिया गया। खान ने कई ट्वीट कर कहा, नौ मई को (सरकार) नियंत्रित मीडिया और सरकारी संस्थानों के पूर्ण समर्थन के साथ एक सुनियोजित साजिश के तहत अभियान चलाया गया था जिसका केवल एक ही उद्देश्य था, पीटीआई को कुचलना। नौ मई की हिंसा के बाद सेना समर्थित पुलिस ने पीटीआई पर कार्वाई शुरू की और महिलाओं सहित 10,000 पार्टी कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया। सेना अधिनियम के तहत मुकदमे के लिए 1

रूस ने यूक्रेन पर ड्रोन हमले का आरोप लगाया

भाषा। तेलिन (एस्टोनिया)

रूसी अधिकारियों ने मंगलवार सुबह यूक्रेन पर मॉस्को और इसके आसपास ड्रोन से हमला करने का आरोप लगाया। हमले में राजधानी में एक इमारत को निशाना बनाया गया। पिछले रविवार को भी इसी तरह के ड्रोन हमले का दावा किया गया था। रूसी अधिकारियों ने दावा किया है कि राजधानी क्षेत्र पर इस तरह के तीव्र हमले यूक्रेन के जवाबी हमलों में विफलताओं को दर्शाते हैं, जबकि यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने सप्ताहांत में कहा था कि युद्ध का असर धीरे-धीरे रूसी क्षेत्र में फिर से दिख रहा है , लेकिन उन्होंने हमलों की जिम्मेदारी नहीं ली थी। रूसी रक्षा मंत्रालय ने मंगलवार सुबह कहा कि मॉस्को के बाहर दो यूक्रेनी ड्रोन को मार गिराया गया और एक अन्य को जाम कर दिया गया। इसने कहा कि जाम होने की वजह से यह मॉस्को शहर में एक इमारत से टकरा गया, जिससे इमारत का आगे का हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। मॉस्को के महापौर सर्गेई सोबयानिन ने बताया कि ड्रोन उसी इमारत से टकराया, जो रविवार तड़के इसी तरह के हमले में क्षतिग्रस्त हो गई थी। उन्होंने कहा कि मंगलवार को हुए हमले में कोई हताहत नहीं हुआ है। हालांकि यह स्पष्ट नहीं है कि एक ही इमारत पर लगातार दो बार हमला क्यों किया गया। दोनों ही घटनाओं में रूसी सेना ने कहा कि इमारत से टकराने वाले ड्रोन को हमले से पहले ही जाम कर दिया गया था।

बुरा है अपने पेट को हमेशा काम पर लगाए रखना

भाषा। लैंकेस्टर (यूके)

हमारे पेट की मांसपेशियां शरीर में सबसे अधिक मेहनत करने वाली मांसपेशियों में से हैं। वे हमारे लगभग हर कदम में शामिल होती हैं, शरीर को स्थिर और संतुलित रखती हैं, हमारी रीढ़ की रक्षा करती हैं और यहां तक कि यह सुनिश्चित करती हैं कि हमारे आंतरिक अंग वहीं रहें जहां उन्हें होना चाहिए। लेकिन कुछ स्वास्थ्य स्थितियाँ और यहां तक कि आपके दैनिक जीवन के दौरान अनावश्यक रूप से मांसपेशियों को तनाव देने से पेट की मांसपेशियां असंतुलित हो सकती हैं। समय के साथ, यह ऑवरग्लास सिंड्रोम नामक स्थिति को जन्म दे सकता है। यह एक ऐसी स्थिति है जिसमें पेट की दीवार की संरचना में एक हानिकारक परिवर्तन होता है, जिसके कारण पेट के बीचोंबीच एक सलवट सी बन सकती है। इतना ही नहीं, अगर इलाज न किया जाए तो यह परिवर्तन आंतरिक अंगों और शरीर के अन्य हिस्सों पर भी बुरा प्रभाव डाल सकता है। ऑवरग्लास सिंड्रोम के चार मुख्य कारण हैं। इन सभी के परिणामस्वरूप पेट की मांसपेशियों के कार्य में असंतुलन हो जाता है।पहला कुछ जन्मजात स्थितियों (जैसे कि गैस्ट्रोस्किसिस या ओम्फेसिल) के कारण होता है, जिसके कारण पेट की मांसपेशियां गलत तरीके से विकसित होती हैं, जिससे मांसपेशियों में असंतुलन होता है।ख़राब मुद्रा एक अन्य कारण है। इससे रीढ़ अपनी सामान्य, एस-आकार की वक्रता से दूर चली जाती है, जिसके परिणामस्वरूप पेट की मांसपेशियों के तनाव और कार्य में हानिकारक परिवर्तन होते हैं, जिससे असंतुलन होता है।पेट में दर्द (चाहे पेट, यकृत या पित्ताशय की समस्याओं से हो) किसी व्यक्ति को दर्द को कम करने या उससे बचने के लिए स्वेच्छा से या अनैच्छिक रूप से अपने पेट की मांसपेशियों को सिकोड़ने का कारण बन सकता है।लेकिन ऑवरग्लास सिंड्रोम का एक और आश्चर्यजनक कारण शरीर को सुगढ़ आकार देने से जुड़ी समस्याएं हो सकती हैं, जो एक बढ़ती हुई समस्या है। जो लोग अपने शरीर के आकार से खुश नहीं होते या जो सपाट पेट चाहते हैं वे इस लुक को पाने के लिए अपने पेट की मांसपेशियों पर दबाव डाल सकते हैं। यह अनिश्चित है कि इससे सांस लेने की क्षमता में दीर्घकालिक परिवर्तन होता है या नहीं। लेकिन अल्पावधि में, इससे व्यायाम करना कठिन हो सकता है - और रक्तप्रवाह में ऑक्सीजन कम होने के कारण आप थकान भी महसूस कर सकते हैं।पेट में खिंचाव होने से पेल्विक फ्लोर पर दबाव पड़ सकता है, जो मूत्राशय, गर्भाशय और मलाशय के कार्य को प्रभावित करेगा, जिससे संभावित रूप से मूत्र या मल का रिसाव हो सकता है, साथ ही गर्भाशय का फैलाव भी हो सकता है। जिन लोगों को पहले से ही पेल्विक फ्लोर डिसफंक्शन (जैसे मूत्र या मल असंयम) की समस्या है, उनके पेट में दबाव से उनकी हालत खराब हो सकती है।सौभाग्य से, ऑवरग्लास सिंड्रोम प्रतिवर्ती है।

मांसपेशियों में असंतुलन

जब हम अपने पेट पर दबाव डालते है तो इससे हमारा रेक्टस एब्डोमिनिस (आमतौर पर हमारी सिक्स-पैक मांसपेशियां कहा जाता है) सिकुड़ जाता है। लेकिन चूंकि हम अपने निचले पेट में अधिक वसा ऊतक जमा करते है, इसलिए पेट के शीर्ष पर मांसपेशियां अधिक सक्रिय होती है। इससे लंबे समय तक पेट में एक मोड़ या सिकुड़न बन जाती है, जिससे नाभि ऊपर की ओर खिंच जाती है।कारण चाहे जो भी हो - चाहे स्वैच्छिक हो या अनैच्छिक - पेट को खींचने से पीठ के निचले हिस्से और गर्दन पर अधिक दबाव पड़ता है। ऐसा इसलिए है क्योंकि उन्हें मुख्य स्थिरता में बदलाव की भरपाई करनी होती है। पेट पर दबाव पड़ने से पेट के अंगों के रहने के लिए उपलब्ध जगह की मात्रा भी कम हो जाती है। पेट को टूथपेस्ट की ट्यूब की तरह समझें तो इसे बीच में दबाने से ऊपर और नीचे दबाव बनता है।शीर्ष पर दबाव डायाफ्राम (हवा को अंदर खींचने में शामिल प्रमुख मांसपेशी) को नीचे खींचने में असमर्थ बनाकर सांस लेने को प्रभावित करता है।नीचे का दबाव पेल्विक फ्लोर की मांसपेशियों पर अधिक बल डालता है क्योंकि पेट को अंदर खींचने पर पेट की गुहा का आयतन कम हो जाता है। इसके साथ ही, रीढ़ और श्रोणि के जोड़ों पर दबाव बढ़ जाता है क्योंकि पेट की मांसपेशियां तनावग्रस्त होने पर प्रभाव को अवशोषित करने में कम सक्षम होती है। हालाँकि सांस लेने की क्षमता पर ऑवरग्लास सिंड्रोम के प्रभाव को देखने वाले सीमित शोध है, पेट की पट्टियों पर शोध (जहां मांसपेशियों की चोट से या सर्जरी के बाद ठीक होने के दौरान पूरे पेट या उसके केवल एक हिस्से को बांधा जाता है), 34 प्रतिशत की कमी दर्शाता है साँस छोड़ने वाली हवा की मात्रा में और कुल फेफड़ों की क्षमता में 27 प्रतिशत - 40 प्रतिशत की कमी।

चेतना मारू का उपन्यास बुकर पुरस्कार के संभावित विजेताओं की प्राथमिक सूची में शामिल

लंदन। ब्रिटेन की राजधानी लंदन में रहने वाली भारतीय मूल की लेखिका चेतना मारू के पहले उपन्यास वेस्टर्न लेन को बुकर पुरस्कार 2023 के संभावित 13 विजेता पुस्तकों की सूची में शामिल किया गया है जिसे मंगलवार को जारी किया गया।

PUBLIC NOTICE

To be known to all that **I,Ashok Kumar S/D/W/O late Sh. Siri Ram R/o DDA Janta Flat No 775-A Double Story, Block and Pocket-02,Madipur, PaschimPuri,Delhi.** The Original Documents **Site Possession Letter Vide File No J/25/582/ 1974/HB** of the above said property has been lost.An FIR/NCR to this effect has lodged in P.S. Crime Branch, Delhi vide LR NO. 575344/2023. SO No.430/ 2014 Delhi Police.Any person(s) claiming any right,interest,having any objection or found in possession of original documents, may write/contact with above named person at above address/ph.9205505510.The person claiming any right, interest objections with respect to this property can personally inform or write to: **The Assistant Director, D-Block Housing Janta Vikas Sadan, DDA INA, New Delhi.**

सार्वजनिक सूचना

आम जनता को एतदद्वारा सूचित किया जाता है कि श्रीमती मनोरमा शर्मा पत्नी कृष्णपाल शर्मा ने ग्राम याकूतपुर मवी, तहसील मोदीनगर जिला गाजियाबाद यू.पी.. में स्थित एक फ्रीहोल्ड आवासीय भूखंड, परिमाप 56 वर्ग गज यानी 46.82 वर्ग मीटर, खसरा नंबर 519 में से, पंजीकृत बिक्री विलेख दिनांक 25.02.2011 के माध्यम से मालिक हैं पुस्तक सं. 01, खंड स. 4309, दस्तावेज सं. 2599 बिक्री विलेख दिनांक 25.02.2011 को श्री गुलवीर सिंह पुत्र भूलेराम के द्वारा श्रीमती मोना शर्मा उर्फ प्रीति पत्नी विपीन कुमार शर्मा के पक्ष में निष्पादित, बिक्री विलेख खो गया है जिसकी सूचना श्रीमती मनोरमा शर्मा ने दिनांक 26.07.2023 को मोदीनगर पुलिस को दी है सभी व्यक्तियों को एतदद्वारा सूचित किया जाता है कि श्रीमती मनोरमा शर्मा और श्री कृष्णपाल शर्मा उक्त संपत्ति को केआईएफएस हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के पास गिरवी रख रहे हैं। यदि किसी व्यक्ति को उक्त संपत्ति में कोई प्रभार/हित/अधिकार है या किसी भी प्रकार का विवाद है, तो कृपया अधोहस्ताक्षरी को नीचे दिए गए पते पर लिखित रूप में वर्तमान से 15 दिनों के भीतर सूचित करें।

श्रीमती प्रसून लता, अधिवक्ता
एसजी एसोसिएट्स (लॉ फर्म)
एफएफ 18, लोटस पॉन्ड प्लाजा, वैभव खंड, इंदिरापुरम
गाजियाबाद 201014, ईमेल: sgassociatespl@gmail.com
फोन: 7011172764, 8130200837

न्यायाधिकारी ग्रामीण न्यायालय मोदीनगर जिला गाजियाबाद वाद सं0-465 / 2022
यदुवंश त्यागी आदि बनाम मुनीश त्यागी आदि
आदेश - 5 नियम-20 सी०पी०सी०- 1908 के अन्तर्गत अखबार में प्रकाशन हेतू

1. यदुवंश त्यागी पुत्र स्व0 जितेन्द्र त्यागी ग्राम सौन्दा वर्तमान पता शिवकुंज भोला रोड मेरठ .....वादी
2. जर्नादन त्यागी पुत्र स्व0 जितेन्द्र त्यागी ग्राम सौन्दा वर्तमान पता शिवकुंज भोला रोड मेरठ ....वादीगण

बनाम

1. मुनीश त्यागी पुत्र स्व0 ब्रहमराज त्यागी निवासी डब्ल्यू0जेड0-92 विकासपुरी (बुढ़ेला) दिल्ली तथा 153 क्वीन मैरी ड्राइव ब्राम्पटन एल0-7ए, 2आर, एस ओन्टारियो कनाड़ा
2. सुषमा त्यागी पत्नी स्व0 जितेन्द्र त्यागी निवासी ग्राम सौन्दा वर्तमान पता - शिवकुंज भोला रोड मेरठ
3. कृति त्यागी पुत्री स्व प्रेमलता त्यागी व स्व० यशवीर त्यागी निवासी ईस्ट एण्ड अपार्टमेन्ट नोएडा
4. परिधि त्यागी पुत्री स्व0 प्रेमलता व स्व० यशवीर त्यागी निवासी निवासी ईस्ट एण्ड अपार्टमेन्ट नोएडा
5. पास्लू त्यागी पुत्री स्व० प्रेमलता व स्व० यशवीर त्यागी निवासी निवासी ईस्ट एण्ड अपार्टमेन्ट नोएडा

.....प्रतिवादीगण

यह कि उपरोक्त वादीगण ने आपके विरूद्ध सिविल प्रक्रिया संहिता 1908 के अन्तर्गत वाद संस्थित किया है। आपको इस न्यायालय में सूचना प्रकाशन के 30 दिन के भीतर वाद का उत्तर देने लिये उक्त तिथि को उपसंजात होने हेतु समन किया जाता है। आप न्यायालय में स्वयं या ऐसे अधिवक्ता द्वारा उपसंजात हो सकते है जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये है और जो इस वाद में सम्बन्धित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि दिनांक 02.09.2023 को अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सभी दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करे जिन पर आपकी प्रतिरक्षा का दावा या प्रतिदावा आधारित हो और आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या प्रतिदावा के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसे सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जानी वाली सूची में प्रविष्टि करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपरोक्त वर्णित अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एकपक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। यह दिनांक 31.07.2023 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा अंकित किया गया है।

दिनांक:- 31.07.2023 (मुंसरिम रीडर)
ग्राम न्यायालय मोदीनगर, जिला गाजियाबाद

NAME CHANGE

I, Ram Avtar S/o Shri Bhawnar Singh R/o House No. 84E S/F Block - R, Near Jhilmil Metro Station, Dilshad Garden, Jhilmil, Delhi - 110095 have inform that my name written as RAMAVTAR in my Passport No. K0153019 and RAM AVTAR in my all Documents. RAM AVTAR and RAMAVTAR both are same and one person. In future I will be known as RAM AVTAR in all purposes. My father's name wrongly mentioned BHAWAR SINGH in my passport. My father's correct name is BHAWNAR SINGH which is mentioned in my Adhaar Card No. 4114 - 9153 - 9013.

RAM AVTAR

PUBLIC NOTICE

Notice is hereby given that our client Dinesh Kumar is in process to purchase (availing loan from Piramal Capital & Housing Finance Limited) the Flat No. S-1 on Second Floor with Roof Rights, covered area measuring 600 sq. fts., (i.e., 55.73 sq. mtrs.), (Said Flat) built on Plot No. 100, in Block-A, situated in the Residential Colony known as DLF Dilshad Extension-II, village Brahampur @ Bhopura, Pargana Loni, Tehsil & District Ghaziabad, U.P from - Smt. Bimla Devi AND Smt. Akansha, Himanshu, Sh. Saurabh Kumar & Smt. Shikha, who inherited the said property after the death of Sh. Murari Lal (and whereas Murari Lal & Smt. Bimla Devi jointly purchased the same vide Sale Deed dated 07.05.2003)

All person/s having any claim against or in respect of the said Property, or any part thereof, by way of sale, exchange, mortgage(equitable/registered or otherwise), gift, trust, inheritance, family arrangement, maintenance, bequest, partnership, possession, lease, sublease, tenancy, license, lien, charge, pledge, easement or otherwise howsoever, are hereby requested to notify the same in writing to us with supporting documentary evidence at the address mentioned below within 7 days from the date hereof, failing which the claim or claims, if any

अधिक से अधिक मुस्लिम महिलाओं तक पहुंचे सांसद : मोदी

भाषा। नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि तीन तलाक पर प्रतिबंध लगाने के उनकी सरकार के फैसले से मुस्लिम महिलाओं में सुरक्षा की भावना बढ़ी है। उन्होंने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेताओं से आगामी रक्षा बंधन के त्योहार के दौरान अधिक से अधिक मुस्लिम महिलाओं तक पहुंचने को कहा है। सूत्रों ने कहा कि मोदी ने सोमवार रात पश्चिम बंगाल, ओडिशा और झारखंड के भाजपा नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के सांसदों की एक बैठक में यह टिप्पणी की, जिसमें उन्होंने और भाजपा के अन्य वरिष्ठ नेताओं ने समाज के विभिन्न वर्गों के लिए केंद्र सरकार की विभिन्न विकास पहलों को रेखांकित किया।बैठक में मौजूद कुछ सांसदों ने कहा कि मोदी ने समाज के हर वर्ग से जुड़ने की जरूरत पर जोर दिया और उसके बाद मुस्लिम समाज में एक बार में तीन तलाक की प्रथा पर प्रतिबंध लगाने के अपनी सरकार के फैसले का उल्लेख किया। सरकार ने इस प्रथा को अपराध घोषित कर दिया है।बैठक में मौजूद कुछ सांसदों ने कहा कि प्रधानमंत्री ने उनसे अल्पसंख्यक समुदाय की महिलाओं तक पहुंचने के लिए रक्षा बंधन के दौरान कार्यक्रम आयोजित करने को कहा।रक्षा बंधन का त्योहार इस साल 30 अगस्त को पड़ेगा।मुस्लिम महिला (विवाह अधिकार संरक्षण) विधेयक 2019 में संसद द्वारा पारित किया गया था, जिसमें एक बार में तीन तलाक की प्रथा को अवैध घोषित किया गया था। इस अपराध के लिए पति को जेल की सजा हो सकती है। मोदी अक्सर मुस्लिम महिलाओं के लिए अपनी सरकार के सुधार उपायों को रेखांकित करते रहे हैं।अपने हालिया मन की बात संबोधन में उन्होंने कहा था कि इस साल 4,000 से अधिक मुस्लिम महिलाओं का महरम के बिना हज करना एक बड़ा परिवर्तन है। उन्होंने जोर देकर कहा कि पिछले कुछ वर्षों में उनकी सरकार द्वारा हज नीति में किए गए बदलावों के साथ अधिक से अधिक लोगों को वार्षिक तीर्थयात्रा पर जाने का मौका मिल रहा है।सांसदों के समक्ष दिए गए अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि विपक्षी दल नए नाम इंडिया (इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस) के तहत अपनी ताकत दिखाने का प्रयास कर रहे हैं, क्योंकि उनके पूर्ववर्ती संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) पर कई घोटालों का दाग था। उन्होंने कहा कि लोग इसे कभी स्वीकार नहीं करेंगे।भाजपा ने राजग सांसदों को क्षेत्रवार करीब 40 सदस्यों के समूहों में बांटा है। संसद के मौजूदा मानसून सत्र के दौरान वह इन समूहों से मुलाकात करेंगे।पहली दो बैठकें सोमवार को हुई थीं। उन्होंने उत्तर प्रदेश के पश्चिमी हिस्से से लेकर कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्र तक के लगभग 45 राजग सांसदों की एक बैठक को भी संबोधित किया था।उत्तर प्रदेश के सांसदों की बैठक को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि सत्तारूढ़ गठबंधन समाज और देश की सेवा कर रहा है और उसे लोगों का आशीर्वाद मिल रहा है।मोदी ने सांसदों से सरकार के काम के बारे में सकारात्मक संदेश के साथ जनता के बीच जाने को कहा और कहा कि वह लोगों के बीच अधिक से अधिक समय बिताएं।उन्होंने कहा था कि विपक्षी गठबंधन ने भले ही अपना नाम संप्रग से बदलकर इंडिया कर लिया हो, लेकिन वह भ्रष्टाचार और कुशासन के अपने पापों को धो नहीं पाएगा।

लोकसभा में 8 से शुरू होगी अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा

भाषा। नई दिल्ली

लोकसभा में आठ से 10 अगस्त तक अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा होगी तथा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा विपक्ष की तरफ से लाए गए इस प्रस्ताव पर चर्चा के आखिरी दिन जवाब दिए जाने की संभावना है। लोकसभा में संख्या बल स्पष्ट रूप से सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के पक्ष में है। अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा आठ अगस्त से शुरू कराने का निर्णय लोकसभा अध्यक्ष द्वारा बुलाई गई सदन की कार्य मंत्रणा समिति की बैठक में किया गया। विपक्षी दलों के नेताओं ने इस बैठक से बहिर्गमन कर दिया क्योंकि वह इस चर्चा को प्राथमिकता के आधार पर करवाने पर जोर दे रहे थे।एक वरिष्ठ नेता ने कहा, अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा आठ अगस्त को शुरू होगी और 10 अगस्त तक चलेगी जब प्रधानमंत्री चर्चा का जवाब देंगे।

● विपक्ष ने बीएसी बैठक से किया बहिर्गमन

बीच प्रधानमंत्री ने पुणे में एक कार्यक्रम में कहा कि आज देश में नीतियों और लोगों की कड़ी मेहनत दोनों में बेहद भरोसा (ट्रस्ट सरप्लस) झलकता है।। उन्हें इस कार्यक्रम में लोकमान्य तिलक राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया।प्रधानमंत्री ने कहा कि अविश्वास के माहौल में विकास असंभव है। इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री के साथ राकांपा नेता शरद पवार भी मंच पर थे।कांग्रेस, द्रमुक, वाम दल एवं तृणमूल कांग्रेस के घटक दलों वाले इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस (इंडिया) और भारत राष्ट्र समिति इस बात पर जोर दे रहे कि लोकसभा में अविश्वास प्रस्ताव पर फौरन चर्चा कराई जानी चाहिए। इन विपक्षी दलों ने इस सप्ताह सरकार द्वारा लगातार अपने विधाई कामकाज को सदन में पूरा करवाने पर आपत्ति जताई है। संयुक्त विपक्ष की ओर से कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई द्वारा लाए गए अविश्वास प्रस्ताव का भविष्य स्पष्ट है क्योंकि राजग को लोकसभा में बहुमत सदस्यों का समर्थन प्राप्त है। अपने 301 सांसदों के साथ, राजग के पास लोकसभा में कुल 325 सांसद हैं। इसके अलावा 12 सांसदों वाली बीजद ने भी घोषणा की है कि वह अविश्वास प्रस्ताव का विरोध करेगी।दूसरी ओर, विपक्षी गठबंधन के पास लोकसभा में कुल 140 सांसदों की ताकत है।सरकार ने इस बात पर जोर दिया है कि ऐसा कोई नियम या परंपरा नहीं है जो अविश्वास प्रस्ताव को सदन में तत्काल चर्चा के लिए लेने को अनिवार्य बनाता हो। सरकार का कहना है कि नियमानुसार प्रस्ताव लाए जाने के 10 कामकाजी दिवस में उसे चर्चा के लिए लिया जा सकता है।

क्विक न्यूज

बीजद दिल्ली सेवा अध्यादेश संबंधी विधेयक का समर्थनअविश्वास प्रस्ताव का विरोध करेगा : पात्रा

नई दिल्ली। बीजू जनता दल (बीजद) के राज्यसभा सदस्य सस्मित पात्रा ने मंगलवार को कहा कि उनकी पार्टी दिल्ली सेवा अध्यादेश संबंधी विधेयक का संसद मे समर्थन करेगी और सरकार के खिलाफ विपक्ष द्वारा पेश किए गए अविश्वास प्रस्ताव का विरोध करेगी।ओडिशा के सत्ताधारी दल के फैसले से नरेन्द्र मोदी सरकार को राज्यसभा मे बहुमत प्राप्त करने की दिशा मे मदद मिलेगी। राज्यसभा मे भारतीय जनता पार्टी नीत गठबंधन को बहुमत प्राप्त नही है। उच्च सदन मे बीजू जनता दल के नौ सदस्य है। वाईएसआर कांग्रेस के बाद बीजद दूसरी पार्टी है जिसने दिल्ली सेवाओ से जुड़े विधेयक पर सरकार का समर्थन करने की घोषणा की है। इससे विपक्षी गठबंधन को झटका लगा है जो राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली क्षेत्र सरकार संशोधन विधेयक 2023 के खिलाफ समर्थन जुटाने की कोशिश कर रहा है। राज्यसभा मे बीजद के नेता पात्रा ने पीटीआई-भाषा से कहा कि उनकी पार्टी ने दिल्ली सेवाओ से जुड़े विधेयक का समर्थन करने का फैसला किया है, वही वह अविश्वास प्रस्ताव का विरोध करेगी। उच्च सदन मे बीजू जनता दल के नौ सदस्य है। राज्यसभा मे वाईएसआर कांग्रेस के भी नौ सदस्य है। इन 18 सांसदो के समर्थन से विधेयक का पारित होना लगभग पक्का हो गया है। इन दोनो पार्टियो ने अक्सर संसद मे सरकार का समर्थन किया है, हालांकि दोनो पार्टी सत्तारूढ़ गठबंधन का हिस्सा नही है। एक वरिष्ठ नेता ने कहा कि राज्यसभा मे विपक्षी गठबंधन के करीब 109 सदस्यो के अलावा कपिल सिब्बल जैसे कुछ निर्दलीय सदस्यो के विधेयक के खिलाफ मतदान करने की उम्मीद है। उच्च सदन मे अभी 238 सदस्य है जबकि सत्तारूढ़ गठबंधन के 100 से अधिक सदस्य है। वही उसे मनोनीत सदस्यो और कुछ निर्दलीय सदस्यो से समर्थन मिलने की उम्मीद है जो विभिन्न मुद्दो पर कई बार सरकार के पक्ष मे मतदान करते रहे है। इनके साथ ही उक्त दोनो दलो के समर्थन से राजग को बहुमत प्राप्त होने की संभावना है। लोकसभा मे भाजपा सदस्यो की संख्या 305 है और सरकार को सदन मे अविश्वास प्रस्ताव या दिल्ली सेवा संबंधी विधेयक को लेकर विपक्ष से कोई खतरा नही है। लोकसभा मे बीजद के 12 सदस्य है।

लोकसभा ने जन्म एवं मृत्यु प्रमाणपत्र से संबंधित विधेयक को मंजूरी दी

नई दिल्ली। लोकसभा ने मंगलवार को विपक्षी दलो के सदस्यो के शोर-शराबे के बीच जन्म एवं मृत्यु पंजीकरण (संशोधन) विधेयक, 2023 को मंजूरी प्रदान की जिसमे लोगो की सुविधा एवं फायदे के लिए जन्म एवं मृत्यु प्रमाणपत्र के डिजिटल पंजीकरण और इलेक्ट्रॉनिक निष्पादन का प्रावधान किया गया है। गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने सदन मे संक्षिप्त चर्चा का जवाब दिया और विधेयक को सदन ने ध्वनिमत से अपनी स्वीकृति दी। चर्चा का जवाब देते हुए राय ने कहा कि इस विधेयक मे किसी तरह की शंका की कोई गुंजाइश नही है क्योकि मोदी सरकार इस विधेयक को बहुत ही पवित्र मन से लाई है। उन्होने कहा कि लोगो के लिए सुविधाओ को सुगम बनाने के मसकद से यह विधेयक लाया गया है और यह जनहित मे लाया गया विधेयक है। मंत्री के अनुसार, इस विधेयक मे सभी राज्यो से परामर्श लिया गया, लेकिन किसी ने कोई आपत्ति नही की। उन्होने कहा कि इस विधेयक से जन्म एवं मृत्यु के प्रमाणपत्र का पंजीकरण सरल हो जाएगा। चर्चा मे भाग लेते हुए भारतीय जनता पार्टी के गुमान सिंह डामोर ने कहा कि इस संशोधन से आम लोगो को फायदा होगा। उन्होने कहा कि इससे जन्म और मृत्यु दोनो का डिजिटल पंजीकरण हो सकेगा। उन्होने इसे राष्ट्रीय महत्व का विधेयक बताया। शिवसेना के राहुल शिवाले ने कहा कि इससे जन्म एवं मृत्यु का डेटाबेस बनाया जा सकेगा जिससे विकास की योजनाओ को तैयार करने मे मदद मिलेगी। एआईएमआईएम के असदुद्दीन ओवैसी ने आरोप लगाया कि यह पिछले दरवाजे से लाई जाने वाली एनआरसी (राष्ट्रीय नागरिक पंजी) है। उन्होने कहा कि सरकार को बताना चाहिए कि जनगणना कब होगी। ओवैसी ने कहा कि इस विधेयक को स्थाई समिति के पास भेजा जाना चाहिए। बहुजन समाज पार्टी की संगीता आजाद और कुछ अन्य सदस्यो ने भी चर्चा मे भाग लिया। नित्यानंद राय ने गत 26 जुलाई को यह विधेयक पेश किया था। इसके माध्यम से जन्म एवं मृत्यु पंजीकरण अधिनियम 1969 का संशोधन करने का प्रस्ताव किया गया है। विधेयक के उद्देश्यो एवं कारणो मे कहा गया है कि जन्म एवं मृत्यु पंजीकरण अधिनियम 1969, जन्म एवं मृत्यु के मामलो के पंजीकरण के नियमन को लेकर अमल मे आया था। इस अधिनियम मे अब तक संशोधन नही किया गया है और इसके संचालन की अवधि के दौरान सामाजिक परिवर्तन और तकनीकी प्रगति के साथ तालमेल बनाए रखने और इसे अधिक नागरिक अनुकूल बनाने के लिए अधिनियम मे संशोधन की आवश्यकता है। इसमे कहा गया है कि समाज मे आए बदलाव और प्रौद्योगिकी उन्नति के साथ रफ्तार बनाए रखने एवं इसे नागरिको की सुविधा के अनुकूल बनाने के लिए अधिनियम मे संशोधन की जरूरत थी। विधेयक मे लोगो की सुविधा एवं फायदे के लिए जन्म एवं मृत्यु प्रमाणपत्र मे डिजिटल पंजीकरण और इलेक्ट्रॉनिक निष्पादन का प्रावधान किया गया है। इसमे पंजीकृत जन्म एवं मृत्यु का राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय डाटाबेस तैयार करने की बात कही गई है। इसमे कहा गया है कि इसका मकसद अधिनियम मे संशोधन के बाद नए कानून के प्रभाव मे आने पर जन्म लेने वाले किसी व्यक्ति के लिए किसी शैक्षणिक संस्थान मे दाखिले, ड्राइविंग लाइसेंस जारी करने, मतदाता सूची तैयार करने, केंद्र सरकार, राज्य सरकार मे पदो पर नियुक्ति को लेकर जन्म प्रमाणपत्र को एक ही दस्तावेज के रूप मे प्रयोग करने की बात कही गई है।

एनसीबी ने देश के सबसे बड़े मादक पदार्थ तस्करी समूह का भंडाफोड़ किया

नई दिल्ली। स्वापक नियंत्रण ब्यूरो (एनसीबी) ने मंगलवार को भारत मे डार्कनेट पर संचालित सबसे बड़े एलएसडी समूह का भंडाफोड़ करने का दावा किया और 13 हजार से अधिक ब्लॉट , 26 लाख रुपए नकदी जब्त कर तीन लोगो को गिरफ्तार किया। एनसीबी के उप महानिदेशक (संचालन एवं प्रवर्तन) ज्ञानेश्वर सिंह ने बताया कि जंबाडा नामक समूह बड़ी मात्रा मे उच्च दर्जे के मादक पदार्थ एलएसडी का कारोबार और आपूर्ति करता है। यह ब्रिटेन, अमेरिका, दक्षिण अफ्रीका, कनाडा, रूस, स्पेन, पुर्तगाल, यूनान और तुर्किए मे भी काम कर रहा है। उन्होने कहा कि समूह का संचालन 21-25 वर्ष की आयु वर्ग के शिक्षित लड़के कर रहे है। इससे दो महीने पहले जून मे एजेसी ने 15,000 एलएसडी ब्लॉट जब्त करके आधा दर्जन लोगो को गिरफ्तार किया था। एलएसडी या लिसेर्जिक एसिड डायथाइलैमाइड एक सिंथेटिक रसायन आधारित मादक पदार्थ है। युवा बड़े पैमाने पर इसका उपयोग करते है और इसके सेवन से गंभीर स्वास्थ्य समस्याएं हो सकती है। यह गंधहीन, रंगहीन और स्वादहीन होता है और यह कागज के छोटे टुकड़ो (ब्लॉट) पर लगा होता है जिसे चाटा या निगला जा सकता है। सिंह ने कहा कि अभियान के दौरान पता चला कि डार्कनेट पर संचालित एलएसडी समूह जंबाडा दिल्ली-एनसीआर से काम करता है। डार्कनेट गुप्त इंटरनेट प्लेटफॉर्म को कहा जाता है, जिसका उपयोग मादक पदार्थों की बिक्री, अश्लील सामग्री के आदान-प्रदान और अन्य अवैध गतिविधियो मे कानून प्रवर्तन एजेसियो की निगरानी से बचने के लिए किया जाता है।उन्होने कहा कि तकनीकी और मानव निगरानी के माध्यम से इस समूह से जुड़े दो लोगो की पहचान की गई और इससे इस समूह के मास्टरमाइंड का पता चला, जो हरियाणा के बल्लभगढ़ (फरीदाबाद) से काम कर रहा था।एनसीबी के अधिकारियो ने बताया कि एजेसी दिल्ली जोनल कार्यालय ने इन तीन व्यक्तियो के परिसरो पर कई छापे मारे और इस दौरान 13,863 एलएसडी ब्लॉट, 428 ग्राम एमडीएमए (एक्स्टसी) जब्त की गई और 26.73 लाख रुपए नकदी जब्त की गई।

भारत की जी20 अध्यक्षता बड़ा बदलाव लेकर आई: ईरानी

भाषा। गांधीनगर

केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने मंगलवार को कहा कि भारत की जी20 अध्यक्षता एक बड़ा बदलाव सामने लेकर आई है कि महिलाएं अपने देश व समाज में योगदान देने के लिए पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी हैं। जी20 एम्पावर शिखर सम्मेलन का उद्घाटन करने के बाद यहां महात्मा मंदिर सम्मेलन केंद्र में सभा को संबोधित करते हुए ईरानी ने कहा कि महिलाएं आज यह सुनिश्चित कर रही हैं कि राष्ट्र-राज्यों की अर्थव्यवस्थाओं और सामाजिक ताने-बाने में उनका योगदान गिना जाए और यह पुरुषों के समतुल्य हो। चार दिवसीय कार्यक्रम में 2-4 अगस्त के बीच महिला सशक्तिकरण पर जी20 मंत्रिस्तरीय सम्मेलन भी होगा। ईरानी ने कहा, आज एक गौरवान्वित भारतीय के रूप में मैं भारत की जी20 अध्यक्षता की सराहना करती हूं, जो महिलाओं को देखने के नजरिए में बड़ा बदलाव सामने लेकर आई है। हम अपने देशों, अपने समाजों में योगदान देने के लिए पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े हैं।

चंद्रयान-3 पृथ्वी की कक्षा से बाहर निकला, चंद्रमा की ओर बढ़ा : इसरो

बेंगलुरु,। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने मंगलवार को कहा कि चंद्रयान-3 पृथ्वी की कक्षा से बाहर निकल गया है और अब चंद्रमा की ओर बढ़ रहा है। अंतिरक्ष यान को पृथ्वी की कक्षा से ऊपर उठाकर चंद्रमा की ओर बढ़ाने की प्रक्रिया को मंगलवार तड़के अंजाम दिया गया। इससे चंद्रयान-3 पृथ्वी की कक्षा से बाहर निकलकर ट्रांसलूनर कक्षा में चला गया और चंद्रमा की कक्षा की ओर बढ़ने लगा। उसे अब चंद्रमा की कक्षा तक पहुंचने में करीब पांच दिन लगेंगे। अंतरिक्ष एजेंसी ने कहा, इसरो टेलीमेट्री, ट्रैकिंग एंड कमांड नेटवर्क में चंद्रयान-3 को चंद्रमा के करीब ले जाने की प्रक्रिया को अंजाम दिया गया। इसरो ने चंद्रयान को ट्रांसलूनर कक्षा में प्रवेश करवाया। उसने कहा, चंद्रयान-3 ने पृथ्वी के आसपास अपनी कक्षाओं का चक्कर पूरा कर लिया है और अब वह चंद्रमा की ओर बढ़ रहा है। अगला कदम : चंद्रमा है। उसके चंद्रमा के करीब पहुंचने के बीच पांच अगस्त 2023 को लूनर-ऑर्बिट इंसर्शन (चंद्र-कक्षा अंतर्वेश) की प्रक्रिया को अंजाम देने की योजना है।

जीएसटी संग्रह जुलाई महीने में 11% बढ़कर 1.65 लाख करोड़ रुपए से अधिक

भाषा। नई दिल्ली

जीएसटी संग्रह जुलाई माह में सालाना आधार पर 11 प्रतिशत बढ़कर।,65,105 करोड़ रुपए रहा। वित्त मंत्रालय ने मंगलवार को यह जानकारी दी। अप्रत्यक्ष कर व्यवस्था लागू होने के बाद से पांचवीं बार जीएसटी संग्रह 1.60 लाख करोड़ रुपए से अधिक रहा है। वित्त मंत्रालय के बयान के अनुसार, जुलाई 2023 में सकल माल एवं सेवा कर (जीएसटी) संग्रह।,65,105 करोड़ रुपए रहा। इसमें केंद्रीय जीएसटी 29,773 करोड़ रुपए, राज्य जीएसटी 37,623 करोड़ रुपए, एकीकृत जीएसटी 85,930 करोड़ रुपए (माल के आयात पर एकत्र 41,239 करोड़ रुपए सहित) है। इसके अलावा उपकर 11,779 करोड़ रुपए (माल के आयात पर एकत्र 840 करोड़ रुपए सहित) रहा। मंत्रालय के अनुसार राजस्व संग्रह जुलाई 2023 में पिछले साल के इसी महीने के मुकाबले 11 प्रतिशत अधिक रहा। जुलाई 2022 में यह 1.49 लाख करोड़ रुपए था। वर्ष 2023 में जुलाई लगातार दूसरा महीना है जब बेची गई वस्तुओं तथा प्रदान की गई सेवाओं पर भुगतान किए गए करों से मासिक आधार पर राजस्व में वृद्धि हुई। यह जून महीने में 1.61 लाख करोड़ रुपए और मई में 1.57 लाख करोड़ रुपए था। अप्रैल में यह रिकॉर्ड 1.87 लाख करोड़ रुपए रहा था। समीक्षाधीन महीने के दौरान घरेलू लेनदेन (सेवाओं के आयात सहित) से राजस्व सालाना आधार पर 15 प्रतिशत अधिक रहा। एन. ए. शाह एसोसिएट्स पार्टनर (अप्रत्यक्ष कर) पराग मेहता ने कहा कि मकानों, कारों, छुट्टियों और अन्य उपभोक्ता वस्तुओं के लिए उपभोक्ता खर्च में वृद्धि मासिक जीएसटी संग्रह में बढ़ोतरी का प्रमुख कारण रही। मेहता ने कहा कि मजबूत जीएसटीएन नेटवर्क ने शुरूआत में में ही कर चोरों का पता लगाना सुनिश्चित किया है। इसके जरिए विभाग नियमित आधार पर कर चोरी करने वालों और फर्जी चालान करने वाली संस्थाओं पर कार्वाई कर रहा है। इसके अलावा जीएसटी परिषद द्वारा उद्योग के मुद्दों पर समय-समय पर स्पष्टीकरण से भी कानून को लेकर स्पष्टता आई है। समुचित अनुपालन के साथ जीएसटी संग्रह बढ़ा है। डेलॉइट इंडिया पार्टनर एम.एस. मणि ने कहा कि ई-इनवॉइस कारोबार सीमा में कमी के साथ राज्यों में जीएसटी ऑडिट की संख्या बढ़ी जिससे कंपनियों में जीएसटी का अधिक पालन किया गया।

पांच साल में अर्धसैनिक बलों के 47 हजार कर्मियों ने स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति ली

नई दिल्ली। केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ) और असम राइफल्स के 47 हजार कर्मियों ने पिछले पांच वर्षों में स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति ली है तथा 6336 ने सेवा से इस्तीफा दे दिया। केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने लोकसभा में कांग्रेस सदस्य मणिकम टैगोर के लिखित प्रश्न के उत्तर मे यह जानकारी दी। टैगोर ने अर्धसैनिक बलो मे कामकाज के हालात का हवाला देते हुए सवाल किया था कि क्या यह सच है कि विगत पांच वर्षों मे सीएपीएफ के 50 हजार से अधिक लोगो ने सेवा छोड़ दी? इसके उत्तर मे राय ने पिछले पांच वर्षों के आंकड़े प्रस्तुत किए, जिसके अनुसार वर्ष 2018 से 2022 के दौरान अर्धसैनिक बलों के कुल 47000 कर्मियों ने स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति ली, तो 6336 ने इस्तीफा दे दिया। मंत्री ने बताया कि इस अवधि मे सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के सबसे अधिक 21692 लोगों ने स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति ली। इसके साथ ही, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के 13027 कर्मियो ने स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति ली। टैगोर के एक और प्रश्न के उत्तर मे गृह राज्य मंत्री ने बताया कि वर्ष 2018 से 2022 के दौरान सीएपीएफ और असम राइफल्स के 658 कर्मियो ने अपनी जान ले ली। इनमे सीआरपीएफ के 230, बीएसएफ के 174, आईटीबीपी के 51 और असम राइफल्स के 47 कर्मी शामिल थे। मंत्री ने बताया कि सीएपीएफ और असम राइफल्स के लोगो के कामकाजी हालात मे सुधार करने और सुविधाएं बढ़ाने का काम सरकार द्वारा निरंतर किया जा रहा है। उन्होने सरकार द्वारा उठाए गए कई कदमो का उल्लेख भी किया।

भारतीय परिवारों को मिलेगी खुशी

मुंबई। वीवो ने एक नई ब्रांड फिल्म रिलीज की, जो वीवो के ब्रांड उद्देश्य - लिव द जॉय के पीछे के आइडिया पर बेस्ड है। यह कैंपेन अपने उद्देश्य के प्रति ब्रांड की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। डीवीसी लॉन्च पर बोलते हुए, वीवो इंडिया के कॉरपोरेट स्ट्रेटजी हेड, गीताज चन्नाना ने कहा, एक ब्रांड के रूप में जिसकी हर गतिविधि क्यों से शुरू होती है, वीवो के लिए क्यों हमारा उद्देश्य है। हमारा उद्देश्य 'सुपीरियर टेक्नोलॉजी और सिम्पलीफाइड एक्सपीरियंस के माध्यम से सभी भारतीयों के लिए खुशी लाना है सर्वव्यापी टेक्नोलॉजी के निर्माता होने के नाते, हमारा मानना है कि लोगों को इस खुशी को खोजने में मदद करना हमारी जिम्मेदारी है और इस कैंपेन के माध्यम से, हम लोगों को उनके परिवारों के साथ अधिक समय बिताने और जीवन में उन अनमोल क्षणों को संजोने के लिए प्रेरित करने की उम्मीद करते हैं। एफसीबी इंडिया द्वारा कॉन्सेप्चुलाइज्ड और अवॉर्ड विनिंग डायरेक्टर नीरज घेवान द्वारा जीवंत की गई यह फिल्म एक असेंबल है जो तीन कहानियों के इर्द-गिर्द घूमती है। जिसमें दिखाया गया है कि अपने सफल जीवन और ऊंची उड़ान वाले करियर में भी, हीरो को लगता हैं कि अंतत, खुशी उनके परिवारों और प्रियजनों के साथ जुड़ने में है। एफसीबी इंडिया की क्रिएटिव चेयरपर्सन स्वाति भट्टाचार्य ने कहा, इन दिनों सफलता खुशी का पैमाना बन गई है। एक समाज के रूप में हम यह मानने लगे हैं कि खुशियां पैसे से खरीदी जा सकती हैं, भागदौड़ से हासिल की जा सकती हैं, लेकिन क्या सचमुच ऐसा है? जहां आनंद रहता है हममें से उन लोगों के लिए एक कोमल संकेत है जो हमारी महत्वाकांक्षाओं से ग्रस्त हैं, थोड़ा रुके, और घर के करीब खुशी की तलाश करने का प्रयास करें क्योंकि अक्सर, हम अंत में उसे वहीं ढूंढते हैं।

भारत में भी लोकप्रिय होगा मेरे पास हो तुम

मुंबई। कलाकार अदनाान ने कहा हे कि मेरा पक्का यकीन है कि 'एमपीटीएच' (मेरे पास हो तुम) हमारे अपने देश की तरह ही भारत में भी अपनी अपार सफलता को दोहरायेगा। इस ड्रामा को लेकर प्रशंसकों के मेल ढेरों मेल मिले और इसने काफी रोमांच पैदा किया। यहाँ तक कि इसने चीन में भी धूम मचा दी। यह सब इसके जबरदस्त आकर्षण के स्पष्ट संकेत हैं। साथ ही, ि?ंदगी पर पहले बार पाकिस्तानी ड्रामा की पेशकश के समय हमारे शो को मिली उल्लेखनीय प्रतिक्रिया उनके प्रशंसनीय स्वीकृति की गवाही देती हैं। यूट्यूब पर लगातार प्राप्त लाखों व्यूज भी इस बात का निर्विवाद प्रमाण है कि हमारे ड्रामे को सीमा के दोनों ओर बेहद प्यार मिला है। एमपीटीएच मेरी एक और उपलब्धि है। एक खलनायक और दिलकश आदमी, दोनों की भूमिका निभाना तलवार की धार पर चलने जैसा था।

भारतीय विदेश सेवा के अधिकारियो का अभिवादन स्वीकार करती राष्ट्रपति

हीरो मोटोकॉर्प के कार्यकारी अध्यक्ष पवन मुंजाल के परिसरों पर ईडी का छापा

धनशोधन मामले की जांच

भाषा। नई दिल्ली

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने धनशोधन के एक मामले की जांच के तहत हीरो मोटोकॉर्प के कार्यकारी अध्यक्ष पवन मुंजाल एवं अन्य के परिसरों पर मंगलवार को छापे मारे। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि छापेमारी की कार्वाई 69 वर्षीय अरबपति कारोबारी और भारत में सबसे बड़े दुपहिया ऑटोमोबाइल वाहन निर्माण कंपनी के प्रवर्तक के दिल्ली और गुरुग्राम के आवासीय एवं कारोबारी परिसरों में और उससे जुड़े कुछ अन्य ठिकानों पर की गई।उन्होंने बताया कि छापेमारी की यह कार्रवाई धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत प्राथमिकी दर्ज करने के बाद की गई। कंपनी ने एक बयान जारी कर कहा, प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अधिकारी हमारे दिल्ली और गुरुग्राम स्थित कार्यालयों और हमारे कार्यकारी अधिकारी डॉ. पवन मुंजाल के आवास पर आए थे। हम एजेंसी के साथ लगातार सहयोग कर रहे हैं। ईडी की यह जांच मुंजाल के खिलाफ केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) की जांच इकाई राजस्व आसूचना निदेशालय (डीआरआई) द्वारा दर्ज की गई शिकायत के आधार पर कर रही है। माना जा रहा है कि ईडी ने मुंजाल और तीसरी पार्टी सेवाप्रदाता कंपनी के कार्यकारी के खिलाफ सीमा शुल्क विभाग द्वारा दर्ज मामले को भी संज्ञान में लिया।

इंदिरा गांधी के आरएसएस के कई नेताओं से थे अच्छे संबंध, पर संघ से रखी दूरी

भाषा। नई दिल्ली

● किताब में खुलासा

पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ (आरएसएस) के कई नेताओं से अच्छे संबंध थे लेकिन उन्होंने सतर्कतापूर्ण संगठन से व्यक्तिगत दूरी रखी। एक नई किताब में यह दावा किया गया है। हाउ प्राइम मिनिस्टर्स डिसाइड नामक किताब के मुताबिक संघ नेताओं ने मदद के लिए इंदिरा गांधी से संपर्क किया और पूर्व प्रधानमंत्री ने अपने उद्देश्यों के लिए इन संबंधों का इस्तेमाल किया। पत्रकार नीरजा चौधरी ने यह किताब लिखी है और उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्रियों के काम करने के तरीके का विश्लेषण उनके ऐतिहासिक महत्व के छह फैसलों के आधार पर किया है। इन छह निर्णयों में इंदिरा गांधी की आपातकाल के बाद 1980 में सत्ता में वापसी की रणनीति, शाह बानो मामला, मंडल आयोग, बाबरी मस्जिद की घटना, अटल बिहारी वाजपेई की परमाणु परीक्षण की अनुमति और मनमोहन सिंह के कार्यकाल में भारत-अमेरिका परमाणु समझौता शामिल है। किताब में दावा किया गया है कि आरएसएस ने पूरे आपातकाल के दौरान इंदिरा गांधी के साथ मित्रवत संबंध रखा। चौधरी लिखती हैं, आरएसएस प्रमुख बालासाहेब देवरस ने कई बार उन्हें पत्र लिखा। कुछ आरएसएस नेताओं ने कपिल मोहन के जरिए संजय गांधी से संपर्क किया। अब 1977 में उन्हें यह देखना है कि कैसे प्रतिक्रिया करनी है लेकिन उन्हें बहुत सतर्क होकर काम करना होगा। चौधरी ने किताब में कहा, जिस तरह से आरएसएस नेता मदद के लिए उनसे संपर्क में थे, उन्होंने भी अपने हित के लिए आरएसएस का इस्तेमाल किया लेकिन सतर्कतापूर्वक संगठन से दूरी बनाए रखी। आरएसएस के विरोध के बावजूद आपातकाल में वह उसका समर्थन पाने में सफल रहीं। उन्होंने लिखा कि कांग्रेस के प्रति मुसलमानों की नाखुशी का अहसास होने पर वह अपनी राजनीति का हिंदूकरण करना चाहती थीं और जानती थी कि आरएसएस का मौन समर्थन या यहां तक उसका तटस्थ रूख भी इसमें सहायक होगा।

दुष्कर्म और बच्ची की हत्या का आरोपी पांच साल पहले भी पोक्सो के तहत गिरफ्तार हुआ था: केरल पुलिस

भाषा। कोच्चि

केरल में पांच साल की एक बच्ची से दुष्कर्म और फिर उसकी हत्या करने के आरोपी को पांच साल पहले भी दिल्ली में यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पोक्सो) अधिनियम के तहत एक मामले में गिरफ्तार किया गया था। केरल पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। अलुवा (ग्रामीण) पुलिस अधीक्षक विवेक कुमार ने संवाददाताओं को बताया कि अशफाक आलम अपराध के सिलसिले में दिल्ली में एक महीने तक जेल में रहा था और बाद में जमानत पर बाहर आ गया था।पुलिस अधीक्षक ने कहा, उसे 2018 में गाजीपुर पुलिस ने 10 वर्षीय बच्ची के यौन उत्पीड़न के प्रयास के आरोप में गिरफ्तार किया था। उन्होंने बताया कि राज्य पुलिस को पृष्ठभूमि की जांच करते समय उसके आपराधिक रिकॉर्ड का पता चला।पुलिस सूत्रों ने बताया कि यह पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि बिह

गिल, किशन, पंड्या और सैमसन चमके

● भारत ने वेस्टइंडीज को दिया बड़ा लक्ष्य

भाषा। तारोबा



सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल (85) और इशान किशन (77) की शानदार शुरूआत के बाद आखिरी ओवरों में कप्तान हार्दिक पांड्या (नाबाद 70) की तेजतर्रार पारी के दम पर भारत ने वेस्टइंडीज के खिलाफ तीन मैचों की श्रृंखला के तीसरे और निर्णायक मुकाबले में मंगलवार को यहां पहले बल्लेबाजी करते हुए पांच विकेट पर 351 रन बनाए। भारतीय टीम ने इस निर्णायक मैच एक बार फिर से नियमित कप्तान रोहित शर्मा और अनुभवी विराट कोहली को विश्राम देने का फैसला किया। गिल और किशन ने पहले विकेट के लिए 118 गेंद में 143 रन की साझेदारी कर बड़े स्कोर की नींव रखी। किशन ने 64 गेंद की पारी में आठ चौके और तीन छक्के लगाए जबकि गिल ने 92 गेंद की पारी में 11 चौके लगाए। गिल ने संजू सैमसन के साथ चौथे विकेट के लिए 53 गेंद में 69 रन की साझेदारी कर टीम के स्कोर को 200 के पार पहुंचाया। सैमसन ने 41 गेंद में 51 रन की आक्रामक पारी में दो चौके और चार छक्के लगाए। आखिरी ओवर में पंड्या ने तेजी से रन बनाने का मोर्चा संभाला और 52 गेंद की नाबाद पारी में चार चौके और पांच छक्के लगाए। उन्होंने सूर्यकुमार यादव (35) के साथ पांचवें विकेट के लिए 49 गेंद में 65 रन और रविंद्र जडेजा (नाबाद आठ) 19 गेंद में 42 रन की अटूट साझेदारी की। सूर्यकुमार ने 30 गेंद की पारी में दो चौके और दो छक्के लगाए। वेस्टइंडीज के लिए रोमारियो शेफर्ड ने दो जबकि अल्जारी जोसेफ, यानिक कारियाह और गुडाकेश मोती ने एक-एक विकेट लिए। मोती ने अपने 10 ओवर में सिर्फ 38 रन दिए। किशन ने पहले ओवर में ही जेडेन सील्स के खिलाफ चौका जड़ा लेकिन अगले ओवर में काईल मायर्स की गेंद पर बैकवर्ड प्वाइंट पर केसी कार्टी ने उनका आसान कैच टपका दिया। शन ने मायर्स के अगले ओवर में दो चौके के साथ इसका फायदा उठाया। दूसरे छोर से गिल ने तीसरे और पांचवें ओवर में सील्स के खिलाफ कुल तीन चौके जड़कर हाथ खोला और फिर आठवें ओवर में मायर्स की गेंद पर चौके के साथ टीम का अर्धशतक पूरा किया। उन्होंने नौवें ओवर में अल्जारी जोसेफ के खिलाफ तीन चौके लगाए। टीम ने इस ओवर से 17 रन बटोरे। पावर प्ले के बाद टीम का बिना किसी नुकसान के 73 रन था।

स्कोरबोर्ड

भारत पारी : किशन स्टं. होप बो कारियाह 77,गिल का कारियाह बो मोती 85, गायकवाड़ का किंग बो जोसेफ 08,सैमसन का हेटमायर बो शेफर्ड 51,हार्दिक पंड्या नाबाद 70सूर्यकुमार का कारियाह बो शेफर्ड 35, जडेजानाबाद 08,**अतिरिक्तः** (लेग बाई : 05, वाइडः 12) 17,**कुल योगः** (50 ओवर में पांच विकेट पर) 351 रन,विकेट पतनः 1-143, 2-154, 3-223, 4-244, 5-309 , **गेंदबाजी** : सील्स8-0-75-0,काइल मायर्स 4-0-25-0, अल्जारी जोसफ 10-0-77-1, गुडाकेश मोती ,10-1-38-1,शेफर्ड 0-0-73-2, कारियाह 8-0-58-1

दिल्ली कुश्ती के प्रमुख जय प्रकाश डब्ल्यूएफआई अध्यक्ष पद की दौड़ में

नई दिल्ली। कुश्ती की दिल्ली राज्य इकाई के प्रमुख जय प्रकाश ने भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के 12 अगस्त को होने वाले चुनावों के लिए अध्यक्ष सहित तीन पद के लिए नामांकन दाखिल किया है। निर्वाचन अधिकारी ने मंगलवार को उम्मीदवारों की आधिकारिक सूची जारी की। प्रकाश के अलावा उत्तर प्रदेश कुश्ती संघ के उपाध्यक्ष संजय सिंह, जम्मू-कश्मीर के वरिष्ठ पुलिस महानिरीक्षक दुष्यंत शर्मा और 2010 राष्ट्रमंडल खेलों की स्वर्ण पदक विजेता अनीता श्योराण अध्यक्ष पद के लिए दावेदारी पेश कर रहे हैं।प्रकाश और संजय डब्ल्यूएफआई के निवर्तमान अध्यक्ष बृज भूषण के गुट से हैं। बृज भूषण के खिलाफ यौन उत्पीड़न के मामले में गवाहों में शामिल अनीता ओडिशा का प्रतिनिधित्व कर रही हैं। यह 38 वर्षीय हालांकि हरियाणा की है और राज्य पुलिस में नौकरी करती है। निर्वाचन अधिकारी और जम्मू-कश्मीर उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश महेश मित्तल कुमार ने मंगलवार को 15 पदों के लिए उम्मीदवारों की आधिकारिक सूची की घोषणा की।

होप और थॉमस की वेस्टइंडीज की टी-20 टीम में वापसी

पोर्ट ऑफ स्पेन। वेस्टइंडीज ने भारत के खिलाफ गुरुवार से तरौबा में होने वाली पांच टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैचों की श्रृंखला के लिए विकेटकीपर बल्लेबाज शाई होप और तेज गेंदबाज ओशाने थॉमस को अपनी 15 सदस्ईय टीम में शामिल किया है। क्रिकेट वेस्टइंडीज ने कहा कि रोवमैन पॉवेल की अगुवाई वाली यह 15 सदस्ईय टीम सभी मैचों के लिए दौरा करेगी लेकिन प्रत्एक मैच के लिए 13 खिलाथ्ड़यों का चयन किया जाएगा, जिनमें से अंतिम एकादश चुनी जाएगी। भारत के खिलाफ तीन एकदिवसीय मैचों की श्रृंखला में वेस्टइंडीज की टीम की कप्तानी करने वाले 29 वर्षीय होप ने अपना अंतिम टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच पिछले साल फरवरी में भारत दौरे के दौरान कोलकाता में खेला था। दूसरी तरफ 26 वर्षीय थॉमस ने अपना आखिरी टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच दिसंबर 2021 में कराची में खेला था। काइल मायर्स को टीम का उप कप्तान नियुक्त किया गया है। वेस्टइंडीज की चयन समिति के अध्यक्ष डेसमंड हेंस ने कहा कि टीम का चयन अगले साल घरेलू धरती पर होने वाले आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप को ध्यान में रखकर किया गया है।उन्होंने कहा, हम विभिन्न योजनाओं पर काम कर रहे हैं क्योंकि हम सही संयोजन की तलाश में है। हम ऐसी टीम तैयार करना चाहते हैं जिसको लेकर हमें विश्वास होगा कि वह अगले साल हमारी मेजबानी में होने वाले वैश्विक टूर्नामेंट में अपनी भूमिका अच्छी तरह से निभा सके। त्रिनिदाद के तरौबा में ब्रायन लारा क्रिकेट अकादमी गुरुवार को पहले मैच की मेजबानी करेगी। इसके बाद दोनों टीमें गयाना नेशनल स्टेडियम जाएंगी जहां छह और आठ अगस्त को दूसरा और तीसरा मैच खेला जाएगा। इस श्रृंखला का चौथा और पांचवां मैच अमेरिका के फ्लोरिडा स्थित लॉडरहिल में खेले जाएंगे। भारत के खिलाफ पांच टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचो के लिए वेस्टइंडीज की टीम इस प्रकार हैः रोवमैन पॉवेल (कप्तान), काइल मायर्स (उप-कप्तान), जॉनसन चार्ल्स, रोस्टन चेज़, शिमरोन हेटमायर, जेसन होल्डर, शाई होप, अकील होसेन, अल्ज़ारी जोसेफ, ब्रैंडन किंग, ओबेड मैकक्वॉय, निकोलस पूरन, रोमारियो शेफर्ड, ओडियन स्मिथ, ओशाने थॉमस

स्वितोलिना ने अजारेंका को हराया, हाथ नहीं मिलाए

भाषा। वाशिंगटन

यूक्रेन की एलिना स्वितोलिना ने डीसी ओपन टेनिस टूर्नामेंट में बेलारूस की विक्टोरिया अजारेंका को सीधे सेटों में हराने के बाद अपनी इस प्रतिद्वंदी से हाथ नहीं मिलाए।स्वितोलिना ने सोमवार को खेले गए पहले दौर के इस मैच में 7-6 (2), 6-4 से जीत दर्ज की। यूक्रेन में युद्ध के दौरान स्वितोलिना और उनके देश की अन्य खिलाड़ियों ने रूस और बेलारूस की अपनी प्रतिद्वंद्वियों से हाथ मिलाने से परहेज की है। रूस ने फरवरी 2022 में बेलारूस की मदद से यूक्रेन पर हमला किया था और यह युद्ध अभी जारी है। स्वितोलिना और अजारेंका के बीच मैच से पहले ही दर्शकों को बता दिया गया था कि दोनों खिलाड़ी मैच के बाद एक दूसरे से हाथ नहीं मिलाएंगे। टेनिस में मैच समाप्त होने के बाद खिलाड़ी आपस में हाथ मिलाते हैं लेकिन स्वितोलिना और अजारेंका ने केवल चेयर अंपायर से हाथ मिलाया। स्वितोलिना के इस कदम की कुछ दर्शकों ने सराहना भी की।

तैराकी के 49 खिलाड़ी चयनित

लखनऊ। सब जूनियर और जूनियर राज्य स्तरीय समन्वय तैराकी प्रतियोगिता2023 और लखनऊ मंडल प्रतिभागियों की सूची जारी कर दी गई। राज्य स्तरीय तैराकी प्रतियोगिता-2023 गुरु गोविंद सिंह स्पोर्ट्स कॉलेज में आयोजित होने जा रही है। यह प्रतियोगिता 3 अगस्त से 6 अगस्त खेली जाएगी। इस प्रतियोगिता में उत्तर प्रदेश के सभी मण्डलों के भाग लेंगे। प्रत्येक स्पर्धा के पदक विजेताओं स्वर्ण,रजत और कांस्य को यूपी के खेल विभाग द्वारा घोषित क्रमशः 700, 600, और 500. रुपये का नकद पुरस्कार मिलेगा। लखनऊ मंडल प्रतिभागियों की सूची 27 लड़के और 22 लड़कियों समेत कुल 49 खिलाडी इस राज्य स्तरीय कार्यक्रम में भाग लेंगे।

भारत की महिलाओं को 50 मीटर पोजिशन टीम स्पर्धा में स्वर्ण

चेंगडू। आशी चौक्से, मानिनी कौशिक और सिफ्त कौर समरा की भारतीय तिक्ड़ी ने विश्व विश्वविद्यालय खेलो मे मंगलवार को यहां महिलाओ की 50 मीटर राइफल 3 पोजिशन टीम स्पर्धा मे स्वर्ण पदक जीता। खेलो के पांचवे दिन आशी, मानिनी और सिफ्त ने प्रभावशाली प्रदर्शन करते हुए 3527 अंक बनाकर चीन (3525) और चेक गणराज्य (3499) से आगे शीर्ष स्थान हासिल किया। इस बीच पुरुषो की 10 मीटर एयर पिस्टल टीम स्पर्धा मे अर्जुन सिंह चीमा, वरुण तोमर और अनमोल जैन की भारतीय तिक्ड़ी ने 1730 अंक हासिल करके कांस्य पदक हासिल किया।

बौज़कोवा पहले दौर में बाहर

प्राग। मौजूदा चैंपियन और शीर्ष वरीयता प्राप्त मैरी बौज़कोवा प्राग ओपन टेनिस टूर्नामेंट के पहले दौर मे जैकलिन क्रिस्टियन से तीन सेट तक चले मैच मे हार कर बाहर हो गई। रोमानिया की गैर वरीयता प्राप्त खिलाड़ी क्रिस्टियन ने चेक गणराज्य की बौज़कोवा को 6-4, 4-6, 6-4 से हराकर उलटफेर का शिकार बनाया। यह उनकी अपनी इस प्रतिद्वंदी पर पहली जीत है। एक अन्य गैर वरीयता प्राप्त खिलाड़ी स्लोवाकिया की विक्टोरिया हुनकाकोवा ने चीन की सातवी वरीयता प्राप्त जन्यिू वांग को 3-6, 6-3, 7-6 (5) से हराकर उलटफेर किया। यूक्रेन की आठवी वरीयता प्राप्त कैटरीना बैंडल ने हमवतन डयाना यास्त्रेम्स्का को 6-4, 2-6, 6-2 से हराया।

वरीयता प्राप्त खिलाड़ियों ने आसान जीत दर्ज की

चेन्नई। वरीयता प्राप्त खिलाड़ियो को मंगलवार को यहां इंडियम एआईटीए (अखिल भारतीय टेनिस महासंघ) टेनिस चैंपियनशिप मे पुरुष एकल के शुरुआती दौर मे आसान जीत दर्ज की। वरीयता प्राप्त शीर्ष तीन खिलाड़ी पश्चिम बंगाल के नितिन कुमार सिन्हा, तमिलनाडु के वी एम रंजीत और तेलंगाना के विष्णु वर्धन ने सीधे सेटो मे जीत दर्ज की।अनुभवी रणजीत ने अभिनव संजीव को 6-4, 6-4 से हराया, जबकि सिन्हा और वर्धन ने अपने प्रतिद्वंद्वियो के खिलाफ क्रमशः तीन और चार गेम गंवाए। हिला वर्ग मे मृदुला पलानिवेल ने गुजरात की छठी वरीयता प्राप्त रिया उबोवेजा को तीन सेटो मे शिकस्त दी।

पल्लवी, कृष्णा को एशियाई भारोत्तोलन में रजत पदक जीता

ग्रेटर नोएडा। भारतीय भारोत्तोलको ने एशियाई युवा और जूनियर भारोत्तोलन चैंपियनशिप मे प्रतियोगिता के पांचवे दिन मंगलवार को दो रजत और एक कांस्य पदक जीता। पल्लवी सनपति ने 64 किग्रा जूनियर महिला वर्ग मे कुल 196 किग्रा (स्नैच मे 87 किग्रा और क्लीन एवं जर्क मे 109 किग्रा) उठाकर रजत पदक जीता। ईरान की फतेमेह केशवर्ज ने कुल 197 किग्रा (86ू111 किग्रा) वजन उठाकर स्वर्ण पदक जीता, जबकि उज्बेकिस्तान की मदीनाबोनू जुरेवा ने कुल 190 किग्रा वजन उठाकर कांस्य पदक जीता। बी वेंकट कृष्णा भी पुरुषो के 73 किग्रा युवा वर्ग मे पोडियम पर दूसरे स्थान पर रहे।

उत्तर क्षेत्र की पूर्वोत्तर पर बड़ी जीत में चमके मारकंडे व राणा

● देवधर ट्रॉफी

पुडुचेरी। उत्तर क्षेत्र में अपने ऑलराउंड खेल का शानदार नमूना पेश करते हुए देवधर ट्रॉफी क्रिकेट प्रतियोगिता के राउंड रोबिन मैच में मंगलवार को यहां पूर्वोत्तर क्षेत्र को नौ विकेट से करारी शिकस्त दी। उत्तर क्षेत्र ने पूर्वोत्तर क्षेत्र को 32.1 ओवर में 101 रन पर आउट कर दिया और फिर उसके बाद केवल 12.5 ओवर में एक विकेट पर 102 रन बनाकर बड़ी जीत दर्ज की।उत्तर क्षेत्र की तरफ से स्पिनर मयंक मारकंडे ने 14 रन देकर चार जबकि तेज गेंदबाज मयंक यादव ने 21 रन देकर तीन विकेट लिए। उनके अलावा तेज गेंदबाज वैभव अरोड़ा और ऋषि धवन तथा बाएं हाथ के स्पिनर निशांत सिंधू ने एक-एक विकेट लिया।पूर्वोत्तर क्षेत्र की तरफ से कप्तान लैंग्लोन्याम्बा मीतान कीशांगबाम ही टिक कर खेल पाए। उन्होंने 69 गेंदों पर 36 रन बनाए।उत्तर क्षेत्र की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने सलामी बल्लेबाज शुभम खजुरिया (06) का विकेट तीसरे ओवर में ही गंवा दिया। इसके बाद प्रभसिमरन सिंह और हिमांशु राणा ने दूसरे विकेट के लिए 93 रन की अटूट साझेदारी करके टीम को लक्ष्य तक पहुंचाया। प्रभसिमरन ने 35 गेंदों पर सात चौकों और एक छक्के की मदद से नाबाद 40 जबकि राणा ने 33 गेंदों पर नाबाद 52 रन बनाए जिसमें नौ चौके और एक छक्का शामिल है। उत्तर क्षेत्र की पांच मैचों में यह केवल दूसरी जीत है और वह चौथे स्थान पर है। पूर्वोत्तर क्षेत्र ने अभी तक आपने सभी पांचों मैच गंवाए हैं।

पराग और मूरासिंह ने पूर्व क्षेत्र को पश्चिम क्षेत्र पर 157 रन की जीत दिलाई

भाषा। पुडुचेरी

रियान पराग के तीन मैच में दूसरे शतक और मणिशंकर मूरासिंह के पांच विकेट की बदौलत पूर्व क्षेत्र ने मंगलवार को यहां देवधर ट्रॉफी एकदिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट के लीग मैच में पश्चिम क्षेत्र को 157 रन से हरा दिया। पराग ने सिर्फ 68 गेंद में पांच छक्कों और छह चौकों से नाबाद 102 रन की पारी खेली जिससे पूर्व क्षेत्र ने 50 ओवर में सात विकेट पर 319 रन का स्कोर खड़ा किया। मूरासिंह ने इसके बाद सात ओवर में 28 रन देकर पांच विकेट चटकाए जिससे पश्चिम क्षेत्र की टीम 34 ओवर में सिर्फ 162 रन पर ढेर हो गई। उत्कर्ष सिंह ने भी पूर्व क्षेत्र की ओर से अर्धशतक जड़ने के साथ तीन विकेट चटकाए। कुमार कुशाग्र (47 गेंद में 53 रन, छह चौके) ने भी अर्धशतक जड़ा। पश्चिम क्षेत्र की ओर से सौराष्ट्र के सलामी बल्लेबाज हार्विक देसाई ही टिककर बल्लेबाजी कर पाए। उन्होंने 92 गेंद में 13 चौकों और दो छक्कों से 92 रन की पारी खेली लेकिन अपनी टीम को हार से नहीं बचा पाए। लक्ष्य पीछा करते हुए पश्चिम क्षेत्र ने तीसरे औवर में ही समर्थ व्यास (12) का विकेट गंवाया जिन्हें आकाश दीप ने पवेलियन भेजा। तेज गेंदबाज मूरासिंह ने पारी के पांचवें और अपने पहले ओवर में राहुल त्रिपाठी (01) को पगबाधा किया। मूरासिंह ने अपने अगले ओवर में सरफराज खान (03) को बोल्ड किया और फिर इसके अगले ओवर में कथन पटेल को पराग के हाथों कैच कराया। मूरासिंह ने पारी के 12वें ओवर में शिवम दुबे का कैच अपनी ही गेंद पर लपककर पश्चिम क्षेत्र की हार लगभग तय कर दी। शम्स मुलानी (12) और अतीत सेठ (18) ने देसाई के साथ मिलकर हार को कुछ देर टाला लेकिन पूर्व क्षेत्र को जीतने से नहीं रोक पाए। पश्चिम क्षेत्र के कप्तान प्रियांक पांचाल चोटिल होने के कारण 11वें नंबर पर बल्लेबाजी करने उतरे।

मध्य क्षेत्र को हराकर दक्षिण क्षेत्र फाइनल में पहुंचा

पुडुचेरी। युवा बल्लेबाज साई सुदर्शन की नाबाद 132 रन की पारी के दम पर दक्षिण क्षेत्र ने देवधर ट्रॉफी के मैच मे मंगलवार को यहां मध्य क्षेत्र को सात विकेट से हराकर फाइनल मे अपनी जगह पक्की की। फाइनल मे दक्षिण क्षेत्र के सामने पूर्व क्षेत्र की चुनौती होगी। यह मुकाबला गुरुवार को खेला जाएगा।क्षिण क्षेत्र की लगातार पांचवी जीत है और टीम 20 अंको के साथ तालिका मे शीर्ष स्थान पर है। पूर्व क्षेत्र 16 अंक के साथ दूसरे स्थान पर रहा। उसने दिन के एक अन्य मुकाबले मे पश्चिम क्षेत्र को 157 रन से हराया। ध्य क्षेत्र ने पहले बल्लेबाजी करते हुए यश दुबे के 77 रन की पारी के दम पर नौ विकेट पर 261 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करते हुए दक्षिण क्षेत्र के लिए रोहन कुनुमल ने 27 गेंद की पारी मे तीन चौके की मदद से 23 रन बनाए। नारायण जगदीशन हालांकि 19 रन का ही योगदान दे सके। ुदर्शन को इसके बाद रोहित रायुडु (37) और वाशिंगटन सुंदर (नाबाद) का अच्छा साथ मिला।

अजहरुद्दीन एचसीए अध्यक्ष पद के दूसरे कार्यकाल के लिए लड़ेंगे चुनाव, भ्रष्टाचार खत्म करने का वादा

नई दिल्ली। भारत के पूर्व कप्तान मोहम्मद अजहरुद्दीन ने हैदराबाद क्रिकेट संघ (एचसीए) मे अध्यक्ष पद के लगातार दूसरे कार्यकाल के लिए चुनाव लड़ने की घोषणा के साथ इस क्रिकेट संघ मे भ्रष्टाचार को खत्म करने का मंगलवार को वादा किया। एचसीए के उच्चतम न्यायालय द्वारा नियुक्त प्रशासक न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) एल नागेश्वर राव द्वारा हितो के टकराव के कारण 57 क्लबो को एचसीए चुनावो मे चुनाव लड़ने या मतदान करने से रोक लगाने के एक दिन बाद अजहरुद्दीन ने एक और कार्यकाल के लिए अपनी उम्मीदवारी की घोषणा की। अगले महीने चुनाव होने की संभावना है। एचसीए को देश के सबसे भ्रष्ट क्रिकेट संघो मे से एक माना जाता है। अजहरुद्दीन को 2019 मे एचसीए अध्यक्ष नियुक्त किया गया था, लेकिन उनका कार्यकाल इस साल की शुरुआत मे राव की नियुक्ति के साथ समाप्त हुआ था। एचसीए का शीर्ष परिषद का कामकाज भी अंदरूनी कलह और अदालती मामलो से प्रभावित हुआ। अजहरुद्दीन ने वादा किया कि अगर वह पद पर दोबारा काबिज होते है तो एचसीए को भ्रष्टाचार की छाया से बाहर निकालने की कोशिश करेंगे। उन्होने पीटीआई-भाषा से कहा, मै चुनाव लड़ूंगा जो 15 सितंबर तक होने की उम्मीद है। मुझे बहुत खुशी है कि ऐसा हुआ है (क्लबो पर रोक) क्योकि पिछले 14 वर्षो से यही स्थिति बनी हुई थी। संघ को (क्लब सांठगांठ के कारण) काम करने की अनुमति नही दी जा रही थी। अब इसमे काफी सुधार होगा। मै किसी क्लब का मालिक नही हूं। एक अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी के तौर पर मुझे चुनाव लड़ने की अनुमति है। एचसीए को भारत मे होने वाले एकदिवसीय विश्व कप के तीन मैचो के अलावा दो अभ्यास मैचो की मेजबानी सौपी गई है।

भारत के युवा खिलाड़ियों को वनडे प्रारूप में पारी को आगे बढ़ाना सीखना होगाः ओझा

मुंबई। पूर्व स्पिनर प्रज्ञान ओझा का मानना है कि घरेलू सरजमी पर खेले जाने वाले एकदिवसीय विश्व कप से पहले भारतीय टीम के युवा बल्लेबाजो को अपनी पारी को गति देना सीखना चाहिए। वेस्टइंडीज दौरे पर पहले वनडे मे 114 रनो के लक्ष्य का सफलतापूर्वक पीछा करते हुए भारत ने पांच विकेट गंवा दिए थे। नियमित कप्तान रोहित शर्मा और अनुभवी विराट कोहली की गैरमौजूदगी मे टीम को दूसरे एकदिवसीय मे हार का सामना करना पड़ा।ओझा ने जियो सिनेमा द्वारा आयोजित बातचीत मे कहा, कुछ चीजो पर ध्यान देना बहुत महत्वपूर्ण है। टीम मे जो बल्लेबाज नए है उन्हे पता होना चाहिए कि अपनी पारी को कैसे गति देनी है। यह अब तक की सबसे बड़ी चुनौती है। भारत के पास 2011 मे ऐसे खिलाड़ी थे जो जानते थे कि अपनी पारी को कैसे गति देनी है और उनकी भूमिका क्या है। लेकिन इतनी सारी चोटो और बदलावो के कारण, यह एक अलग चुनौती है जिसका भारतीय टीम अभी सामना कर रही है। भारत के लिए 24 टेस्ट, 18 वनडे और छह टी20 मैच खेलने वाले ओझा ने कहा कि श्रेयस अय्यर और केएल राहुल जैसे कुछ प्रमुख खिलाड़ियो की अनुपलब्धता विश्व कप के लिए टीम की तैयारी मे बाधा डाल सकती है। जब आप 2011 के बारे मे बात करते है, तो उस टीम के अधिकांश खिलाडियो ने 70-80 से ज्यादा मैच खेले थे। हर बार सभी अनुभवी खिलाड़ियो को उपलब्ध रखना आसान नही होगा। यही कारण है कि भारत अलग-अलग तरह की चुनौतियो का सामना कर रहा है।

जडेजा ने कपिल की अहंकारी वाली टिप्पणी पर कहा, जब भारत हारता है तो लोग ऐसी प्रतिक्रिया करते हैं

तरौबा। भारत के स्टार ऑलराउंडर रविंद्र जडेजा ने पूर्व कप्तान कपिल देव की खिलाड़ियो के अहंकारी बनने वाली टिप्पणी पर कहा कि जब भारत मैच हारता है तो लोग इस तरह की प्रतिक्रिया करते है। कपिल ने हाल मे कहा था कि वर्तमान भारतीय टीम मे अहंकार भर गया है और खिलाड़ी समझने लगे है कि उन्हे सब कुछ आता है।जडेजा ने वेस्टइंडीज के खिलाफ तीसरे एकदिवसीय मैच से पहले पत्रकारो से कहा कि टीम का ध्यान केवल मैच जीतने पर है और उनका कोई निजी एजेडा नही है। उन्होने कहा, हर किसी की अपनी राय होती है। पूर्व खिलाड़ियो को अपने विचार साझा करने का पूरा अधिकार है लेकिन मै नही मानता कि इस टीम मे किसी तरह का अहंकार है। जडेजा ने कहा, प्रत्एक खिलाड़ी अपनी क्रिकेट का आनंद ले रहा है और प्रत्एक कड़ी मेहनत कर रहा है। कोई भी खिलाड़ी किसी चीज को तय मानकर नही चल रहा है। वे अपना शत प्रतिशत योगदान दे रहे है। जब भारतीय टीम मैच हारती है तो इस तरह की प्रतिक्रियाएं होती है। उन्होने कहा, यह खिलाड़ियो का अच्छा समूह है। हम भारत का प्रतिनिधित्व कर रहे है और यही हमारा मुख्य उद्देश्य है। किसी का कोई निजी एजेडा नही है। जडेजा ने इसके साथ ही कहा कि वेस्टइंडीज के खिलाफ एकदिवसीय श्रृंखला मे प्रयोग करने के बावजूद 30 अगस्त से शुरू होने वाले एशिया कप के लिए अंतिम एकादश पहले ही तय हो चुकी है। भारत ने दूसरे वनडे मैच मे नियमित कप्तान रोहित शर्मा और स्टार बल्लेबाज विराट कोहली को विश्राम दिया था। भारत यह मैच छह विकेट से हार गया था। उसने पहला मैच पांच विकेट से जीता था। जडेजा ने कहा, यह श्रृंखला एशिया कप और विश्वकप से पहले हो रही है जिसमे कि हम प्रयोग कर सकते है। इसमे हम नए संयोजन आजमा सकते है। इससे हमे टीम के संतुलन, मजबूत और कमजोर पक्षो के बारे मे पता चल जाएगा। कप्तान और टीम प्रबंधन जानता है कि वे किस संयोजन के साथ खेलेंगे।

बीडब्ल्यूएफ रैंकिंग में प्रणय नौवें और लक्ष्य 11वें स्थान पर पहुंचे

नई दिल्ली। भारत के स्टार खिलाड़ी एचएस प्रणय और लक्ष्य सेन जापान ओपन के सेमीफाइनल में पहुंचने के कारण विश्व बैडमिंटन महासंघ (बीडब्ल्यूएफ) की नवीनतम विश्व रैंकिंग में मंगलवार को क्रमशः नौवें और 11वें स्थान पर पहुंच गए। प्रणय जहां एक स्थान आगे बढ़े हैं वहीं सेन की रैंकिंग में दो स्थान का सुधार हुआ है। प्रणय पिछले सप्ताह तोक्यो में जापान ओपन के सेमीफाइनल में डेनमार्क के विक्टर एक्सेलसेन जबकि सेन इंडोनेशिया के जोनाथन क्रिस्टी से हार गए थे। विश्व के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी किदांबी श्रीकांत भी एक पायदान आगे 19वें स्थान पर पहुंच गए हैं जबकि राष्ट्रीय चैंपियन मिथुन मंजूनाथ चार पायदान चढ़कर 50वें स्थान पर काबिज हो गए हैं। ओलंपिक में दो बार की पदक विजेता पीवी सिंधू पहले की तरह 17वें स्थान पर बनी हुई हैं जबकि सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की पुरुष युगल जोड़ी दूसरे स्थान पर है। त्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद की महिला युगल जोड़ी दो पायदान ऊपर 17वें स्थान पर पहुंच गई है।

त्रीसा-गायत्री की जोड़ी ऑस्ट्रेलिया ओपन के दूसरे दौर में

सिडनी। राष्ट्रमंडल खेलो की कांस्य पदक विजेता त्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद की जोड़ी ने कैथरीन चोई और जोसेफाइन वू की कनाडा की जोड़ी को मंगलवार को यहां सीधे गेम मे हराकर ऑस्ट्रेलिया ओपन सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट के महिला युगल के दूसरे दौर मे जगह बनाई।त्रीसा और गायत्री की दुनिया की 17वे नंबर की जोड़ी ने पहले दौर मे चोई और वू की दुनिया की 29वे नंबर की जोड़ी को 21-16 21-17 से हराया।त्रीसा और गायत्री की अगले दौर मे हालांकि राह आसान नही होगी। इस भारतीय जोड़ी को अगले दौर मे मायु मात्सुमोतो और वकना नागाहारा की जापान की दुनिया की चौथे नंबर की जोड़ी से भिड़ना है।चार साल बाद टूर्नामेंट मे खेल रही अश्विनी पोनप्पा और उनकी जोड़ीदार तनीषा क्रास्टो को पेब्रियाना विपुजी कुसुमा और एमेलिया कहाया प्रातिवी की इंडोनेशिया की जोड़ी के खिलाफ 11-21 21-14 17-21 से हार झेलनी पड़ी। एन सिक्की रेड्डी और ए सारा सुनील की महिला युगल जोड़ी को भी सू यिन हुई और ली चीह चेन की ताइवान की जोड़ी के खिलाफ पहले दौर मे 14-21 17-21 से हार झेलनी पड़ी।

छेत्री, झिंगन, गुरप्रीत एशियाई खेलों के लिए भारतीय फुटबॉल टीम में

भाषा। नई दिल्ली

करिश्माई खिलाड़ी सुनील छेत्री, सीनियर डिफेंडर संदेश झींगन और सीनियर गोलकीपर गुरप्रीत सिंह संधू को मंगलवार को एशियाई खेलों के लिए भारत की 22 सदस्ईय फुटबॉल टीम में शामिल किया गया। चीन के हांगझोउ में होने वाले एशियाई खेलों में टीम राष्ट्रीय टीम के मुख्य केच इगोर स्टिमक के मार्गदर्शन में खेलेगी। पीटीआई ने पहले खबर दी थी कि अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) छेत्री के नेतृत्व में और 1998 में विश्व कप सेमीफाइनल में जगह बनाने वाली क्रोएशियाई टीम के सदस्य स्टिमक के मार्गदर्शन में एशियाई खेलों में अपनी शीर्ष टीम भेजने को लेकर उत्साहित था। पता चला है कि भारतीय को एशियाई खेलों के आयोजकों और एशियाई ओलंपिक परिषद से मंजूरी मिल गई है।हांगझोउ खेलों में भारतीय पुरुष और महिला फुटबॉल टीम की भागीदारी पहले संदेह में थी क्योंकि खेल मंत्रालय ने पात्रता तय की थी कि महाद्वीप में शीर्ष आठ में शामिल टीम को ही खेलों के लिए भेजा जाएगा।एआईएफएफ की अपील के बाद हालांकि मंत्रालय ने बाद में पात्रता नियमों में ढील देखकर दोनों टीम को स्वीकृति दे दी। मुख्य कोच इगोर स्टिमक ने भी इस मामले में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से हस्तक्षेप की मांग की थी।भारतीय पुरुष टीम को ग्रुप ए में मेजबान चीन, बांग्लादेश और म्यांमार के साथ रखा गया है। टूर्नामेंट में 23 टीम हिस्सा ले रही हैं जिन्हें छह ग्रुप में बांटा गया है। ग्रुप ए, बी, सी, ई और एफ में चार-चार टीम को जगह मिली है जबकि ग्रुप डी में तीन टीम हैं।

लॉरेन के दो गोल की मदद से इंग्लैंड ने चीन को 6-1 से रौंदा महिला विश्व कप

भाषा। सिडनी

लॉरेन जेम्स के शानदार खेल के दम पर इंग्लैंड मंगलवार को यहां चीन को 6-1 से हराकर महिला विश्व कप फुटबॉल के नॉकआउट चरण में पहुंच गया। जेम्स ने दो गोल करने के साथ तीन गोल में सहायक की भूमिका निभाई। चेल्सी की अग्रिम पंक्ति की इस खिलाड़ी ने दो शानदार स्ट्राइक के साथ टूर्नामेंट का अपना दूसरा और तीसरा गोल किया। यूरोपीय चैंपियन इंग्लैंड की टीम लगातार तीन जीत के साथ ग्रुप डी में शीर्ष पर रही। एलेसिया रुसो, लॉरेन हेम्प, स्थानापन्न क्लो केली और राचेल डेली ने भी इंग्लैंड के लिए गोल किए। चीन की वांग शुआंग ने पेनल्टी स्पॉट से एक गोल किया।

यूपी पुलिस के जयदीप को रजत

● वर्ल्ड पुलिस एण्ड फायर गेम्स

लखनऊ। उत्तर प्रदेश पुलिस स्पोर्ट्स कण्ट्रोल बोर्ड उत्तर प्रदेश पुलिस स्पोर्ट्स कण्ट्रोल बोर्ड उत्तर प्रदेश पुलिस स्पोर्ट्स कण्ट्रोल बोर्ड महानगर लखनऊ के अनुसार वर्ल्ड पुलिस एण्ड फायर गेम्स 2023 का आयोजन 28 जुलाई से 6 अगस्त तक विनीपेग कनाडा में आयोजित किया जा रहा है। जिसमें उत्तर प्रदेश पुलिस के आरक्षी जयदीप कुशवाहा चतुर्थ वाहिनी पीएसी प्रयागराज भारतीय पुलिस टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए आर्चरी स्पर्धा के इण्डियन राउण्ड के 60 मीटर, 50 मीटर और 40 मीटर स्पर्धा में प्रतिभाग करते हुए सिल्वर(रजत) पदक अर्जित किया गया है। पदक जयदीप कुशवाहा ने वर्ष 2016 में जनरल कोटे के अन्तर्गत भर्ती होने के पश्चात नियुक्ति 04वीं व